वर्ष 69 ▸ अंक 197 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2083
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> मरने के लिए स्वयंसेवक बनने वाले लोग ढूंढना आसान है, लेकिन धैर्य के साथ पीड़ा सहने को तैयार लोग मिलना मुश्किल है।
> - जूलियस सीजर

## एमपी बोर्ड: 10वीं 73.42 और 12वीं का रिजल्ट 76%

# 10वीं- पन्ना की प्रतिभा और 12वीं- भोपाल की खुशी राय व चांदनी विश्वकर्मा अव्वल

**भोपाल, जेएनएन।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड ) ने कक्षा 10वीं परीक्षा 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस बार 73.42 फीसदी छात्र पास हुए। परिणाम में सबसे बड़ी खासियत यह रही कि टॉप-10 में रिकॉर्ड 378 छात्रों ने जगह बनाई, जबकि टॉप-5 में ही 39 विद्यार्थी शामिल रहे।



प्रतिभा सोलंकी

पन्ना जिले की प्रतिभा सोलंकी ने 500 में से 499 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान 498 अंक के साथ अक्षरा घोडेश्वर (बालाघाट) और अभय गुप्ता (सीधी) ने हासिल किया। वहीं तीसरे स्थान पर 497 अंक के साथ 7 स्टूडेंट और चौथे स्थान पर 496 अंक के साथ 12 स्टूडेंट रहे। 17 स्टूडेंट्स ने 495 अंक हासिल किए। 490 से 494 अंक हासिल करने वालों में 342 स्टूडेंट शामिल रहे। जिलावार परिणाम में अनूपपुर 93.85 फीसदी के साथ पहले और आलीराजपुर 92.14 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर रहा। यह परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च के बीच हुई थी, जिसमें कुल 8,97,061 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें 7,87,733 नियमित और 1,09,328 प्राइवेट थे। इस बार एमपी बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 2,89,693 छात्र फेल हुए हैं और परीक्षा में 47 नकल के केस सामने आए।

इस साल पूरक परीक्षा की जगह द्वितीय अवसर परीक्षा लागू की गई है। पूरक परीक्षा 7 मई 2026 से शुरू होगी। इसमें फेल, अनुपस्थित और अंक सुधारने वाले छात्र शामिल हो सकेंगे।

### लड़कियों ने बाजी मारी

**77.52 फीसदी छात्राएं पास**
**69.31 फीसदी छात्र पास**

मेरिट लिस्ट में भी 235 छात्राएं और 143 छात्र शामिल हैं, जिससे स्पष्ट है कि बेटियां लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

### सरकारी स्कूल आगे

| | |
|---|---|
| सरकारी स्कूल रिजल्ट | : 76.80 फीसदी |
| निजी स्कूल रिजल्ट | : 68.64 फीसदी |

### बड़े शहरों का प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| भोपाल | : 64.20% (औसत से कम) |
| इंदौर | : 67.56% (बेहतर पर टॉप से पीछे) |
| जबलपुर | : 73.86% (मध्यम प्रदर्शन) |
| ग्वालियर | : 60.87% (कमजोर प्रदर्शन) |
| उज्जैन | : 75.18% (टॉप-10 से बाहर) |



सिंगरौली जिले के नगवा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के छात्र अवनीश ने 500 में से 497 अंक प्राप्त किए। प्रदेश की मेरिट लिस्ट में उसने तीसरा स्थान हासिल किया।



इंदौर की छात्रा कृष्णा खाजेकर ने 98.2 फीसदी अंक हासिल किए हैं। उन्होंने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नौवां और इंदौर जिले में पहला स्थान हासिल किया। कृष्णा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा हैं। उनके पिता सिक्युरिटी गार्ड हैं।



हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में डबरा के छात्र अंशुल साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की मेरिट लिस्ट में सातवां स्थान हासिल किया है। अंशुल, शहर के संत कंवर राम स्कूल के विद्यार्थी हैं। उन्होंने 500 में से 493 अंक प्राप्त किया। अंशुल के पिता महेंद्र साहू हैं।



बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र के तिरोड़ी अंतर्गत कोसुंबा गांव के छात्र डेविड उचबगले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नौवां स्थान हासिल किया है। डेविड के पिता संतोष उचबगले और माता गीता उचबगले किसान हैं। डेविड की बहन विद्या उचबगले ने भी हायर सेकंडरी स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डेविड आगे चलकर 11वीं कक्षा में विज्ञान (गणित) विषय लेकर पढ़ाई करना चाहता है।

### 12वीं: 16 साल का सर्वश्रेष्ठ परिणाम



खुशी राय | तन्वी कुमावत | चांदनी

**भोपाल, जेएनएन।** 12वीं (हायर सेकेंडरी) परीक्षा में इस वर्ष कुल 76 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए, जो पिछले 16 सालों में सबसे बेहतर परिणाम माना जा रहा है। छात्राओं का पास प्रतिशत 79.41 फीसदी, जबकि छात्रों का 72.39 फीसदी रहा। नियमित छात्रों का रिजल्ट 76.01 फीसदी, जबकि स्वाध्यायी छात्रों का केवल 30.60 फीसदीरहा। झाबुआ पहले और अनूपपुर दूसरे स्थान पर रहा। सरकारी स्कूलों का रिजल्ट 80.43 फीसदी, जो प्राइवेट स्कूलों (69.67 फीसदी) से काफी बेहतर है। किसी को आधिकारिक टॉपर घोषित नहीं किया गया, जबकि करीब 1.99 लाख छात्र फेल हुए।

वाणिज्य (कॉमर्स) संकाय में खुशी राय (भोपाल) को सर्वाधिक 494 अंक मिले हैं। वाणिज्य (कॉमर्स) की ही चांदनी विश्वकर्मा (भोपाल) ने भी 494 अंक हासिल किए हैं। विज्ञान-गणित संकाय में श्लोक प्रजापति (सीहोर) ने 493 अंक और कला संकाय में श्रुति तोमर (मुरैना), आकाश अहिरवार (छतरपुर) ने 489 अंक हासिल किए हैं। जीव विज्ञान में तन्वी कुमावत (इंदौर) को 492 अंक मिले हैं। जबकि कृषि संकाय में तुलसी राजावत, चंचल कुशवाह (शिवपुरी) ने 493 अंक हासिल किए हैं।

इस साल भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों से बेहतर परिणाम दिया। खासतौर पर भोपाल की खुशी राय और चांदनी विश्वकर्मा ने 500 में से 494 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर जगह बनाई। यह परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच हुई, जिसमें कुल 6.89 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

पिछले साल के मुकाबले 10वीं का परिणाम गिरा 12वीं का सुधरा, प्रदेश में भोपाल 45वें नंबर पर : पेज 5 पर

## सीबीएसई- 10वीं में 93.70% स्टूडेंट पास

# लड़कियों ने फिर मारी बाजी, भोपाल जोन में डीपीएस की सान्वी झा टॉपर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं के सेशन-1 परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष कुल 93.70 फीसदी छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। परिणामों में एक बार फिर लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है। बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99 फीसदी रहा, जबकि लड़कों का 92.95 फीसदी दर्ज किया गया। वहीं ट्रांसजेंडर छात्रों ने भी 91.30 फीसदी रिजल्ट के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। क्षेत्रीय स्तर पर त्रिवेंद्रम रीजन 99.75 फीसदी पास प्रतिशत के साथ देश में शीर्ष पर रहा इस साल लगभग 25 लाख छात्र सीबीएसई 10वीं की सेशन-1 परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनका परिणाम अब जारी कर दिया गया है।


सीबीएसई की नीति के अनुसार इस बार भी कोई मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई है और न ही किसी छात्र को टॉपर घोषित किया गया है। बोर्ड ने स्कूलों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने स्तर पर टॉपर घोषित करने से बचें, ताकि छात्रों पर अनावश्यक दबाव न बने। इस वर्ष सीबीएसई ने नई टू-बोर्ड एग्जाम प्रणाली लागू की है। पहला (अनिवार्य) परीक्षा 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 तक आयोजित की गई थी। वहीं दूसरा (वैकल्पिक) परीक्षा 15 मई से 1 जून 2026 के बीच आयोजित होगी।

सेशन-2 परीक्षा उन छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। छात्र अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं।

वहीं दो विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा जाएगा और उन्हें दूसरा मौका मिलेगा। तीन या उससे अधिक विषयों में असफल छात्रों को अगले साल मुख्य परीक्षा देनी होगी। परीक्षा में पास होने के लिए छात्रों को थ्योरी और इंटरनल असेसमेंट दोनों में कम से कम 33 फीसदी अंक लाना अनिवार्य है। इस साल परीक्षा देशभर के 8,000 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी। दो बार परीक्षा देने की व्यवस्था छात्रों को अधिक लचीलापन देती है।

### डीपीएस के 4 अन्य के भी 99% से अधिक अंक

**जागरण, भोपाल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं सेशन-1 परीक्षा में राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। स्कूल की छात्रा सान्वी झा ने 99.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं अदिति मट्टा और लामिया अब्बास आगा ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। अदिति बरटरिया 99.2 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष छात्रों का औसत परिणाम 87.24 प्रतिशत दर्ज किया गया। कुल 308 छात्रों में से 75 छात्रों (24 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 148 छात्र (47 प्रतिशत) 90 प्रतिशत से ऊपर रहे। वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 80 प्रतिशत रही और 92प्रतिशत छात्रों ने 60 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। विभिन्न विषयों में कुल 76 छात्रों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए।



सान्वी झा

**कोलार रोड शाखा का भी शानदार प्रदर्शनः** डीपीएस कोलार रोड शाखा के छात्रों ने भी उत्कृष्ट परिणाम दिए। यहां शौर्य जायसवाल और आहाना जियानी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। हंशिका खत्री (99 प्रतिशत), आरव रात्रे (98.6 प्रतिशत), वेदिका सिंह (98.4 प्रतिशत), आलिया सहरवान शबीर (98.4 प्रतिशत) और एंजल तलरेजा (98.4प्रतिशत) भी टॉपर्स में शामिल रहीं। कोलार रोड शाखा में कुल 162 छात्रों ने परीक्षा दी, जिसमें से सभी छात्र सफल रहे। यहां 44 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक और 74 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। औसत परिणाम 87.12 प्रतिशत रहा।

### सेशन-2 परीक्षा का महत्व, पास होने के लिए जरूरी मानदंड

सेशन-2 परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। छात्र अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं। वहीं दो विषयों में फेल छात्र कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे जाएंगे और उन्हें दूसरा मौका मिलेगा। तीन या उससे अधिक विषयों में असफल छात्रों को 2027 में दोबारा मुख्य परीक्षा देनी होगी। परीक्षा में पास होने के लिए छात्रों को थ्योरी और इंटरनल असेसमेंट दोनों में न्यूनतम 33 फीसदी अंक लाना अनिवार्य है। यह परीक्षा देशभर के 8,000 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी।



## संक्षिप्त खबरें

### पुरुष अभ्यार्थियों को भर्ती प्रकिया में शामिल करने के हाईकोर्ट के निर्देश

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के पदों पर होने वाली भर्ती प्रकिया में पुरुष अभ्यार्थियों को शामिल करने के निर्देश दिये है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए आवदेकों के परीक्षा परिणाम याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रखने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही मामले में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सहित मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जबाब मांगा है। दरसअल उक्त पदों में महिलाओं को सौ फीसदी आरक्षण दिये जाने को चुनौती दी गई थी। दरअसल संतोष कुमार लोधी व अन्य पुरुष अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हाल ही में जारी नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन को चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर अधिवक्ता विशाल बघेल ने बताया कि कर्मचारी चयन मंडल के विज्ञापन (नर्सिंग ऑफिसर एवं सिस्टर ट्यूटर भर्ती परीक्षा-2026) में नर्सिंग ऑफिसर के पदों को 100 प्रतिशत केवल महिला उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इससे योग्य पुरुष अभ्यर्थी आवेदन करने से पूरी तरह वंचित हो गए हैं। दलील दी गई कि मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा (अराजपत्रित) सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियमए 2023 के तहत नर्सिंग ऑफिसर के पद के लिए कोई जेंडर आधारित प्रतिबंध नहीं है। मेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग ऑफिसर के भर्ती विज्ञापन में किया गया यह प्रावधान वैधानिक नियमों के विपरीत है। तर्क दिया गया है कि पुरुष और महिला दोनों एक ही पाठ्यक्रम (बीएससी नर्सिंग-जीएनएम) पढ़ते हैं और उनके पास समान योग्यता व पंजीकरण होता है। केवल जेंडर के आधार पर सार्वजनिक रोजगार से पूर्णत- बाहर करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 का उल्लंघन है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त अंतरिम आदेश देते हुए अनावेदकों को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

**नर्सिंग आफीसर सौ फीसदी महिला आरक्षण मामला**

### एक दशक से कार्यरत संविदाकर्मी वर्गीकरण,परिणामी लाभ के हकदार

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राच्य में 16 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कई संविदा कर्मचारियों को राहत देते हुए कहा कि अनुबंध,आउटसोर्स और अंशकालिक आधार पर लगे कर्मचारी वर्गीकरण और परिणामी लाभों के हकदार हैं यदि वे लगातार एक दशक से अधिक समय से कार्यरत हैं। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने श्रमिकों द्वारा दायर याचिकाओं को यह कहते हुए स्वीकार कर लिया कि ऐसे कर्मचारी आर्थिक न्याय और सभ्य जीवन स्तर के हकदार हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को नीति के तहत वर्गीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए। उनके पदों के अनुरूप न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की ओर से याचिकाएं दायर की गई । तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ताओं को 7 जुलाई, 2009 के एक आदेश द्वारा अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया गया था। परिणामस्वरूप, उनके नियुक्ति आदेश 30 जुलाई, 2009 को जारी किए गए थे।इसके बाद, याचिकाकर्ताओं की सेवाएं उक्त विभाग द्वारा जारी रखी गईं, और वे अभी भी वहां काम कर रहे हैं।कोर्ट को बताया गया कि कि राच्य सरकार ने कर्मचारियों को स्थायी के रूप में वर्गीकृत करने और उन्हें उनके पदों के लिए स्वीकार्य न्यूनतम वेतनमान देने की नीति बनाई है। दावा किया कि उक्त लाभ उन्हें भी दिया जा सकता है। नियमितीकरण में भेदभावहै संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के प्रावधानों का उल्लंघन है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि याचिकाकर्ताओं को नीति के तहत वर्गीकरण का लाभ दिया जाना चाहिए । उनके पदों के अनुरूप न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। कोर्ट ने याचिकाओं को स्वीकार कर लिया और अधिकारियों को 2016 की नीति के तहत याचिकाकर्ताओं को वर्गीकृत करने और सभी परिणामी लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

**हाईकोर्ट का अहम फैसला**

### भोपाल जिले में 14 हजार 223 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी

**जागरण संवाददाता भोपाल।** भोपाल जिले के 92 उपार्जन केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी चल रही है। बुधवार को शासन की ओर से 3084 किसानों से 14 हजार 223 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई। किसानों से 37.33 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा गया। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि गेहूं की खरीदी जारी है। हर दिन प्रशासन की टीम खरीदी केंद्रों की जांच करने पहुंच रही है। किसानों को गेहूं की बिक्री करने में किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़ा। इसके लिए केंद्रों पर पानी व बैठने की व्यवस्था की गई है।

### होम्योपैथी क्लीनिक को मिली पोल्यूशन सर्टिफिकेट से छूट

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अब मध्यप्रदेश में चल रहे सरकारी और निजी होम्योपैथिक क्लीनिक के लिए बायो मेडिकल वेस्ट लाइसेंस बनवाना जरूरी नहीं है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा होम्योपैथी क्लीनिकों के लिए एमपीपीसीबी सर्टिफिकेट की अनिवार्यता में छूट प्रदान की गई है। यह निर्णय इस आधार पर लिया गया है कि इन क्लीनिकों से बायोमेडिकल वेस्ट का उत्पादन नहीं होता, जिसकी पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा की गई है। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों होम्योपैथी चिकित्सकों को रजिस्ट्रेशन व नवीनीकरण प्रक्रिया में बड़ी राहत मिलेगी। मप्र में 213 सरकारी और हजारों होम्योपैथिक क्लीनिक हैं। इनके संचालन के लिए चिकित्सकों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से लाइसेंस लेने की औपचारिकता पूरी करनी होती थी। बायो मेडिकल वेस्ट लाइसेंस लेने की प्रक्रिया की जटिलता के कारण क्लीनिक के संचालन में खासी दिक्कत आती थी। लेकिन अब होम्योपैथिक क्लीनिकों को इन पाबंदी और औपचारिकताओं से निजात मिल गई है। बायो मेडिकल वेस्ट लाइसेंस लेने के लिए क्लीनिक संचालकों को लंबी कागजी प्रक्रिया को पूरा करना होता है। इस बारे में होम्योपैथी चिकित्सक संघ के नेता डॉ. हरेन्द्र भदौरिया ने का कहना है कि यह निर्णय सराहनीय है, इससे चिकित्सकों को अनावश्यक प्रक्रियाओं से राहत मिलेगी।

### स्टेशन पहुंची महिलाओं ने सांसद आलोक शर्मा को लगाया तिलक

**भोपाल।** संसद के तीन दिवसीय विशेष सत्र सत्र में भाग लेने के लिए भोपाल सांसद बुधवार को नई दिल्ली रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पहुंचकर महिलाओं ने सांसद आलोक शर्मा को तिलक लगाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर चर्चा होनी है। जिसमें भाग लेने के लिए सांसद शर्मा दिल्ली गए है। महिलाओं ने उन्हें 33 फीसदी आरक्षण मिलने के लेकर खुशी जताते हुए शर्मा का स्वागत किया।

**उज्जैन और भोपाल संभाग के कांग्रेस जिलाध्यक्षों के कार्यो की हुई समीक्षा**

# हर पदाधिकारी के काम का होगा मूल्यांकन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अपने जिलाध्यक्षों के परफार्मेंस का आंकलन करना शुरू कर दिया। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के प्रभारी वामसी रेड्डी से जिलाध्यक्षों से साफ तौर पर कह दिया कि उनके हर कार्यो का मूल्यांकन किया जाएगा, जो काम नहीं करेगा, उसे लेकर संगठन को सोचना पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में भोपाल और उज्जैन संभाग के जिलाध्यक्षों की अलग-अलग बैठक हुई। जिलाध्यक्षों से उनकी नियुक्ति से लेकर अब तक के कार्यो के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्हें कनेक्ट सेंटर द्वारा उपलब्ध कराई गई उनकी गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। सूत्रों की माने तो भोपाल और उज्जैन संभाग के कुछ जिलाध्यक्षों को लेकर नेताओं ने असंतोष जताया और कहा कि उन्हें अगले तीन माह का समय और दिया जा रहा है। अगली बैठक में भी यदि उनकी कार्यपद्धति में सुधार नहीं आया,तो हर हाल में एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बेहतर काम कर रहे जिलाध्यक्षों की पीठ भी थपथपाई। रेड्डी ने प्रत्येक जिले के अध्यक्षों से वन टू वन चर्चा कर पूछा कि उनके यहां ब्लाक अध्यक्ष और मण्डलप की क्या स्थिति है। उनसे जानकारी ली गई कि वे अपनी नियुक्ति से अब तक कितनी बार ब्लाक स्तर पर भ्रमण कर चुके है। ब्लाक कमेटियों द्वारा किस तरह की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है।

### भारती की सीट बढ़ाना चाहती है भाजपा: वर्मा

कांग्रेस नेता सज्जन सिंह वर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा और उनकी सरकारों पर कटाक्ष किया। पीसीसी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए वर्मा ने कहा कि मोदी सरकार अधिनियम की आड़ में दक्षिण भारत की सीटें कम कर उत्तर और मध्य भारत की सीटों को बढ़ाना चाहती है, जिससे देश में लंबे समय तक भाजपा की सरकार बनी रही। उन्होंने कहा कि अधिनियम को लेकर भाजपा को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। वर्मा ने कहा कि इसी तरह सरकार परिसीमन की आड़ में अपने आपको मजबूत करना चाहती है। इसका कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी।




### चौधरी ने प्रभारियों की ली क्लास

पीसीसी में ही प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक की और उनकी सक्रियता के बारे में पूछा। चौधरी ने सभी प्रभारियों को आगामी रणनीति के अनुरुप आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि विधानसभा प्रभारी संगठन की रीढ़ हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा प्रभारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास करे। साथ ही उन्हें विधानसभा स्तर पर पंचायत कांग्रेस कमेटियों का सत्यापन करने,नियमित बैठकें आयोजित करने तथा सृजन संवाद के माध्यम से संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने का दायित्व सौंपा गया है। पटवारी ने कहा कि पद केवल नाम के लिए नहीं होता,इसलिए सभी प्रभारियों और पदाधिकारियों को अपने जिम्मेदारी निभाने के लिए अथक मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का स्पष्ट संदेश है कि देश को मजबूत बनाना है,तो कांग्रेस को पंचायत और गांव स्तर तक ले जाना होगा। जमीनी स्तर पर जब तक कांग्रेस मजबूत होगी,तभी हम विपक्षी दल से अपनी जमीनी लड़ाई को मजबूती से लड़ पाएंगे। उन्होंने प्रभारियों से कहा कि वे अपने प्रवास के दौरान लोगों को बताए कि भाजपा के लोग राष्ट्रवाद की बात करते हैं, लेकिन कांग्रेस के बलिदानों की गिनती भी नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जनता को यह पता होना चाहिए कि देश की आजादी में कांग्रेस का क्या योगदान है और भाजपा किस तरह से देश को बांटने का काम कर रही है। विधानसभा प्रभारियों की बैठक के दौरान सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, सुखदेव पांसे, संगठन प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी महेन्द्र जोशी, संगठन महासचिव संजय कामले और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव रणविजय लोचन भी उपस्थित रहे।

## टोपीदार और भरमार बंदूक का लाइसेंस सस्ता, घटाई फीस



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने टोपीदार और भरमार बंदूकों के लाइसेंस और उनके रिन्यू करने पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क में कमी कर दी है। दोनों प्रकार की बंदूकें प्राचीन पारंपरिक हथियारों में शामिल हैं, जिन्हें आज के समय में आत्मरक्षा के साथ परंपरा के निर्वहन और जंगली जानवरों को भगाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। वाणिच्यिक कर विभाग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार अब प्रदेश में टोपीदार अथवा भरमार बंदूकों का नया लाइसेंस बनवाने के लिए केवल दो हजार रुपए का स्टाम्प शुल्क देना होगा। वहीं, जिनके पास पहले से इस तरह की बंदूक का लाइसेंस है, वे महज एक हजार रुपए स्टाम्प फीस के रूप में देकर लाइसेंस रिन्यू करा सकेंगे।

**अन्य हथियारों की फीस रहेगी यथावत:** विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में साफ कर दिया गया है कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 9 के तहत इस शुल्क को कम करने का आदेश दिया गया है। अपर सचिव राजेश ओगरे द्वारा जारी राजपत्र तत्काल प्रभाव से पूरे प्रदेश में लागू कर दिया गया है। भरमार बंदूक में बारूद या गोली को गन के अगले हिस्से से लोड किया जाता है और इसे चलाने के लिए एक छड़ के जरिए बारूद और गोली को नीचे दबाया जाता है। ये बंदूकें 1857 की क्रांति के दौर की होती हैं। इसके अलावा टोपीदार बंदूक इससे थोड़ी उन्नत होती है, जिसमें गन के पिछले हिस्से से तांबे की टोपी के अंदर विस्फोटक भरा जाता है। गौरतलब है कि अब भरमार और टोपीदार बंदूकों का उत्पादन बंद हो चुका है, लेकिन कई ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में ये आज भी पारंपरिक हथियार के रूप में उपयोग की जाती हैं।

## भारती के अधिवक्ता नहीं पहुंचे कोर्ट, सुनवाई टली

**अगली सुनवाई 28 अप्रैल को, याचिकाकर्ता पक्ष को उपस्थित होने के निर्देश**

**विशेष संवाददाता भोपाल।** दतिया विधायक रहे राजेन्द्र भारती के मामले की सुनवाई फिर से टल गई है। बताया गया है कि भारती के अधिवक्ता बुधवार को न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए,जिससे दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय कर दी। गौरतलब है कि दतिया विधायक रहे भारती को सहकारिता बैंक घोटाले के एक मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने 3 साल की सजा सुनाई है। इसके बाद भारती की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। इस निर्णय के खिलाफ भारती ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई है,जिसकी बुधवार 15 अप्रैल को सुनवाई होना तय थी। जानकारी के अनुसार याचिका कर्त्ता के वकील न्यायालय नहीं पहुंचे,जिससे कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए तारीख आगे बढ़ाते हुए शिकायत कर्ता के पक्ष को उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### मध्यप्रदेश विधानसभा ने सदस्यता की शून्य

भारती को सजा मिलने के उपरांत मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता को शून्य घोषित कर दिया है और उसकी जानकारी चुनाव आयोग को भेज दी गई है। हालांकि एमपीएमएलए कोर्ट ने राजेन्द्र भारती को हाईकोर्ट में याचिका लगाने के लिए 60 दिन का समय दिया है। इधर मप्र कांग्रेस की नजर भी हाईकोर्ट पर लगी हुई है, क्योंकि न्यायालय का निर्णय यह तय करेगा कि भारती की विधायकी बचती है या नहीं। इसका फर्क राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव पर भी पड़ सकता है। बताया गया है कि इस पूरे मामले में प्रदेश कांग्रेस भी सक्रिय है और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा राजेन्द्र भारती की ओर से पैरवी कर रहे हैं ।

## चयन परीक्षा की मेरिट लिस्ट अंतिम निर्णय के अधीन

**प्राथमिक शिक्षक मामले में हाईकोर्ट का अंतरिम आदेश: राज्य शासन व मप्र कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस**

**जागरण, जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति मनिंदर सिंह भट्टी की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा-2025 के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से पांच प्रतिशत बोनस अंक दिए जाने के आरोप को गंभीरता से लिया। इसी के साथ अंतरिम आदेश के जरिए मेरिट लिस्ट विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दी। साथ ही राच्य शासन व मप्र कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जबाब पेश करने के निर्देश दे दिए।

याचिकाकर्ता नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया सहित अन्य उम्मीदवारों की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा, विशाल बघेल व आयुष बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा -2025 भर्ती विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल उन उम्मीदवारों को पांच प्रतिशत बोनस अंक मिलने थे, जिनके पास भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा है। चयन सूची में लगभग 14 हजार 964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त कर लिए हैं। याचिका में भारतीय पुनर्वास परिषद के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि पूरे प्रदेश में आरसीआई पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3,077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं।

ऐसे में लगभग 15 हजार उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथमदृष्ट्या फर्जी प्रतीत होता है। लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी, 2026 में विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18 हजार उम्मीदवारों ने हां का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है। इसके बावजूद सुधार के लिए पोर्टल खोलने के बाद भी मंडल के द्वारा उम्मीदवारों से आरसीआई पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया। बिना किसी भौतिक सत्यापन के साफ्टवेयर के माध्यम से उम्मीदवारों के डिक्लेरेशन के आधार सीधे बोनस अंक दे दिए गए। इससे वास्तविक और योग्य उम्मीदवारों की मेरिट गिर गई और वे चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए। दलील दी गई कि झूठी जानकारी देकर चयन होने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थी जिन्हें मेरिट में पांच प्रतिशत बोनस अंक मिले हैं, वे भी हाइ कोर्ट की शरण में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है कि जल्दबाजी में हुई त्रुटि के कारण उनके द्वारा बोनस अंक का लाभ प्राप्त कर लिया जबकि उनके पास उससे संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र नहीं है।

### टीईटी मुद्दे पर सरकार लगाएगी रिव्यू पिटीशन



प्रदेश में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) का गतिरोध जल्द सुलझने के आसार हैं। बुधवार शाम सीएम हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मध्य प्रदेश शिक्षक संघ और भारतीय मजदूर संघ के प्रतिनिधिमंडल की उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस मीटिंग में शिक्षकों की नियुक्ति की तारीख से वरिष्ठता का निर्धारण और टीईटी से जुड़ी विसंगतियों को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सीएम ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि टीईटी को लेकर सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन (पुनर्विचार याचिका) दाखिल करेगी। इस बैठक के बाद शिक्षक संगठनों ने शिक्षकों से आंदोलन करने के बजाय धैर्य बनाए रखने की अपील की है। प्रतिनिधिमंडल ने बैठक के बाद बताया कि अब शिक्षकों को वरिष्ठता या टीईटी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है और सरकार ने ठोस कदम उठाने का भरोसा दिया है। ऐसे में किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन या आंदोलन की आवश्यकता नहीं है।

## अपेक्स बैंक के एमडी मनोज गुप्ता ने पैक्स से किसानों को जोड़ने का अभियान शुरू किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशों के परिपालन में सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के मार्गदर्शन में प्रदेश के 10 लाख किसानों को पैक्स से जोड़ने के सदस्यता महाअभियान की शुरूआत अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने उज्जैन जिले की नरवर तहसील के किसानों को सदस्य बनाकर की है। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियां (बी-पैक्स) राज्य की ग्रामीण सहकारी तंत्र की आधारशिला हैं, जो किसानों को ऋण, कृषि आदान, भंडारण, विपणन तथा अन्य आवश्यक सेवायें उपलब्ध कराती हैं। वर्तमान में राज्य में अनेक पात्र किसान अभी भी पैक्स के सदस्य नहीं हैं, जिसके कारण वे संस्थागत ऋण एवं अन्य सहकारी सुविधाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 4534 पैक्स के कार्यक्षेत्र में निवासरत सभी गैर सदस्य किसानों को प्राथमिकता के आधार पर सदस्य बनाने के लिये अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने उज्जैन जिले की नरवर तहसील में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों को सदस्य बनाकर सदस्यता महाभियान की शुरूआत की। बता दें कि प्रदेश के भूमिधारी किसान विभागीय पोर्टल http: // icmis. mp.gov. in/ RCSWEB /public पर आवेदन कर सकते हैं।



### नारी शक्ति अधिनियम लाएगा राजनीति में बदलाव

**भोपाल।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज भोपाल में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नारी शक्ति, उनके नेतृत्व और समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने कहा कि इस अधिनियम के लागू होने से न केवल राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे भी मुख्य धारा का हिस्सा बन जाएंगे। डॉ. साक्षी भारद्वाज ने इसे एक ऐतिहासिक कानून बताया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं प्रकृति के सबसे करीब होती हैं और वे जल, जंगल व जमीन की रक्षा के लिए समाज में एक नई संस्कृति विकसित कर सकती हैं। गौरतलब है कि प्रदेश शासन ने सभी कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जारी किए थे।

### कलेक्ट्रेट में गंदगी और देरी से आने वाले बाबुओं पर बिफरे मिश्रा

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के नवागत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को पदभार ग्रहण करने के साथ कड़े तेवर दिखा दिए हैं। सुबह ठीक 10 बजे जब कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, तो वहां का नजारा देख वह दंग रह गए। निर्धारित समय होने के बावजूद अधिकांश कर्मचारी अपनी कुर्सियों से नदारद थे। अनुशासनहीनता पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। निरीक्षण में कलेक्टर स्वयं एक-एक अधिकारी और कर्मचारी के केबिन में पहुंचे। वहां न केवल फाइलों का अंबार था, बल्कि दीवारों और कोनों में मकड़ी के जाले लटके हुए थे। कार्यालय की बदहाली देख उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि दफ्तर की साफ-सफाई में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तत्काल जाले साफ कराए जाएं। कार्य के पहले ही दिन कलेक्टर मिश्रा का संवेदनशील चेहरा भी देखने को मिला। वह केवल अपने केबिन तक सीमित नहीं रहे, बल्कि बाहर आकर कतार में खड़े लोगों से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं।

**बैठक** — **मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में दो विभागों की ली समीक्षा बैठक, अफसरों को दी हिदायत**

# छात्रावासों में सुविधाएं नहीं मिलीं तो अधिकारी होंगे दोषी: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कहा कि जनजातीय छात्रावासों और आश्रमों में तय मापदंड के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इसमें थोड़ी सी कमी को भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम छात्रों को बेहतर वातावरण देंगे, तो वे अपना अध्ययन कार्य चिंतामुक्त हुए कर पाएंगे। मुंख्यमंत्री बुधवार को मंत्रालय में जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनशीलता और देशभक्ति के सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए। छात्रावासों और आश्रमों के प्रबंधन में जन अभियान परिषद और गायत्री परिवार जैसी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाए।बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह वर्चुअल शामिल हुए। डॉ. यादव ने कहा कि छात्रावासों और आश्रमों में खाना बनाने, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। छात्रावासों के संवेदनशील प्रबंधन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और मॉनिटरिंग की व्यवस्था हो।



**किसानों को सस्ती बिजली देना प्राथमिकता:** मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की योजनाओं की अलग बैठक कर समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि किसानों को किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बड़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों को सराहा सीएम ने, टॉपर प्रतिभा से की बात

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। विद्यार्थियों ने यह कर दिखाया। मुख्यमंत्री ने सफलता से वंचित विद्यार्थियों को आगामी प्रयास में सफल होने की शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान पर आई पन्ना जिले की छात्रा कु. प्रतिभा सिंह को वीडियो कॉल के माध्यम से बधाई और शाबासी दी।मुख्यमंत्री ने कु. प्रतिभा के परिजन से भी बातचीत की। पन्ना जिले में रोजगार सहायक के पद पर पदस्थ कु. प्रतिभा के पिता भारतेंदु सिंह सोलंकी को भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बधाई दी। कु. प्रतिभा की माता शिक्षिका हैं। प्रतिभा ने यह उपलब्धि प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की। कु. प्रतिभा ने बताया कि वो प्रतिदिन सात आठ घटे अध्ययन किया करती थी और उसकी इच्छा प्रशासनिक सेवाओं में जाने की है।

वर्ष 69 ▸ अंक 197 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026
▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2083
▸ महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"अपने बुरे समय में कभी नकारात्मक निर्णय मत लो। अपने सबसे महत्वपूर्ण फैसले तब मत लो जब तुम सबसे खराब मनःस्थिति में हो। इंतजार करो। धैर्य रखो।
- रॉबर्ट एच शुलर

## ऑफ बीट

### सुहागरात पर दुल्हन ने मांगे 90 लाख रुपये



*आगरा में शादी के बाद सुहागरात के मौके पर नवविवाहिता ने पति के सामने 90 लाख रुपए की मांग रख दी। आरोप है कि पैसे न मिलने पर दुल्हन ने न सिर्फ ससुराल छोड़ दिया, बल्कि परिजनों के साथ मिलकर ससुराल पक्ष को जिंदा जलाने की कोशिश भी की।*
*पीड़ित परिवार के अनुसार, हाथरस की रहने वाली युवती से 29 अप्रैल 2025 को शादी हुई थी। सुहागरात के समय दुल्हन ने संबंध बनाने से पहले 90 लाख रुपए नकद देने की शर्त रख दी। इस मांग से परिवार हैरान रह गया। इसके बाद दुल्हन ने विवाद शुरू कर दिया और पति के साथ रहने से इनकार कर दिया। वह अपने और सास के गहने लेकर मायके चली गई और लगातार 90 लाख रुपए की मांग करती रही।*
*पीड़ितों का कहना है कि जुलाई 2025 में मायके जाते समय दुल्हन ने धमकी दी थी कि पैसे न मिलने पर पूरे परिवार को जिंदा जला दिया जाएगा। बाद में व्हाट्सएप के जरिए बैंक अकाउंट भेजकर पैसे ट्रांसफर करने का दबाव भी बनाया गया। 25 मार्च 2026 को दुल्हन 7-8 लोगों को लेकर ससुराल पहुंची और घर के बाहर ताला लगा दिया और गाली-गलौज की।*

## आईपीएल में आज

**मुंबई बनाम पंजाब**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
**परिणाम: बेंगलुरु ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया।**

**होर्मुज पर बवाल: ट्रंप बोले- युद्ध खत्म होने के करीब, पाक प्रतिनिधिमंडल ईरान के लिए रवाना**

# अमेरिका की नाकाबंदी तोड़ने में चीनी टैंकर नाकाम, चेतावनी के बाद लौटा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकाबंदी को पार करने में विफल रहा। बुधवार को यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लेकर खाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अमेरिकी युद्धपोत की चेतावनी के बाद उसे लौटना पड़ा।

इधर, ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि 'ईरान के साथ चल रहा युद्ध अब अंत के करीब है।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अगर अमेरिका अभी अपनी सेना हटा ले, तो तेहरान को दोबारा खड़ा होने में करीब 20 साल लग सकते हैं।

इस बीच पाकिस्तान का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान रवाना हुआ है, जो अमेरिका का संदेश ईरान तक पहुंचाएगा। यह पहल अमेरिका-ईरान के बीच जारी बातचीत का हिस्सा मानी जा रही है।

### ईरान की तीन समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी

ईरान ने दुनिया के 3 अहम समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी दी है। उसने कहा है कि अगर अमेरिका ने होर्मुज और उसके बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी, तो वह रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ (फारस की खाड़ी) में समुद्री व्यापार पूरी तरह रोक देगा। ईरानी सेना के केंद्रीय कमांड सेंटर चीफ अली अब्दोल्लाही ने कहा कि अमेरिकी पाबंदियां और ईरानी जहाजों व तेल टैंकरों की सुरक्षा को खतरे में डालने की कोशिशें उकसावे की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करेगा।

### ट्रंप का दावा: चीन अमेरिकी प्रयासों से संतुष्ट



ट्रंप का दावा है कि चीन होर्मुज को खोलने के अमेरिकी प्रयासों से संतुष्ट है। उनके अनुसार, यह कदम वैश्विक तेल आपूर्ति सुचारू बनाने के लिए जरूरी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि वह चीन को ईरान का तेल लेने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगा। वहीं, ईरान ने अपने प्रभाव को दिखाने के लिए तेहरान में होर्मुज से जुड़े प्रतीकात्मक संदेश भी प्रदर्शित किए हैं।

### अब मलक्का स्ट्रेट पर नजर

मध्य पूर्व में हॉर्मुज पर बढ़ते तनाव के बीच अब अमेरिका की रणनीतिक नजर मलक्का जलडमरूमध्य पर टिक गई है। इसी कड़ी में 13 अप्रैल को अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौता हुआ है, जिसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है।

### नहीं बढ़ेगी ईरान को दी गई छूट

- अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने संकेत दिया है कि ईरानी तेल की बिक्री पर दी गई अस्थायी छूट जल्द समाप्त होने वाली है और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।
- यूरोपीय देश होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सामान्य करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की योजना बना रहे हैं। इस गठबंधन में अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है।
- कनाडा ने लेबनान को हुए नुकसान के लिए 40 मिलियन डॉलर (लगभग 330 करोड़ रुपये) की सहायता की घोषणा की है।
- हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटों में 34 सैन्य हमले किए, जिनमें इजराइली ठिकानों को निशाना बनाया गया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत अगले दो दिनों में फिर शुरू हो सकती है।

## वाड्रा और हुड्डा को कोर्ट का समन



**गुरुग्राम, जेएनएन।** हरियाणा के चर्चित शिकोहपुर लैंड स्कैम मामले में रॉबर्ट वाड्रा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कुल 9 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। विशेष न्यायाधीश सुशांत चांगोत्रा ने सभी आरोपियों को 16 मई को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। ईडी पहले ही इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से तीन बार पूछताछ कर चुकी है। यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव की 3.5 एकड़ जमीन से जुड़ा है। फरवरी 2008 में वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने यह जमीन ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से करीब 7.5 करोड़ रुपए में खरीदी थी। आरोप है कि उस समय हरियाणा में कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में इस जमीन पर कॉमर्शियल कॉलोनी विकसित करने का लाइसेंस दे दिया गया। इसके बाद कुछ ही महीनों में जमीन को रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दिया गया।

## खेड़ा की अग्रिम जमानत खारिज



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को स्थगित कर दिया, जिसमें खेड़ा को एक सप्ताह की अंतरिम राहत दी गई थी। यह मामला हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि उनके पास एक से अधिक पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसका जिक्र चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को तीन सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। इससे पहले 10 अप्रैल को तेलंगाना हाई कोर्ट ने खेड़ा को एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी, ताकि वे संबंधित अदालत में नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। खेड़ा के आरोपों को सरमा परिवार ने 'झूठा और मनगढ़ंत' बताया है। इस मामले में गुवाहाटी क्राइम ब्रांच केस दर्ज किया गया है। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चंदुरकर की पीठ ने असम सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए खेड़ा को नोटिस जारी किया है और जवाब मांगा है।

**नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में शामिल हुए सीएम, बोले-**

# महिलाओं को सशक्त बनाने को लिये जा रहे कई निर्णय



सीएम ने रविंद्र भवन में 'नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम - प्रबुद्ध जन सम्मेलन' में 10वीं और 12वीं बोर्ड की टॉपर बालिकाओं को सम्मानित किया।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश और मध्यप्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को आगे बढ़ाने से ही देश और प्रदेश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि जब भी शासन के सूत्र बहनों के हाथ में आते है, तो कार्य तेजी और बेहतर तरीके से होते हैं।

मुख्यमंत्री बुधवार को रविन्द्र भवन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की खूबी यही है कि वे असंभव कार्यों को संभव बना देते है। उन्होंने शाहबानो प्रकरण में 40 साल पहले जो गलती लोकसभा में हुई थी, उसे सुधारकर मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के दंश से मुक्ति दिलाने का ऐतिहासिक काम किया। डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से ही महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने राजमाता विजयाराजे सिंधिया का स्मरण करते हुए कहा कि जिस प्रकार झांसी की रानी ने तलवार उठाकर अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती दी थी, ठीक उसी प्रकार राजमाता सिंधिया ने कांग्रेस शासन के दौरान हुए अन्याय और बस्तर के राजा के साथ हुए अपराध के विरोध में राजसी सुखों का त्याग कर जनबल के माध्यम से सत्ता को हिला दिया था। राजमाता ने कभी भी पद का मोह नहीं किया और केवल जनता के हक की लड़ाई लड़ती रही।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि उनका विभाग महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके उत्थान की दिशा में गंभीरता से काम कर रहा है। इस मौके पर सरकार की स्वतंत्र प्रभार की राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम राष्ट्र निर्माण की धुरी साबित होगा। वर्तमान राजनीति में अभी भी क्षमतावान महिलाओं को पूरी तरह से प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में लोकसभा में मात्र 14 प्रतिशत जबकि देश की विधानसभाओं में 14 प्रतिशत महिलाएं हैं।

### इतिहास में दर्ज होगी 16 अप्रैल

मुख्यमंत्री ने कहा कि 16 अप्रैल 2026 की तारीख महिला सशक्तीकरण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से दर्ज होगी,जब देश होली और दीवाली एक साथ मनाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मनोनयन को देश के सर्वोच्च पद पर मातृशक्ति के गौरव का प्रतीक हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### अक्षय तृतीया पर महर्षि संस्थान में यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन



**भोपाल।** अक्षय तृतीया 20 अप्रैल के अवसर पर महर्षि मंगलम भवन, महर्षि विद्या मन्दिर परिसर रतनपुर, नर्मदापुरम मार्ग भोपाल में वृहद स्तर पर महर्षि महेश योगी संस्थान में संस्थान के प्रमुख वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश जी की गरिमामय उपस्थिति में यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जा रहा है। इसमें महर्षि संस्थान के वैदिक पंडितों द्वारा वैदिक विधि विधान के साथ बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा। जो भी व्यक्ति इस कार्यक्रम में अपने बच्चों का यज्ञोपवीत संस्कार करवाना चाहते हैं वे इन मोबाइल नंबर्स पर (9425008470, 989370046) संपर्क स्थापित कर सकते हैं। इस आयोजन के अवसर पर ब्रह्मचारी जी ने कहा कि भारतीय वैदिक परम्परा में 16 संस्कारों में व्रतबंध जिसे 'उपनयन' या 'यज्ञोपवीत' संस्कार भी कहा जाता है, का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व है। यह संस्कार व्यक्ति के द्वितीय जन्म का प्रतीक माना जाता है जहां से व्यक्ति द्विज कहलाने लगता है। इस शब्द का आध्यात्मिक एवं नैतिक महत्व है। व्रतबंध का प्रमुख उद्देश्य बालक को अनुशासन, पवित्रता और ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर करना होता है। इसमें धारण किए जाने वाला यज्ञोपवीत तीन धागों से मिलकर बना होता है जो कि देव ऋण, पितृ ऋण और ऋषि ऋण का स्मरण करवाता है। यह जातक को अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखने और धर्म के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

### एमजेएफ लायन महेश मालवीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित

**भोपाल।** लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट की कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। नेतृत्व परिवर्तन के तहत एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ (उज्जैन) के स्थान पर एमजेएफ लायन महेश मालवीय (भोपाल) वर्ष 2026-27 के



लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2, जिसमें 166 क्लब और लगभग 3,000 समर्पित सदस्य शामिल हैं, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस गरिमामय अवसर पर एमजेएफ लायन महेश मालवीय एवं उनकी धर्मपत्नी लायन गायत्री मालवीय ने सेवा, समर्पण और नेतृत्व की नई ऊर्जा का संकल्प लिया। वे शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर आयोजित लायंस इंटरनेशनल कन्वेंशन में हांगकांग में सहभागिता कर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं हांगकांग में ही पद की शपथ ग्रहण करेंगे। भोपाल के प्रतिष्ठित समाजसेवी लायन महेश मालवीय पिछले 30 वर्षों से लायंस क्लब से जुड़े हुए हैं और इस दौरान उन्होंने लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के माध्यम से विभिन्न सेवा परियोजनाओं में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना से जिले को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

### बुध प्रदोष पर श्रीबड़वाले महादेव का किया गया हरित श्रृंगार

**भोपाल।** राजधानी के श्रीबड़वाले महादेव मंदिर में बुधप्रदोष के अवसर पर भारत को विश्व गुरु बनाने एवं पर्यावरण संरक्षणत की कामना को लेकर बाबा बटेश्वर का हरित श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि बुधवार सुबह प्रदोष काल मे मोसंबी, अनार, संतरा और गन्ना के शीतल रस एवं विजया से अभिषेक कर बाबा बटेश्वर का हरित श्रृंगार किया गया। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि इसके बाद रात को महाआरती ,भजन संध्या के बाद प्रसादी वितरण हुआ। इस अवसर पर समिति के आकाश अग्रवाल, शिशिर मित्तल, सौरभ जैन, मोनू राठौर, प्रकाश मालवीय समेत बड़ी संख्या में भक्त भी शामिल हुए।

### नगर निगम में शिविर, 200 पेंशन प्रकरणों का निराकरण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार बुधवार को नगर निगम भोपाल में कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबित समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण, बीमा सह बचत योजना और समूह बीमा योजना से संबंधित मामलों की सुनवाई कर उनका मौके पर ही निराकरण किया गया शिविर में अनुकंपा नियुक्ति के 36 प्रकरणों पर गहनता से विचार कर उनकी कार्रवाई पूर्ण की गई। निगम प्रशासन के अनुसार, सक्षम स्वीकृति प्राप्त होते ही इन अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश शीघ्र जारी कर दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्त एवं मृतक कर्मचारियों के लगभग 200 लंबित प्रकरणों का भी निपटारा किया गया। इन मामलों में लेखा विभाग द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं के बाद ग्रेच्युटी, पेंशन, लीव इनकैशमेंट और जीपीएफ जैसी राशियों का भुगतान जल्द ही सुनिश्चित किया जाएगा।

### नंदीश्वर जिनालय में प्रभु धर्म नाथ के गर्भ कल्याणक की पूजा

**परिस्थितियां कैसी भी हों लेकिन मन स्थिति को मजबूत बनाओ: मुनिश्री**

भोपाल । परिस्थितियों कितनी भी प्रतिकूल हो , मनो स्थिति मजबूत रखिए, यह उद्गार निर्यापक मुनि संभव सागर महाराज ने नंदीश्वर जिनालय में व्यक्त करते हुए कहा व्यक्त करते हुए कहा स्वयं के विचार ही जब क्रिया शील होते है तो परिणाम आते हे, अच्छे बुरे परिणाम अच्छे बुरे विचार पर आधारित होते हे, मन को सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र बनाओ इसके पूर्व तीर्थंकर भगवान धर्म नाथ स्वामी का गर्भ कल्याणक की पूजा हुई धर्म सभा में आचार्य विद्या सागर महाराज आचार्य समय सागर महाराज केचित्र के समक्ष दीप प्रच्व्वलित किया, प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया गुरुओं के प्रति श्रद्धा भक्ति मय माहौल में नंदीश्वर जिनालयमें हे स्वामी नमोस्तु,, हे स्वामी नमोस्तु के स्वर से गुंजायमान हो रहा था, जिनालय परिसर में नौ मुनियों का नवधा भक्ति पूर्वक पढ़गाहन हुआ।

# डॉक्टर से लूट करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार, 17 लाख का सोने का कड़ा जब्त

## मास्टरमाइंड महिला पहले ही पकड़ाई, दोस्ती में विवाद बना लूट की साजिश

**जागरण, भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में सीएम हाउस के पास डॉक्टर से लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले की मास्टरमाइंड आलिया खान और उसके साथी अरशान को पकड़ था। जबकि अयान समेत अन्य आरोपी अब भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 17 लाख रुपए कीमत का सोने का कड़ा समेत वारदात में इस्तेमाल वाहन और मोबाइल फोन बरामद किया हैं। पुलिस के अनुसार 10 अप्रैल को फरियादी डॉक्टर मनोज वर्मा जब बोट क्लब से साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी किलोल पार्क के पास तीन बदमाशों ने उनकी साइकिल में टक्कर मारकर गिरा दिया। इसके बाद आरोपियों ने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर हाथ में पहना सोने का कड़ा, घड़ी और 2500 रुपए नकदी लूट कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 500 सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें ट्रेस किया गया।

**दोस्ती में दरार बनी साजिश की वजह:** जांच में सामने आया कि इस पूरी वारदात की साजिश आलिया खान ने रची थी। वह डॉक्टर को पिछले दो साल से जानती थी और दोनों के बीच बोट क्लब स्थित जीवन वाटिका में योग के दौरान पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इस बीच आपसी विवाद के बाद आलिया ने डॉक्टर को सबक सिखाने के लिए लूट की योजना बनाई। आलिया ने अपने परिचित अदनान खान के साथ मिलकर पूरी साजिश रची। उसने आरोपियों को डॉक्टर की दिनचर्या, आने-जाने का समय और सोने के कड़े की जानकारी दी। इसके बाद अदनान, अरशान और मुदस्सिर ने मिलकर घटना से पहले रैकी कर वारदात को अंजाम दिया।

**आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड :** पुलिस के मुताबिक अदनान खान (23) निवासी शाहजहानाबाद पर लूट, वसूली, आर्म्स एक्ट और एससी/एसटी एक्ट समेत 17 मामले दर्ज हैं। मुदस्सिर कुरैशी (23) निवासी हनुमानगढ़ पर 4 और अरशान (22) निवासी टीला जमालपुरा पर 4 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। वहीं मास्टरमाइड आलिया खान (27) निवासी तलैया पूर्व में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो मे ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर थी। जो खुद को सामाजिक कार्यकर्ता बताती थी और एक संस्था में डायरेक्टर के पद पर होने का दावा करती थी। आलिया पर दो मामले दर्ज हैं। 2023 में अरेरा कॉलोनी में हुई करीब 1 करोड़ रुपये की चोरी के मामले में भी वह आरोपी थी। इस केस में उसके साथ उसके परिजन भी शामिल थे। हालांकि, इस मामले में सभी आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है। फिलहाल पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की आगे की जांच जारी है।

### घर के बाहर बैठे व्यापारी से बदमाशों ने झपटा मोबाइल

**जागरण, भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने एक व्यापारी को निशाना बनाते हुए उसके हाथ से मोबाइल झपट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय नितिन कुमार शाक्य, राजगढ़ कॉलोनी में रहते हैं। वह बर्तन का व्यवसाय करते हैं। बुधवार सुबह करीब 5.30 बजे वह अपने घर के बाहर बैठकर मोबाइल चला रहे थे। इसी दौरान तीन बाइक सवार बदमाशों में से एक ने अचानक उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। घटना के वक्त युवक कुछ समझ पाता उससे पहले ही बदमाश मौके से फरार हो गए। बाद में पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।

### 2 युवतियों समेत 3 तस्कर गिरफ्तार, 6 किलो से ज्यादा गांजा जब्त

**जागरण, भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने दो युवतियों समेत तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 6.285 किलोग्राम गांजा और एक बाइक जब्त की है, जिसकी कुल कीमत करीब 2.70 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अरेड़ी रोड स्थित एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के पास घेराबंदी कर दो युवतियों और एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से गांजा और बाइक बरामद हुई। आरोपियों की पहचान विनय कुमार लोधी (25) निवासी रायसेन, अंकिता ठाकुर (19) निवासी रायसेन और आरोही सिंह उर्फ सरिता चौहान (28) निवासी रीवा के रूप में हुई है। तीनों आरोपी भोपाल में अलग-अलग किराए के मकान में रहकर गांजा तस्करी कर रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा खरीदकर भोपाल और रायसेन में सप्लाई करते थे। खासतौर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं और स्लम एरिया के मजदूर वर्ग को निशाना बनाते थे। उन्होंने जल्दी पैसा कमाने और लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए यह रास्ता अपनाया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है।

**ओडिशा से गांजा खरीदकर भोपाल और रायसेन में करते थे सप्लाई**

### पिता की फटकार से परेशान युवक ने डैम में कूदकर दी जान

**जागरण,भोपाल।** आनंद नगर थाना क्षेत्र स्थित हथाईखेड़ा डैम में युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार संजय औड़ (25) निवासी ऋषि पुरम फेस-3, अयोध्या नगर में रहता था। वह अपने पिता के ट्रांसपोर्ट और कूरियर व्यवसाय में हाथ बंटाता था। 13 अप्रैल की शाम पिता ने किसी बात को लेकर संजय को फटकार लगाई थी। इससे आहत होकर वह बिना बताए घर से निकल गया और वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह कुछ लोगों ने हथाईखेड़ा डैम के नहर वॉल के पास पानी में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पास से मोबाइल, घड़ी और पर्स बरामद हुआ है, लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### अब सोगरिया से चलेगी भोपाल जोधपुर व मेमू ट्रेन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** कोटा जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पुनर्विकास कार्य के चलते रेलवे ने 15 अप्रैल से 4 मई तक 20 दिन का ब्लॉक लिया है। इस दौरान कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। खास तौर पर भोपाल-जोधपुर और दयोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस को कोटा जंक्शन की बजाय सोगरिया स्टेशन से संचालित किया जाएगा, जबकि बीना-कोटा मेमू ट्रेनों का संचालन भी आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस सोगरिया आगमन 2:10, प्रस्थान 2:20। 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस सोगरिया आगमन रात 11:30, प्रस्थान 11:40। 12181 दयोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस सोगरिया आगमन 6:35, प्रस्थान 6:45। 12182 दयोदय एक्सप्रेस सोगरिया आगमन रात 9:50, प्रस्थान 10: बजे।

# दो हफ्ते में 74 लाख के मोबाइल खोजकर 491 मालिकों को सौंपे

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस ने गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए गए अभियान के तहत पिछले दो सप्ताह में कुल 491 मोबाइल फोन खोज निकाले हैं। इनकी कीमत 74 लाख रुपए से अधिक है। इस दौरान सबसे बड़ी कार्रवाई मुरैना जिले की साइबर सेल और थाना पुलिस की रही, जिसने 211 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी कीमत लगभग 31 लाख रुपए है। इस जिले की पुलिस ने कई मोबाइल राजस्थान और यूपी से बरामद किए हैं, क्योंकि चोरों ने इन्हें पड़ोसी राच्यों में बेच दिया था। इसी तरह जबलपुर जिले में भी पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल की मदद से 148 गुम मोबाइल फोन



खोज निकाले, जिनका बाजार मूल्य 25 लाख रुपए है। पुलिस ने जिलों में शिविर लगाकर जब्त किए गए ये मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटा दिए हैं।

रेल पुलिस ने बैतूल, रतलाम में पकड़े मोबाइल चोर जिलों की पुलिस के साथ ही इस बार रेल पुलिस (जीआरपी) ने भी गुम हुए मोबाइल फोन खोजने के लिए अभियान चलाया। जीआरपी बैतूल ने देश के विभिन्न राच्यों और प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से चोरी हुए और गुम हुए 9 लाख रुपए मूल्य के 100 मोबाइल फोन जब्त किए, जिनकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। इसके साथ ही जीआरपी जबलपुर ने स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 लाख 11 हजार रुपए के 6 मोबाइल फोन बरामद किए। अन्य कार्रवाई में रतलाम जिले की आलोट थाना पुलिस ने 4 लाख रुपए कीमत के 21 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि पिछले दिनों भोपाल के हबीबगंज थाने में मोबाइल लूट की घटनाओं में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 4 लाख 70 हजार रुपए के 5 आईफोन सहित अन्य मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।



विट्टन मार्केट स्थित रामरोटी संस्थान द्वारा बुधवार को 11 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। छाया: एचसी वर्मा

### 'हमारी बस्ती में' गजल संग्रह का लोकार्पण




**जागरण, भोपाल।** दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में महेंद्र सिंह के गजल संग्रह 'हमारी बस्ती में' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनकी गजलों को सामाजिक सरोकारों से जुड़ी और समकालीन यथार्थ की अभिव्यक्ति बताया। अध्यक्षता करते हुए विजय बहादुर सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह ने संवेदनशील दृष्टि से समाज के यथार्थ को अभिव्यक्त किया है। पंकज सुबीर ने कहा कि कविता वही है जो खुद नारा बन जाए, जबकि रामप्रकाश त्रिपाठी ने उनकी गजलों में राजनीति की अनैतिकता के स्पष्ट संकेत बताए। लेखक महेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी रचनाएं सामाजिक विषमता, वर्ण व्यवस्था और श्रमिक वर्ग के संघर्ष को स्वर देती हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी ग़ज़लों का पाठ भी किया। विशिष्ट अतिथि महेश कटारे सुगम ने कहा कि उन्होंने प्रशासनिक सेवा में रहते हुए भी अन्याय के खिलाफ लेखन जारी रखा। कार्यक्रम का संचालन बद्र वास्ती ने किया तथा अंत में रामराव वामनकर ने आभार व्यक्त किया।

## जनगणना: आज से शुरू होगी स्व-गणना पोर्टल पर खुद दर्ज कर सकेंगे विवरण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर में जनगणना-2027 के प्रथम चरण की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होने जा रही है। इस बार नागरिकों को तकनीक का लाभ देते हुए स्व-गणना की सुविधा प्रदान की जा रही है। अब लोग स्वयं ऑनलाइन पोर्टल से अपने परिवार और मकान का विवरण दर्ज कर सकेंगे। प्रशासन के अनुसार, मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए स्व-गणना की यह सुविधा 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगी। जो नागरिक इस अवधि में अपनी जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनके घर 1 मई से 30 मई के बीच जनगणना प्रगणक (कर्मचारी) स्वयं पहुंचकर जानकारी एकत्रित करेंगे। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी प्रियंक मिश्रा और उप जिला जनगणना अधिकारी भुवन गुप्ता ने शहरवासियों से इस राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया न केवल सुगम है बल्कि डेटा की सटीकता भी सुनिश्चित करती है।

### ऐसे कर सकते हैं स्व-गणना

- **पंजीकरण:** पोर्टल पर राज्य का चयन कर परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करें। ध्यान रहे कि मुखिया का नाम और भाषा बाद में बदली नहीं जा सकेगी।
- **मैपिंग:** मानचित्र पर अपने आवासीय भवन की सटीक लोकेशन को चिन्हित करना होगा।
- प्रश्नावली: मकान सूचीकरण से संबंधित पूछे गए सवालों के जवाब पोर्टल पर दर्ज करें।
- **स्व-गणना पहचान संख्या प्राप्त करना:** डेटा सबमिट होने पर 11 अंकों की एक विशिष्ट च्स्व-गणना पहचान संख्याच (स्श्व-ङ्घ्ठ) जनरेट होगी, जो आपके मोबाइल और ईमेल पर प्राप्त होगी।

**प्रगणक को देनी होगी:** ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने के बाद भी क्षेत्रीय सत्यापन अनिवार्य होगा। जब जनगणना प्रगणक आपके घर आएंगे, तो उन्हें अपनी स्व-गणना पहचान संख्या दिखानी होगी। यदि डेटा का मिलान सही पाया जाता है, तो उसे अंतिम रूप से स्वीकार कर लिया जाएगा।

> राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में सभी शासकीय कर्मचारी और आम नागरिक सहयोग करें। स्व-गणना एक सुरक्षित और आधुनिक तरीका है।
>
> **प्रियंक मिश्रा,** कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, भोपाल



## एवीएम स्कूल में 'बालमन नाट्य कार्यशाला' का आयोजन



**जागरण, भोपाल।** एवीएम स्कूल में आयोजित 'बालमन नाट्य कार्यशाला' के तहत बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों के जरिए सीखने का अवसर दिया जा रहा है। इस कार्यशाला में बॉडी मूवमेंट, कविता पाठ, क्राफ्ट, ड्रॉइंग, गेम्स और स्टोरी टेलिंग जैसी गतिविधियां शामिल हैं, जिनसे बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है। मंगलवार को अर्चना कुमार ने पेपर मेशी (क्ले वर्क) पर विशेष सत्र लिया। इसमें करीब 55 बच्चों ने भाग लेकर गणेश प्रतिमा बनाना सीखा। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी कल्पनाशीलता का प्रदर्शन किया। कार्यशाला की निर्देशिका रचना मिश्रा के अनुसार ऐसे आयोजन बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूर रखते हुए उन्हें नई सीख से जोड़ने का काम करते हैं।

## स्थापना दिवस पर निनाद संगीतालय की सांस्कृतिक संध्या

### रवीन्द्र भवन में दिव्यांग कलाकारों की प्रस्तुति

**जागरण, भोपाल।** रवीन्द्र भवन में निनाद सांस्कृतिक विकास समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती एवं गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद मंच पर गीत-संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। निनाद संगीतालय से जुड़े बच्चों ने भजन और फिल्मी गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में दिव्यांग कलाकारों ने विशेष रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर दर्शकों को भावुक किया। आयाम संस्था के बच्चों ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। अक्षय चोरे, अभिजीत भाले और स्वर्णिमा कुशवाह ने लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं, वहीं आयुष चौहान ने कीबोर्ड और विकास खरे ने ड्रम पर संगत कर कार्यक्रम में ऊर्जा भर दी। संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण देकर मंच प्रदान किया जा रहा है। अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।




## पर्यटन क्विज की उपविजेता टीम का शैक्षणिक भ्रमण

**सैलानी आइसलैंड रिसोर्ट में विद्यार्थियों ने पर्यटन व संस्कृति की ली जानकारी**

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पर्यटन क्विज में भोपाल जिले की उपविजेता टीम ने सैलानी आइसलैंड रिसोर्ट का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण 14 से 15 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें 9 छात्र एवं 2 शिक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर क्विज मास्टर विक्रम सिंह बड़ोदिया और शिक्षिका रागनी सैनी भी मौजूद रहीं। विद्यार्थियों ने पर्यटन स्थलों की विशेषताओं, प्राकृतिक सौंदर्य और स्थानीय संस्कृति की जानकारी प्राप्त की। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने टीमवर्क, नेतृत्व और व्यवहारिक ज्ञान का अनुभव किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

## एनआईडी छात्रों की लघु फिल्मों का प्रदर्शन 17 अप्रैल को

**जागरण, भोपाल।** आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी और 'सिने क्लासिक' के संयुक्त तत्वावधान में 17 अप्रैल को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) भोपाल के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लघु वृत्तचित्र फिल्मों का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। यह निःशुल्क कार्यक्रम शाम 6:30 बजे अकादमी के मिनी थिएटर में आयोजित होगा। इन फिल्मों का निर्माण कम्युनिकेशन डिजाइन पाठ्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ फिल्मकार अरुण गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया है। फिल्मों में भोपाल के सामाजिक जीवन से जुड़े विविध विषयों को दर्शाया गया है, जिनमें जीवन के पछतावे, सड़क पर रहने वाले बच्चों की वास्तविकता, परंपरा और आधुनिकता का संतुलन तथा भाषा से जुड़ी धारणाएं शामिल हैं। कुछ फिल्मेंमानसिक संवेदनाओं, रिश्तों और सामाजिक सोच को भी संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत करती हैं। आयोजकों के अनुसार, ये फिल्में दर्शकों को नए नजरिए से समाज को समझने का अवसर देंगी।

## 2982 डाटा एंट्री ऑपरेटरों का लंबित वेतन भुगतान सुनिश्चित

**जागरण, भोपाल।** लोक शिक्षण विभाग ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए प्रदेशभर में आउटसोर्स के तहत कार्यरत 2982 डाटा एंट्री ऑपरेटरों के पिछले तीन-चार माह से लंबित वेतन भुगतान को सुनिश्चित किया है। नवनियुक्त आयुक्त अभिषेक सिंह द्वारा इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए, जिसके बाद प्रक्रिया को तेजी से पूरा कराया गया। वेतन लंबित होने से कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। विभाग के इस फैसले से उन्हें बड़ी राहत मिली है। आयुक्त के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय के वित्त कक्ष के उपसंचालक अमित श्रीवास्तव और उनकी टीम ने अवकाश के दिनों में भी कार्य कर प्रदेश स्तर पर समन्वय स्थापित किया और भुगतान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस प्रक्रिया में मध्यप्रदेश राच्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह राजपूत के प्रयासों से कर्मचारियों को उनका अधिकार मिल सका।

# पिछले साल के मुकाबले 10वीं का परिणाम गिरा 12वीं का सुधरा, प्रदेश में भोपाल 45वें नंबर पर

## नगर में आज

**नृत्यरंजिनी**
स्थान: रवीन्द्र भवन
समय: शाम 7 बजे

**'माह का प्रादर्श'**
निंगला पा-थोई: एक अनुष्ठानिक परिधान
स्थान: मानव संग्रहालय
समय: दोपहर 12 बजे से

**बाग उत्सव**
स्थान: गौहर महल
समय: दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक

**72 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
स्थान: लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
समय: दोपहर 12 बजे से

## संक्षिप्त खबरें

### लिव-इन पार्टनर ने बच्ची का किया अपहरण, गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** बजरिया थाना क्षेत्र में महिला के लिव-इन पार्टनर ने उसकी छह साल की बेटी का अपहरण कर लिया। जिसकी शिकायत पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को उत्तर प्रदेश में चलती ट्रेन से गिरफ्तार कर बच्ची को बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार द्वारका नगर निवासी महिला की छह साल की बेटी है। महिला के पति की मौत हो चुकी है और वह पिछले डेढ़ साल से शंकर राजपूत नामक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। मंगलवार दोपहर आरोपी युवक बच्ची को अपने साथ लेकर फरार हो गया। पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि आरोपी मूल रूप से सीतापुर का रहने वाला है और बच्ची को लेकर प्रतापगढ़ एक्सप्रेस से से वहां जा रहा है। इस पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश जीआरपी से संपर्क कर घेराबंदी कराई। इसी दौरान उरई रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया गया और बच्ची को सुरक्षित बरामद किया गया। बुधवार सुबह पुलिस टीम आरोपी और बच्ची को लेकर भोपाल पहुंची। जहां पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**पुलिस ने उप्र से बच्ची को किया बरामद**

## एमपी बोर्ड परिणाम: पिता मजदूर और मां स्कूल में आया, बेटी चांदनी चमकी, वाणिज्य समूह में प्रदेशभर में किया टॉप

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणाम की घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। बारहवीं का परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी रहा, जबकि दसवीं में 73.42 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। दसवीं का रिजल्ट पिछले साल की तुलना में 2.80 फीसदी गिरा है, जबकि बारहवीं के रिजल्ट में 1.53 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। दसवीं में पहला स्थान पन्ना की प्रतिभा सिंह सोलंकी ने हासिल किया है। प्रतिभा ने 500 में से 499 अंक प्राप्त किए हैं। दसवीं की स्टेट मेरिट में भोपाल की हिमांशी धाकड़ ने तीसरा स्थान हासिल किया है। उन्हें 500 में से 497 अंक मिले हैं। उसके बाद एक्लीसेंस स्कूल भोपाल की छात्रा मुस्कान कुशवाह रही है। मुस्कान ने 500 में से 494 अंक प्राप्त किए हैं। बारहवीं के परिणाम में सभी संकाय की टॉपर लिस्ट में वाणिज्य समूह में चांदनी विश्वकर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया है। चांदनी के 500 में से 494 अंक मिले हैं। चांदनी गुरुदेव शिक्षा केंद्र उमावि नीलबड़ में अध्ययनरत थी। मंत्रालय के सामने भीम नगर निवासी चांदनी के पिता रामभुवन विश्वकर्मा मजदूरी करते है, जबकि मां एक स्कूल में आया हैं। दो भाई-बहनों में सबसे बड़ी चांदनी ने दसवीं में भी मेरिट में जगह बनाई थी। इस बार चांदनी ने बारहवीं में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर भोपाल जिले का नाम रोशन किया है। स्कूल की प्राचार्या मेघा मुक्तिबोध का कहना है कि चांदनी पहली क्लास से स्कूल में पढ़ रही है। वह हमेशा से स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा रही है। एक्सीलेंस स्कूल की छात्रा खुशी राय ने भी कामर्स संकाय में 500 में से 494 अंक प्राप्त किए हैं। वह भी स्टेट में पहले स्थान पर है। लेकिन जन्मतिथि के आधार पर चांदनी को स्टेट में पहले स्थान पर माना गया है। खुशी के पिता नगर-निगम में कार्यरत हैं।



### दसवीं में 73.42 विद्यार्थी हुए सफल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं परीक्षा में 9,10523 परीक्षार्थी शामिल हुए। नियमित परीक्षार्थियों की संख्या 7,92,789 व स्वाध्यायी की 1,17,734 रही। दसवीं में 73.42 फीसदी नियमित व 26.38 फीसदी स्वाध्यायी विद्यार्थी पास हुए। नियमित छात्रों का उत्तीर्ण 69.31 प्रतिशत व नियमित छात्राएं 77.52 फीसदी पास हुई। शासकीय विद्यालयों का परीक्षाफल 76.80 व प्रायवेट स्कूल के 68.64 फीसदी विद्यार्थी पास हुए। प्रावीण्य सूची में 235 छात्राओं व 143 छात्रों कुल ने जगह बनाई है। प्रावीण्य सूची में इस वर्ष भी छात्राओं ने छात्रों की तुलना में अधिक स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ष दसवीं का परिणाम पिछले साल की तुलना में 2.80 फीसदी गिरा है।

### 12वीं का परिणाम 76.01 फीसदी रहा, प्रावीण्य सूची में 63 विद्यार्थी

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बारहवीं परीक्षा में कुल 6,97,308 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसमें नियमित परीक्षार्थियों की संख्या 6,15,494 व स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की संख्या 81810 रही। बारहवीं में 76.01 फीसदी नियमित व 30.06 फीसदी स्वाध्यायी परीक्षार्थी पास हुए है। बारहवीं में सरकारी स्कूलों का परीक्षाफल 80.43 व प्रायवेट स्कूलों के 69.67 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। प्रावीण्य सूची में 63 छात्र-छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है। परीक्षा में एक लाख 99 हजार 599 विद्यार्थी फेल हुए हैं।

### रिजल्ट में राजधानी ने किया निराश

दसवीं के रिजल्ट में भोपाल का 46वां स्थान रहा है, जबकि बारहवीं में 45वां स्थान मिला है। यह पिछले साल से बेहद निराशाजनक है। जिले की स्टेट मेरिट लिस्ट में एक्सीलेंस स्कूल के सबसे ज्यादा विद्यार्थी हैं। बारहवीं में झाबुआ का पहला स्थान व आखिरी दतिया जिले का है। दसवीं में पहले स्थान पर अनूपपुर व आखिरी स्थान दतिया जिले का है।

### मंडल की दूसरी पीरक्षा में विरोधाभाष

बोर्ड परीक्षा के जिन विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका देखना है या नंबरों की रिटोटलिंग कराना है उन्हें दस दिन का समय दिया है। जबकि दूसरी मुख्य परीक्षा के परीक्षा फार्म भरने के लिए सिर्फ सात दिन का समय है। परीक्षा फार्म 15 अप्रैल से 22 अप्रैल के बीच ही भरे जा सकेंगे। रिटोटलिंग का रिजल्ट परीक्षा फार्म भरने के बाद आएगा। इससे विरोधाभाष की स्थिति बनी हुई है।

## सीबीएसई: भोपाल रीजन में बेहतर रहा रिजल्ट, मेरिट लिस्ट जारी नहीं की

भोपाल रीजन में इस साल 10वीं की परीक्षा के लिए 1 लाख 15 हजार 889 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। भोपाल के निजी स्कूल के आस्तिक पाठक ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रांशी तिवारी ने 98.2 प्रतिशत, श्याम खंडेलवाल- 97, प्रखर दुबे- 97, पुरंजय पराशर-96.8 और इनाक्षी गुप्ता को 96 प्रतिशत अंक मिले हैं। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं की एग्जाम नए टू बोर्ड सिस्टम के तहत आयोजित की है। पहला बोर्ड एग्जाम (अनिवार्य) 17 फरवरी से 11 मार्च को हुआ था।

**सेक्शन 2 के एग्जाम 15 मई से:** 10वीं बोर्ड सेशन - 2 एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो अंकों में सुधार चाहते हैं। अधिकतम 3 अंकों में सुधार का मौका मिलेगा। 2 विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट कैटेगरी में रखा गया है, जो दूसरी एग्जाम दे सकते हैं। तीन या ज्यादा सब्जेक्ट में फेल छात्र 2027 की मेन एग्जाम देनी होगी।

**अनुशी और नम्रता प्राप्त किए 96 प्रतिशत अंक:** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा अनुशी खरे पिता आलोक खरे निवासी रीगल मोहिनी होम्स अवधपुरी ने 10वीं सीबीएसई में 96 प्रतिशत अंक सेंट जेवियर स्कूल बरखेड़ा की छात्रा नम्रता श्रीवास्तव पिता राजीव लोजन श्रीवास्तव ने 10वीं सीबीएसई में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की है।



अनुशी खरे परिवार के साथ।



नम्रता

# गैस सिलेंडरों की मारामारी, 15 दिन बाद भी नहीं हो रही डिलीवरी

## राजधानी की कई गैस एजेंसियों पर दिखी लंबी लाइनें

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में रसोई गैस सिलेंडरों के लिए मची मारामारी थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को एक बार फिर गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। मिनाल रेसीडेंसी, अयोध्या बायपास, करोंद और जहांगीराबाद सहित कई इलाकों में सुबह से ही गैस एजेंसियों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर की बुकिंग कराए 15 दिन से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आपूर्ति अब तक ठप है। हंगामे की एक बड़ी वजह ई-केवाईसी प्रक्रिया भी रही। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की कि केवाईसी अपडेट न होने के कारण उनकी बुकिंग ही नहीं ली जा रही है। वहीं, मिनाल रेसीडेंसी स्थित एचपी की फिनिप्स गैस एजेंसी पर स्थिति और भी तनावपूर्ण रही। वहां मौजूद लोगों ने प्रशासन को बताया कि एजेंसी की ओर से उन्हें मैसेज मिल रहे हैं कि सिलेंडर घर पहुंच चुका है, जबकि हकीकत में उन्हें कोई डिलीवरी नहीं मिली। इस कागजी डिलीवरी से नाराज होकर लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। एजेंसियों पर बढ़ते तनाव और शिकायतों को देखते हुए जिला खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम एक्शन मोड में आई। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन के नेतृत्व में प्रशासनिक अमले ने फिनिप्स एजेंसी सहित कई ठिकानों पर औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर और ऑनलाइन बुकिंग के रिकॉर्ड खंगालने शुरू कर दिए हैं।



# स्विमिंग पूल में तैरते समय बिजनेसमैन की मौत साइलेंट अटैक की आशंका

**जागरण,भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रकाश तरण पुष्कर में तैराकी के दौरान बिजनेसमैन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शुरुआती जांच में साइलेंट हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 62 वर्षीय संजय त्यागी शाहपुरा स्थित अमलतास कॉलोनी में रहते थे। वह बिजनेसमैन थे और पिछले 25 वर्षों से इस स्विमिंग पूल के नियमित सदस्य थे। बुधवार शाम सवा 6 बजे वह स्विमिंग पूल में तैर रहे थे, तभी अचानक बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद स्विमिंग ट्रेनर और पुलिसकर्मी लोकेश जोशी ने तुरंत उन्हें सीपीआर दिया, जिससे कुछ समय के लिए उनकी सांसें लौट आईं। इस दौरान गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन इससे पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया है। गुरुवार को शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि जिस पूल में घटना हुई, उसकी अधिकतम गहराई 6 फीट है, जबकि घटनास्थल पर पानी की गहराई करीब 4 फीट ही थी। ऐसे में डूबने की संभावना कम और हृदयाघात (कार्डियक अरेस्ट) की आशंका अधिक जताई जा रही है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**रिपोर्ट** दुष्कर्म-लूट में कमी, डकैती में इजाफा; साइबर फ्रॉड सबसे बड़ी चुनौती

# 3 साल में घटे मर्डर, अपहरण की वारदातें बढ़ीं

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में 2023 से 2025 के बीच राज्य में जहां हत्या और दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों में कमी दर्ज की गई है, वहीं अपहरण और डकैती के बढ़ते मामलों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में अपराध का ट्रेंड बदल रहा है। खास तौर पर लड़कियों के अपहरण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साल 2023 में जहां 10,631 लड़कियां अगवा हुईं, यह संख्या 2024 में बढ़कर 11,436 और 2025 में 12,582 तक पहुंच गई। इसके अलावा डकैती के 2023 में 94 मामले दर्ज हुए थे जो 2024 में 96 और 2025 में बढ़कर 102 हो गए। अपहरण और डकैती के बढ़ते मामलों के बीच हत्या और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में गिरावट आई है। जानलेवा हमले के मामले भी घटे हैं। पुलिस द्वारा थानों से एकत्र आंकड़ों के मुताबिक 2025 में दुष्कर्म के मामलों में भी कमी आई है। पिछले दो साल के भीतर रेप की एफआईआर की संख्या 1200 कम हो गई है।

### साइबर फ्रॉड की हर घंटे 8 वारदातें

इन पारंपरिक अपराधों के बजाय अब पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती डिजिटल और साइबर अपराध बन गए हैं। सड़कों पर होने वाली लूट और हत्याओं के आंकड़े भले ही कम हो रहे हैं, लेकिन डिजिटल अपराध की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश में हर घंटे 8 साइबर केस की शिकायतें सामने आ रही हैं। साढ़े पांच साल में इंटरनेट और डिजिटल माध्यमों से होने वाले अपराधों ने अन्य सभी मामलों को पीछे छोड़ दिया है। 2021 में साइबर फ्रॉड के 13,768, 2022 में 26,053, 2023 में 52,846, 2024 में 68,578 मामले और 2025 में 72,000 से अधिक केस सामने आए हैं। सरकारों और जांच एजेंसियों की एडवाइजरी के बाद भी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश में साइबर अपराधों के मामले में मध्य प्रदेश टॉप 12 राच्यों में शामिल हो गया है।




### प्रदेश में अपराधों का तुलनात्मक विवरण

| अपराध की श्रेणी | 2023 | 2024 | 2025 | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| लड़कियों का अपहरण | 10,631 | 11,436 | 12,582 | वृद्धि |
| डकैती | 94 | 96 | 102 | वृद्धि |
| हत्या | 1,916 | 1,719 | 1,553 | कमी |
| दुष्कर्म | 4,405 | 4,082 | 3,226 | कमी |
| लूट | 1,320 | 979 | 798 | कमी |
| हत्या का प्रयास | 1,816 | 1,313 | 1,072 | कमी |


माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश

महत्वपूर्ण सूचना
द्वितीय परीक्षा

वर्ष 2026 की हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी के अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा देने अथवा अंक सुधार के लिए
द्वितीय परीक्षा का आयोजन

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा अब तक आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों अथवा अंक सुधारने के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।
- द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्र मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही एम.पी. ऑनलाइन के कियोस्क पर अपनी मुख्य परीक्षा के परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय, अनुक्रमांक (रोल नंबर) की जानकारी देकर शुल्क का नगद भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे।
- द्वितीय परीक्षा में छात्र को अनुत्तीर्ण विषयों का चयन अनिवार्य है परन्तु उत्तीर्ण विषयों का चयन स्वैच्छिक है।
- द्वितीय परीक्षा की अंक सूची मुख्य परीक्षा की भांति जारी की जायेगी।
- मंडल द्वारा जारी अंक सूची का अधिभार सर्वमान्य है।
- वर्ष 2026 की हाईस्कूल द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 19 मई 2026 तक एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा दिनांक 07 मई 2026 से 25 मई 2026 तक प्रातः 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
- अंतिम तिथि 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मुख्य परीक्षा का रिजल्ट घोषित होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में परीक्षा आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।

विस्तृत जानकारी एवं परीक्षा का कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/125331/2026

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## 'आर्थिक आतंकवाद' का असर पूरे महाद्वीप पर

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप के आदेश पर अमरीकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग की नाकेबंदी कर दी है। ईरान के बंदरगाहों पर पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। जो जहाज ईरान को 'टोल' देकर गुजरते रहे हैं, अमरीका उन पर भी नाकेबंदी करेगा। उन जहाजों को भी रोका जाएगा और जांच होगी। युद्ध का नया आयाम खुल गया है। क्या अब ईरान के प्रतिरोध पर 'समुद्री युद्ध' का आगाज हो सकता है? चूंकि ईरान 90 फीसदी कच्चा तेल चीन को निर्यात करता रहा है, लिहाजा चीन की चेतावनी सामने आई है कि ईरान के साथ उसका समझौता है, लिहाजा उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मुद्दे पर चीन के साथ रूस भी है। क्या अब चीन-रूस बनाम अमरीका का नया टकराव सामने आ सकता है? हम स्पष्ट कर दें कि फिलहाल विश्व युद्ध के कोई आसार नहीं हैं, हालांकि कुछ टीवी चैनल सनसनी पैदा करने की गरज से अफवाह फैला रहे हैं।*

*बहरहाल अमरीका और ईरान नाकेबंदी के जरिए जो कुछ कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से 'आर्थिक आतंकवाद' है। यदि एशिया महाद्वीप की ही बात करें, भारत-चीन-जापान जिसका हिस्सा हैं, उसकी करीब 389 करोड़ आबादी तेल-गैस और अन्य सामान से वंचित है। तेल रुकने से 59 फीसदी वैश्विक महंगाई बढ़ गई है। होर्मुज से 3 अरब बैरल तेल औसतन हररोज गुजरता था। खाने-पीने की चीजें, उर्वरक आदि के गंभीर संकट पैदा होते जा रहे हैं। भारत भी 35-40 फीसदी कच्चा तेल होर्मुज के रास्ते ही आयात करता था। भारत सरकार के पास मात्र 9.5 दिन के तेल का रणनीतिक भंडार है, शेष 64.5 दिनों के भंडारण तेल कंपनियों के पास हैं। भारत की आबादी के मद्देनजर यह तेल 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान है। ईरान युद्ध और अब होर्मुज की नाकेबंदी के प्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय उद्योग पर भी दिखने लगे हैं। मसलन-राजस्थान के मेंहदी कारोबार का 300 करोड़ रुपए का सामान ठप पड़ा है। इसके अलावा, कांच की चूड़ियों का कारोबार, सिरेमिक टाइल्स, प्लास्टिक के उद्योग और खाद की कमी से खेती आदि पर घोर संकट हैं। देश में 22 अरब रुपए का नुकसान हो चुका है। करीब 5.5 लाख रेस्तरां, छोटे होटल या तो बंद हो चुके हैं अथवा तालाबंदी के कगार पर हैं।*

*श्रमिक पलायन कर अपने गांव लौट रहे हैं अथवा हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस 'आर्थिक आपातकाल' में कंपनियां भी मजदूरों को पर्याप्त मेहनताना कैसे दें, क्योंकि उनके उत्पाद भी बेकार पड़े हैं। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात करता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। भारत ने एक बार फिर रूस से 19.75 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह 2025 जितना ही है। हालांकि अमरीका की घुड़की और टैरिफ के भय के कारण भारत ने यह खरीद 6 लाख बैरल तक घटा दी थी। इसी तरह 2019 से ईरान से तेल लेना भी बंद कर दिया था। अब मौजूदा दौर में ईरानी तेल के दो टैंकर (20-20 लाख बैरल) भी भारतीय तटों पर आए हैं। अब हम अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, ओमान आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करने को विवश हैं। भारत की विदेश नीति, तेल आयात नीति और भंडारण की नीति सवालिया हैं। दरअसल हम कुआं खोदना तब शुरू करते हैं, जब आग धधकने लगती है। तेल का भंडारण आज भी उतना ही है, जितना 2014 में था। चीन में 110-140 दिन का भंडारण है और जापान 254 दिन के तेल का भंडारण रखता है। बहरहाल फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, स्पेन सरीखे सहयोगी देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप की नाकेबंदी का विरोध किया है। वे अपने 'शांति मिशन' पर अलग से विचार कर रहे हैं। अमरीका के निशाने पर ईरान के साथ-साथ चीन भी है, जिसकी तेल-आपूर्ति पर भी पहरेदारियां बिठा दी गई हैं। कुल मिला कर ये हरकतें 'आर्थिक आतंकवाद' नहीं हैं, तो क्या हैं?*

प्रसंगवश

## दिल्ली-देहरादून राजमार्ग महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारा

*निस्संदेह, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन भारत के संरचनात्मक विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो सकता है। जो राष्ट्रीय राजधानी और उत्तराखंड के प्रवेश द्वार के बीच यात्रा के समय को छह घंटे से घटाकर ढाई घंटे करने का वायदा करता है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित यह एक्सप्रेसवे उत्तराखंड ही नहीं, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उद्योग व पर्यटन को बढ़ावा देगा। यह राजमार्ग महज एक सड़क ही नहीं है, बल्कि कई क्षेत्रों, बाजारों और अवसरों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आर्थिक गलियारा भी है। इस राजमार्ग के बनने से जहां परंपरागत मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं बेहतर कनेक्टिविटी से देहरादून और मसूरी आदि अन्य हिल स्टेशनों में पर्यटन बढ़ेगा।*

*निस्संदेह, इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। माना जा रहा है कि खाद्यान्न, भंडारण और रियल एस्टेट में भी इस परियोजना के लाभ नजर आएंगे। कह सकते हैं कि यह एक्सप्रेसवे भारतमाला जैसी परियोजनाओं के तहत एकीकृत, उच्च गति वाले गलियारों के लिये केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लक्ष्यों को पूरा करता है। वहीं दूसरी ओर इस परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें विकास और पारिस्थितिक संवेदनशीलता के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया गया है। प्रतिष्ठित राजाजी पार्क क्षेत्र से गुजरने वाला यह ऊंचा वन्यजीव गलियारा, जिसमें वन्य जीवों के लिये अंडरपास बनाये गए हैं ताकि उनके प्राकृतिक आवागमन मार्गों में किसी तरह का व्यवधान पैदा न हो। जो इस मान्यता की कसौटी पर खरा उतरता है कि विकास के बुनियादी ढांचे को प्रकृति के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए।*

*हाल के वर्षों में देश की विभिन्न बड़ी विकास योजनाओं वाले क्षेत्रों में वन्य जीवों और मनुष्य के बीच जो संघर्ष बढ़ा है, वो विकास को पर्यावरण व वन्यजीवों के अधिवास के अनुकूल ढालने की जरूरत बताता है। कर्नाटक के हाथी गलियारे- जो बांदीपुर,नागरहोल और आसपास के जंगलों को जोड़ते हैं, दर्शाते हैं कि कि कैसे संपर्क मार्गों से वन्य जीवों के प्रवास-मार्ग की सुरक्षा होती है। जिससे मानव व वन्य जीवों का संघर्ष कम होता है। ऐसे में यदि दिल्ली-देहरादून राजमार्ग में अभिनव प्रयास प्रभावी साबित होते हैं, तो यह नया एक्सप्रेसवे पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में भविष्य की परियोजना के लिए एक आदर्श साबित हो सकता है। हालांकि, इस राजमार्ग को लेकर कुछ चिंताएं अभी बाकी हैं। राजमार्ग को पूरा करने के दौरान अंतिम समय में निर्माण कार्यों में किए गए सुधार और इसमें पहले हुई कुछ देरी की रिपोर्टों से कार्य निष्पादन की गुणवत्ता व समय सीमा के दबाव को लेकर सवाल भी उठे हैं। निस्संदेह, किसी संरचना के बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन उसकी मजबूती, सुरक्षा उपायों और दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रभावों के आधार पर ही होना चाहिए। निर्विवाद रूप से इस महत्वाकांक्षी परियोजना की वास्तविक सफलता इस बात पर भी निर्भर करेगी कि यह पारिस्थितिक और संरचनात्मक गुणवत्ता से समझौता किए बिना दक्षता को बनाये रखे।*

*इसके अलावा पर्वतीय राज्य उत्तराखंड की सांस्कृतिक अस्मिता और पर्यटन के दबाव से भूगर्भीय संवेदनशीलता की भी रक्षा हो। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव से भूस्खलन व पर्यटकों का दबाव झेल रहे हिमालयी राज्यों में पर्यटन प्रकृति व स्थानीय संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए। आने वाले दिनों में दिल्ली-देहरादून राजमार्ग उत्तराखंड की चारधाम यात्रा को भी गति देगा, जिससे श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से विस्तार होना निश्चित है। वहीं चीन से मिलने वाली किसी चुनौती से निपटने में सेना की गतिशीलता, रसद व सैन्य आपूर्ति में भी यह राजमार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला है।*




न्यायपालिका

वर्मा द्वारा उठाए गए सवालों पर तीनों पहलुओं की सामूहिक पड़ताल जरूरी

## जस्टिस वर्मा के इस्तीफे से उपजे सवाल

विराग गुप्ता

कैश कांड के खुलासे के बाद 500 रुपये के नोटों के बंडलों से भरी बोरियों के जलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच की अग्नि परीक्षा पर खरा साबित होने के बजाय यशवंत वर्मा ने बदनामी अभियान के शिकार व्यक्ति का विक्टिम कार्ड खेलते हुए त्यागपत्र दे दिया है। हाई कोर्ट के दो जजों के फैसले से अपराधी को फांसी मिल जाती है, जबकि वर्मा के खिलाफ तीन हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की जांच समिति ने प्रतिकूल रिपोर्ट दी थी। पूर्व चीफ जस्टिस खन्ना की सलाह के बावजूद वर्मा ने त्यागपत्र देने से इन्कार कर दिया था, जिसके बाद महाभियोग से हटाने के लिए उनके खिलाफ जांच शुरू हुई। 13 पेज की चिट्ठी में सफाई देने के साथ वर्मा ने जांच की कार्यप्रणाली और निष्पक्षता पर अनेक सवाल उठाए हैं। इसलिए, राष्ट्रपति उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने से इन्कार कर सकती हैं। जांच समिति की एनओसी या राष्ट्रपति द्वारा इस्तीफा स्वीकार किए बगैर वर्मा ने एकतरफा तौर पर अगर पद छोड़ने का निर्णय लिया, तो उनके पेंशन और भत्तों पर संकट आ सकता है।

वर्मा ने 13 पेज की चिट्ठी में तीन बड़ी बातें लिखी हैं। पहली, कथित नोट जलने की घटना के समय वह दिल्ली के बंगले में मौजूद नहीं थे। बंगले से जुड़ा स्टोर रूम खुला रहता था, जिसमें नौकर, स्टाफ और सुरक्षाकर्मी कोई भी आ-जा सकता था। ऐसी खुली जगह पर कोई बुद्धिमान व्यक्ति बड़ी मात्रा में पैसे क्यों रखेगा? वर्मा की अनुपस्थिति में जले हुए नोटों के लिए उनकी कोई कानूनी जिम्मेदारी नहीं है।

दूसरी, अग्निकांड में जले हुए नोट असली थे या नोट जैसे दिखने वाले कागज, इस बारे में कोई ठोस प्रमाण नहीं है। तीसरी, आंतरिक जांच समिति की सुनवाई प्रक्रिया प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। वर्मा को सभी गवाहों से सवाल-जवाब का मौका नहीं दिया गया। उनके अनुसार, सिर्फ संदेह के आधार पर हाई कोर्ट के जज को फंसाना दुखद होने के साथ न्याय व्यवस्था की एक बड़ी विडंबना भी है।

हाई कोर्ट के जज के खिलाफ साजिश होना या उन्हें न्याय न मिलना पूरी न्यायिक और सांविधानिक व्यवस्था के लिए गंभीर संकट की बात है। लेकिन पूरे देश को हिलाने वाले कैश कांड में सबूतों को इकट्ठा करने वाले पंचनामा, अपराध की जांच के लिए एफआईआर और गवाहों के बयान नहीं हुए। पद की आड़ में वर्मा को पुलिस और सिस्टम से कई तरह की राहत मिली। उन खामियों को महाभियोग की सांविधानिक जांच से गड्डमड्ड करके वर्मा पूरे मामले को भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।



वर्मा के पत्र में उठाए गए सवालों पर न्याय की कसौटी के अनुसार तीनों पहलुओं की सामूहिक पड़ताल जरूरी है। किसी व्यापारी, नेता या अफसर के घर नोट जलने का मामला होता, तो टीवी चैनलों से सीधा प्रसारण शुरू हो जाता। जज से जुड़े इस हाई प्रोफाइल और संवेदनशील मामले में पुलिस और दमकल विभाग ने मौके पर पंचनामा नहीं बनाया। उसके बाद रातों-रात अधजले और जले नोटों का मलबा भी गायब कर दिया गया। सबूतों से छेड़छाड़ करने वाले परिवारजनों और स्टाफ के खिलाफ पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया। वायरल वीडियो और तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों की रिपोर्ट से साफ है कि जज के बंगले में बड़े पैमाने पर नोट थे। सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने संवेदनशील पत्रों और वीडियो के सार्वजनिक खुलासे की अनुमति दी थी। उन वीडियो में नोटों से भरे बोरे जलते हुए दिख रहे था। क्या जज के बंगले में किसी अन्य व्यक्ति ने साजिश के तहत नोट रखे थे? क्या जज को फंसाने के लिए नोट जलने का फेक वीडियो बनाया गया? या फिर असली नोटों के बजाए चूरन वाले जाली नोट जले थे? साजिश और अपराध से जुड़े इन पहलुओं पर वर्मा ने अभी तक पुलिस में शिकायत क्यों नहीं दर्ज कराई? नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश सभी जगहों पर सरकार और न्यायिक व्यवस्था में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ जनभावनाएं चरम पर हैं। संसद में सरकार के जवाब के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में जजों के खिलाफ 8,630 शिकायतें आईं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई के कोई आंकड़े नहीं हैं। भारत में जजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होती और उन्हें महाभियोग से हटाना असंभव-सा है। सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य आदेश के बाद जजों के खिलाफ लोकपाल की जांच नहीं हो सकती। एनसीईआरटी की किताबों में न्यायिक व्यवस्था से जुड़े भ्रष्टाचार के चैप्टर को हटाने के आदेश पर विवाद के दौर में कैश कांड के दुर्योग से जस्टिस वर्मा सोशल मीडिया पर लोगों के निशाने पर हैं।

जजों का निलंबन नहीं होता, लेकिन कैश कांड के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश से वर्मा ने जज के नाते कोई भी प्रशासनिक या न्यायिक कार्य नहीं किया। इसके बावजूद उन्हें वेतन और भत्ते मिल रहे थे। वर्मा के इस्तीफे के बाद महाभियोग की कार्रवाई खत्म होने के साथ सांविधानिक सुरक्षा भी खत्म हो सकती है। वर्मा को पेंशन स्वीकृत करने के पहले कैश कांड से जुड़े पैसे के स्रोत, गायब पैसे के ठिकाने, भ्रष्टाचार और हवाला से जुड़े पहलुओं की पारदर्शी जांच जरूरी है। कई दलों के 146 सांसदों ने जज को हटाने के लिए महाभियोग पर सहमति दी थी। इसलिए अब इस मामले से जुड़ी सभी जांच रिपोर्टों का खुलासा भी होना चाहिए।

इस मामले से जुड़ी जांच में हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट, सरकार और संसद सभी शामिल हैं। तीन मुख्य न्यायाधीशों की रिपोर्ट के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियुक्त जांच समिति भी यदि उन्हें दोषी मानती है, तो वर्मा के खिलाफ एफआईआर के साथ आपराधिक मामला शुरू हो सकता है। वर्मा ने अपने पत्र में लिखा है कि इतिहास इस बात को जरूर दर्ज करेगा कि एक मौजूदा हाई कोर्ट जज के साथ कितनी नाइन्साफी की गई। अगर हाई कोर्ट के वरिष्ठ जज को साजिशन फंसाने या न्यायिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार के आपराधिक तंत्र जैसे पहलुओं की पारदर्शी जांच से सच सामने नहीं आता है, तो जजों के साथ संविधान के प्रति लोगों का भरोसा कमजोर होगा। इस प्रकरण के बाद जजों की संपत्ति की अनिवार्य सार्वजनिक घोषणा और नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली में सुधार से भाई-भतीजावाद को कम करने के लिए कानूनी सुधार के लिए सरकार को जरूरी कदम उठाने की भी जरूरत है।

खुला मंच

## नहीं हुआ युद्ध विराम लोगों की नींद हराम

राकेश सोहम

चलो, युद्ध विराम हुआ। कुछ समय के लिए ही सही, एक झंझट मिटा कि ट्रंप ने ईरान पर कितने बातूनी बम बरसाए? पिद्दी पाक की मध्यस्थता में जिद्दी अमेरिका और तुर्रम ईरान की समझौता वार्ता का क्या हश्र हुआ? होमुर्ज के रास्ते में क्या दिक्कत है? बस अब गैस की चिंता रह गई है। घर में कितने सिलेंडर हैं? भरे हैं या खाली। उनमें कितने दिनों की सांसें बाक़ी हैं? खाली सिलेंडर का क्या करना है? नंबर लगाने से रिफिलिंग हो जाएगी या जुगाड़ भिड़ानी होगी। शर्मा जी से मिलें या वर्मा साहब को पत्र या ईमेल लिखें।

ननकू का नालायक लड़का गैस एजेंसी में उठा-धरी का काम करता है। एक बार बहुत बेइज्जती की थी उसकी। अब ननकू के हाथ-पैर जोड़ना पड़ेंगे, । सब ट्रंप की माया है। ननकू से दो मीठे बोल बोलकर काम निकालना पड़ेगा। वैसे गैस की समस्या कौन-सी हमेशा रहने वाली है। सरकार ने कह दिया है कि घबराने की जरूरत नहीं है। वितरकों के पास गैस की पर्याप्त जमाखोरी उहं... भंडार है।

इधर जनकलाल के दिमाग का एक हिस्सा चिंतामुक्त है। पर दूसरे हिस्से में गैस मंडरा रही है। श्रीमती जनकलाल ने समझाया कि परिवार में बाकी गैस सिलेंडर हैं। एक सिलेंडर खाली पड़ा भी रहे तो क्या हर्ज़ है। पर जनकलाल दीवाने हो गए हैं। उनकी हालत 'एक तू न मिला, सारी दुनिया मिली भी तो क्या है' वाली हुई पड़ी है। श्रीमती जनकलाल ने बड़े प्रेम से गणितीय अंदाज में समझाने की कोशिश की, 'देखो, घर में पांच उम्रदराज सदस्यों के लिए दो-दो रोटियां सेंकने में कितनी गैस लगती है? एक सिलेंडर लगभग डेढ़ माह चलता है। आप बिला-वजह परेशान हो रहे हैं।'

जनकलाल के भेजे में तो गैस अटकी हुई है। वे रोज़ सुबह खाली गैस सिलेंडर लेकर निकलते हैं और शाम को खाली सिलेंडर लिए वापस आ जाते हैं। वे ऑटो रिक्शा में जाते हैं। तेज धूप से बचे रहते है। थकान भी नहीं होती। आटो रिक्शा को गैस वितरण की लाइन में खड़ा करवा लेते हैं और अंदर बैठे इंतजार करते हैं। रिक्शा चालक तंबाकू चबाता रहता है। शाम को घर पहुंचाकर दिनभर का किराया वसूलता है।श्रीमती जनकलाल परेशान हैं। चार दिन भटकते हो गए। तीन सिलेंडर के दाम के बराबर आटो वाला झटक ले गया है, लेकिन जनकलाल का 'दिल है कि मानता नहीं'। अगली सुबह फिर ऑटो रिक्शा के रथ पर सवार होकर गैस के मैदान-ए-जंग की ओर कूच कर जाते हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

मोदी सरकार की ऐतिहासिक पहल को सभी राजनैतिक दलों से समर्थन की उम्मीद

## नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अब भागीदारी



नितिन नबीन

निश्चित ही यह अवसर ऐतिहासिक है। आज से भारतीय संसद का तीन दिवसीय सत्र में एक ऐसे युगांतरकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो हमारे विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी राजनीतिक दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है। यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है।

दरअसल, सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस महत्वपूर्ण यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। इतना ही नहीं मोदी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है:

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ** - बेटियों के प्रति सोच बदली, उनका आत्मविश्वास और अवसर दोनों बढ़े।

**मुद्रा योजना** - महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया

**प्रधानमंत्री आवास योजना** - घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला



**सुकन्या समृद्धि योजना** - बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** - महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जीवन स्तर बढ़ा।

**मिशन इंद्रधनुष** - टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** - गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।

**नल से जल** - घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन अधिक सहज हुआ

**लखपति दीदी** - महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं।

इसी तरह से मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाकर उनका आत्मसम्मान बढ़ाते हुए अधिकार संपन्न बनाया।

ये सब उदाहरण, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। अब नीति-निर्धारण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए हैं। यह केवल आश्वासन नहीं है, उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें।

ध्यान दिया जाए तो पता लगेगा कि यह संसद में महिलाओं की संख्या को बढ़ाने मात्र का ऊपरी प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परम्परा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता और शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताओं के रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिन्तन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया है। आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार चेता राजमहिषी ने अपने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि और राष्ट्र प्रेम के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की।

वर्तमान भारत के निर्माण में भी हमारी बेटियों का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डॉ. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से, 'मिसाइल वुमन' टेसी थॉमस के वैज्ञानिक पराक्रम तक, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। खेल के मैदान में पी.टी.ऊषा,पी.वी. सिंधु, मैरीकॉम और मिताली राज और साइना नेहवाल ने तिरंगे की शान बढ़ाई है, तो कला और संगीत के संसार में लता मंगेशकर और आशा भोंसले जैसी सुर साम्राज्ञियों ने अपनी स्वर साधना से विश्व में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। यह सूची अनंत है, जो प्रमाणित करती है कि स्त्री शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में है।

संसद में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने का यह निर्णय 'वैदिक गरिमा' और 'आधुनिक प्रगति' का सुंदर संगम है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की पवित्र भावना शामिल है। यह विधेयक उन करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में स्वयं को खपा दिया। इस बदलाव का क्रांतिकारी प्रभाव हमारे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा, जहां महिलाएं अब नेतृत्वकारी भूमिका में उभरेंगी। यह सक्रिय भागीदारी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा वातावरण बनाएगी जहां बेटियां केवल सपने नहीं देखेंगी, बल्कि उन्हें साकार करने का सामर्थ्य और वैधानिक अधिकार भी रखेंगी। इस विधेयक को लेकर सरकार की मंशा कितनी पवित्र है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी एक पार्टी के एजेंडा की जीत नहीं , बल्कि सभी के प्रयासों की जी है है सारा क्रेडिट हिंदुस्तान के सभी राजनीतिक दलों को है,जो पिछले तीन-चार दशकों से लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं।

हमारी संसद देश के प्रबुद्ध और उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। राष्ट्र की जनता हमारी हर गतिविधि और सरोकार को सूक्ष्मता से परखती है। माननीय सांसदों से यह विनम्र अपेक्षा है कि वे राष्ट्र के सामूहिक मन को समझें। आज समय की मांग है कि हम दलगत सीमाओं से ऊपर उठें। एक विनम्र कार्यकर्ता और इस महान संस्था के सदस्य के नाते मेरी अपील है कि इस नारीशक्ति के सामर्थ्य और स्वालंबन के 'अभिषेक अनुष्ठान' में अपने समर्थन की आहूति अर्पित करें। यह सामूहिक प्रयास ही यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य का भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक न्याय और नारी गौरव के मामले में भी विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। हमारा सामूहिक प्रयास ही समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका तय करेगा।

**लेखक-भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं**

जीवन दर्शन

## जीवन में संतुलन के लिए खुद से रूबरू होना अनिवार्य

जब व्यक्ति यह निर्णय लेता है कि वह अपनी कमियों को समझेगा और उन्हें दूर करने का प्रयास करेगा, तब वह अपने भीतर एक गहरे संवाद की शुरुआत करता है। यह संवाद उसे अपने वास्तविक स्वरूप के निकट ले जाता है।

अपनी नाराजगी को केवल एक नकारात्मक भावना मानकर नजरअंदाज करना उचित नहीं है। यह दरअसल हमारे भीतर से आने वाला एक संकेत है, जो हमें हमारी छिपी हुई सच्चाइयों और अधूरी समझ के बारे में बताता है। यदि हम ठहरकर इसे समझने का साहस करें, तो यही नाराजगी आत्म-ज्ञान और आंतरिक विकास का माध्यम बन सकती है। निस्संदेह, इसमें कुछ कमियां व विकृतियां भी होती हैं, और जब यह अहंकार और छल के साथ जुड़ जाती है, तो हमारे पतन का कारण भी बन सकती है। लेकिन यही वह मोड़ है, जहां हमें इसे अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी शक्ति में बदलना होता है। जब हम अपनी नाराजगी को समझदारी, विनम्रता और सत्य के साथ संतुलित करते हैं, तो वह हमें भीतर से मजबूत बनाती है और ऊंचाइयों की ओर ले जाती है। नाराजगी का अर्थ हमेशा दो स्थितियों की ओर इशारा करता है। पहला, जब व्यक्ति स्वयं अपरिपक्व होता है। ऐसी स्थिति में उसे शिकायतों में उलझे रहने के



बजाय स्वयं को अनुशासित करना चाहिए, अपने भीतर झांकना चाहिए और जीवन की जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। दूसरा, जब वास्तव में अन्याय या दमन मौजूद होता है। इस परिस्थिति में चुप रहना केवल कमजोरी नहीं, बल्कि एक नैतिक चूक बन जाता है। तब आवाज उठाना आवश्यक हो जाता है, क्योंकि अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना ही सच्चे अर्थों में मानवता का परिचायक है। मनुष्य को यह समझना चाहिए कि उसे कब अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना चाहिए। दरअसल, जब उसके भीतर बदले की भावना पनपने लगे, जब उसके विचारों में विनाश और आक्रोश का विष भरने लगे, तब उसे समझ जाना चाहिए कि स्थिति अब असहनीय हो चुकी है। उस समय मौन रहना विनाश के समान है और साहस के साथ सत्य का पक्ष लेना ही उस विष को समाप्त करने का एकमात्र मार्ग है।

जब व्यक्ति यह निर्णय लेता है कि वह अपनी कमियों को समझेगा और उन्हें दूर करने का प्रयास करेगा, तब वह अपने भीतर एक गहरे संवाद की शुरुआत करता है। यह संवाद उसे अपने वास्तविक स्वरूप के निकट ले जाता है। यह वही प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने अंतःकरण की आवाज को सुनता है और उसे समझने का प्रयास करता है। जब मनुष्य ईमानदारी से स्वयं को समझने का प्रयास करता है, तब वह उस सत्य के संपर्क में आता है, जो उसे सही दिशा दिखाता है। जीवन का संतुलन इसी में निहित है कि हम अपनी भावनाओं को न दबाएं, बल्कि उन्हें समझें; अपनी कमियों से न भागें, उन्हें स्वीकार कर सुधारें और अन्याय के सामने न झुकें, बल्कि सत्य और साहस के साथ उसका सामना करें।

नाराजगी को दबाने या उससे भागने के बजाय उसे समझना सीखें, क्योंकि यही आपके भीतर छिपे सत्य का द्वार खोलती है। भावनाएं आपकी शत्रु नहीं, मार्गदर्शक हैं। उन्हें संयम, विवेक और सत्य के साथ संतुलित करें। यही संतुलन आपको आत्म-ज्ञान, आंतरिक शक्ति और सच्ची सफलता की ओर ले जाएगा। **- जॉर्डन बी पीटरसन**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्!**
**एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति !!**

**भावार्थ**

जिस तरह बिना एक पहिये के रथ नहीं चल सकता ठीक उसी तरह से बिना पुरुषार्थ किये किसी का भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता।

# 1983 में बनी सिंधी साहित्य अकादमी हासिल नहीं कर सकी असली मुकाम

## तीन साल पहले घटकर 30 लाख पहुंचा था बजट, अब बढ़कर 1.35 करोड़ पहुंचा

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** दशकों से आर्थिक तंगी का सामना कर रही मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी के पास भरपूर पैसा आ गया है, और वह अब पाई पाई की मोहताज नहीं है। हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 31 मार्च 2023 को भेल भोपाल के दशहरा मैदान पर सिंधियों के एकमात्र महामंडलेश्वर हंसराम महाराज एवं आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के समक्ष अकादमी को हर साल 5 करोड़ का बजट दिए जाने की घोषणा की थी, जिस पर तीन साल बाद भी अमल नहीं हो पाया है, लेकिन एक सुखद बात यह है कि चार साल पूर्व जहां अकादमी का बजट घटाकर केवल 30 लाख कर दिया गया था, अब वह 1.35 करोड़ के आंकड़े को छू रहा है। लेकिन अकादमी का पिछले कई सालों से सलाहकार मंडल का गठन नहीं हुआ है, इस पर राजनीतिक नेताओं की कठपुतली बनकर काम करने का आरोप भी कथित रूप से लगता रहा है।

### कवियों ने मचाई धूम

इधर सिंधु संगठन इंदौर के सहयोग से प्रदेश स्तरीय कवि सम्मेलन रखा था। साहित्यकार नारी लच्छवाणी, दिलीप लालवानी कवि कनयो शेवानी, ओमप्रकाश टहलियानी, कन्हैयालाल मोटवानी मांदो के अलावा द्रोपदी चंदनानी ने सामायिक विषयों पर कविता पाठ किया। यहां अमर गोपलानी के किताब वायदो कर का विमोचन भी किया गया।

**पैसे की कोई कमी नहीं:** अपने अध्यक्षीय उदबोधन में अकादमी के निदेशक राजेश वाधवानी ने कहा कि नए शायर पैदा करें, नए लेखक हों, एवं कहानीकार, ताकि सिंधी कार्यक्रमों का भी दायरा बढ़ाया जा सके क्योंकि अकादमी के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि जब वे पहली बार इस पद पर काबिज हुए तब केवल 30 लाख बजट था, बाद में बढ़कर 1.05 करोड़ हुआ। उन्होंने अब बजट बढ़कर 1.35 करोड़ होने का संकेत भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकारी अपनी है, उसमें बैठे लोग भी अपने हैं, इसलिए चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। कवियत्री नादिया मसंद, समाज सेवी हरीश शेवाणी, नमोश तलरेजा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समारोह का संचालन कवियत्री द्रोपदी चंदनानी ने किया।




### ऐसे हो सकता है उत्थान

अगर अकादमी चाहे तो सिंधी बाहुल्य इलाके संत हिरदाराम नगर, कटनी के अलावा इंदौर, सतना, रीवा, ग्वालियर, होशंगाबाद, गंजबासोदा आदि जहां जहां सिंधी कालोनियां हैं, वहां उस इलाके के सिंधी लिपि जानने वालों को प्रतिमाह 25 हजार का भुगतान कर उसी क्षेत्र के गरीब सिंधी परिवारों के बच्चों को प्रतिमाह पांच हजार का आर्थिक प्रलोभन देकर सिंधी सिखाई जा सकती है। अब जबकि बजट की कोई कमी नहीं है, तो कवि सम्मेलन, कहानी साहित्य, लेखन वर्कशाप पर विराम देकर केवल सिंधी लिपि को सिखाने पर जोर दिया जाना चाहिए। साथ ही प्रदेश सरकार से यह घोषणा करवाना चाहिए कि जो भी विद्यार्थी सिंधी में कक्षा 12वीं उत्तीण करेगा, उसे सरकारी स्कूल में शिक्षक एवं जो स्नातक या स्नातकोत्तर उत्तीण करेगा उसे कालेज में सहायक प्राधायक की नौकरी प्रदान की जाएगी। तब ही लिपि का विकास हो सकता है। इसके लिए वर्तमान निदेशक राजेश कुमार वाधवानी को प्रयास करने की आवश्यकता है, क्योंकि वे ग्वालियर से भाजपा के नेता हैं, और उनके असरदार विधायक भगवानदास सबनानी से गहरे संबंध हैं, वे उनके मार्फत मुख्यमंत्री से यह काम करा सकते हैं।

### 43 साल पहले बनी थी

जहां तक अकादमी के गठन का सवाल है, तो 1983 में उस वक्त के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह गठित किया ताकि प्रदेश में सिंधी लिपि, साहित्य, कला एवं संस्कृति का संरक्षण तथा संवर्धन हो सके। अकादमी के गठन को 43 साल का समय हो चुका है, लेकिन अगर बात की जाए सिंधी लिपि को रोजगार से जोड़ने की तो उसमें अकादमी कामयाब नहीं हो पाई है, उसका काम केवल कवि सगोष्ठी, कहानी वर्कशाप एवं साहित्य गतिविधियों तक सीमित रहा है। आज तक के जितने भी उपाध्यक्ष एवं निदेशक रहे हैं, उन्होंने सिंधी भाषा को आर्थिक प्रलोभन से जोड़ने का कभी प्रयास नहीं किया, जबकि उसके बिना इसका विकास संभव नहीं है। दुर्भाग्य की बात तो यह है कि 1983 से लेकर आज तक प्रदेश के सिंधी साहित्यकार, कलाकार, लेखक एवं कवि एक दर्जन सिंधी गीत नहीं लिख पाए हैं, आज भी शादी विवाह हो, भगवान झूलेलाल जयंती अथवा अन्य कोई आयोजन पाकिस्तान से आयातित सिंधी गीतों पर यहां का सिंधी समाज झूमता है।

# वाल्व खराब होने से पानी की सप्लाई बुरी तरह से प्रभावित

**परिषद के नलों पर लगी भीड़ महिलाएं अधिक परेशान**





**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर में एक बार फिर वन ट्री हिल्स पर चार लाख गैलन क्षमता वाली पानी की टंकी का वाल्व दगा दे गया, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा। मंगलवार की सुबह पानी की सप्लाई सामान्य रही, लेकिन उसके बाद वाल्व ने काम करना बंद कर दिया, जिसके बाद मंगलवार शाम को जहां जहां पानी की सप्लाई होती है, वह ठप रही। पानी नहीं आएगा, इसकी सोशल मीडिया पर जानकारी देना भी जरूरी नहीं समझा गया। मंगलवार से ही सूरज अपने असली रूप में सामने आने लगा है जब पारा 39 डिग्री तक जा पहुंचा ऐसे में शाम की सप्लाई नहीं होना मुसीबत से कम नहीं था। लोग एक दूसरे से पूछते रहे कि पानी कब आएगा कब आएगा। इधर बुधवार सुबह को कुछ इलाकों में पानी प्रदाय किया गया, लेकिन वह भी बहुत ही कम मात्रा में। बुधवार सुबह जहां जहां पानी की सप्लाई की जाती है, अब वहां गुरुवार की सुबह सप्लाई की जाएगी। जब इस बावत अधिकारी से बात की गई तब उन्होंने बताया कि वाल्व खराब हो गया है, इसलिए टंकी के पानी का लेवल कम कर वाल्व को निकालकर उसकी मरम्मत की जाएगी। इस अधिकारी ने बताया कि एडवांस में एक वाल्व रखा जाता है, जिसये फिट करने का प्रयास किया रहा है।

**चार साल में ऐसा पहली बार:** अधिकारी का दावा है कि पिछले चार साल में पहली बार ऐसा हुआ है जब सुबह की पानी की सप्लाई प्रभावित रही है, इससे पूर्व लगातार चार साल तक पानी नियमित रूप से प्रदाय किया जाता रहा है। जो गतिरोध आया है, उसे जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे बुधवार शाम की सप्लाई सामान्य रहने से जनता को कुछ राहत मिली।

**परिषद के नलों पर भीड़:** इधर मंगलवार की शाम एवं बुधवार की सुबह पानी नहीं आने से एक तरह से घर घर में हड़कम्प मचा हुआ था। मंगलवार को डा. आम्बेडकर जयंती के कारण अवकाश था और जब बुधवार को लोग दफ्तरों को जाने तैयार होने लगे तब पानी नहीं था। ऐसे में अनेक महिलाओं को आस पड़ोस के अलावा सामाजिक संस्था नव युवक परिषद द्वारा निजी स्तर पर जगह जगह बोरिंग करवाकर सार्वजनिक नलों से आम जनता को पिछले ढाई दशक से पानी की जो सप्लाई की जाती है, वहां लोगों की भीड़ नजर आई। अनेक महिलाओं को हांफते हुए 20-20 लीटर की पानी की केन अपने साथ घरों को ले जाते देखा गया। कुल मिलाकर वाल्व खराब होने से आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## नवनिर्मित प्रेम प्रकाश आश्रम का उद्घाटन आज

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** देश व दुनिया में प्रेम प्रकाश आश्रमों के संचालक एवं अध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज गुरुवार को संत हिरदाराम नगर में आ रहे हैं। वे



यहां एफ वार्ड रोड पर लाखों की लागत से बनाए गए प्रेम प्रकाश आश्रम के उदघाटन के अलावा प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य स्वामी टेऊँराम महाराज के श्री मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी करेंगे। आश्रम से जुड़े समाज सेवी बंसत चेलानी ने बताया कि स्वामी भगतप्रकाश महाराज मंडली के साथ पधार रहे हैं। बैरागढ़ बस स्टेण्ड से लेकर एफ वार्ड स्थित प्रेम प्रकाश मंडल आश्रम तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद स्वामी भगतप्रकाष जी महाराज के कर कमलों से जगदीवर भगवान श्री लक्ष्मीनारायण व टेऊँराम महाराज के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं आश्रम का उद्घाटन किया जाएगा।

## SUDOKU 07

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 1 | | | | | | 7 |
| | 6 | | 8 | | 9 | | 1 | |
| 9 | | | | 7 | | 3 | | 6 |
| | 1 | | 6 | | 3 | | 2 | |
| 2 | | | | | | 9 | | |
| | 7 | 3 | | | 5 | | 4 | |
| 5 | | | | 8 | | 6 | | |
| | 4 | 8 | | | 6 | | | 9 |
| 1 | | | 4 | | | 2 | 3 | |

## SOLUTIONS 06

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 1 | 3 | 5 | 2 | 8 | 9 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 |
| 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहेगा, खासकर बिजनेस वालों के लिए। आपकी योजनाएं आगे बढ़ेंगी और धन लाभ के संकेत हैं। परिवार में थोड़ा मनमुटाव हो सकता है।

**वृषभ :** निवेश के लिए दिन ठीक है, लेकिन उधार लेने या दिखावे में पैसा खर्च करने से बचें। धैर्य बनाए रखें, खासकर मुश्किल समय में।

**मिथुन :** आज आपको कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। काम में आपकी मेहनत और टैलेंट दिखेगा। पैसे के मामले में दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क :** आपको किसी जरूरी चर्चा में शामिल होना पड़ सकता है। नया वाहन लेने का योग है। बिजनेस में सुधार होगा और रुके काम पूरे होंगे। किसी की बातों में आकर झगड़ा करने से बचें।

**सिंह :** धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में तारीफ या प्रमोशन मिल सकता है। परिवार से जुड़े फैसले ले सकते हैं। किसी कार्यक्रम में अपनी बात जरूर रखें।

**कन्या :** जल्दबाजी में कोई काम न करें। सेहत को लेकर सावधान रहें। अपने जरूरी कामों को नजरअंदाज न करें। कोई पुराना मामला सुलझ सकता है।

**तुला :** दिन सामान्य रहेगा, लेकिन निजी जीवन की परेशानियां थोड़ा तनाव दे सकती हैं। पार्टनरशिप में सोच-समझकर काम करें। प्रॉपर्टी लेने का मौका मिल सकता है।

**वृश्चिक :** मेहनत से काम करने का दिन है। किसी बहस में पड़ने से बचें। भावनाओं में आकर फैसला न लें। आपकी आमदनी बढ़ सकती है, जिससे खुशी मिलेगी। रुका हुआ काम पूरा होगा।

**धनु :** नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए अच्छा समय है। व्यापार में खुशखबरी मिल सकती है। खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए संभलकर चलें।

**मकर :** पारिवारिक मामलों में सावधानी रखें। किसी लेनदेन में समस्या आ सकती है। धैर्य से काम लें और बड़ों की बात मानें।

**कुंभ :** आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। सामाजिक कामों में हिस्सा लेंगे। रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करें। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मीन :** नए लोगों से जुड़कर आपको फायदा मिलेगा। आपकी बातों और व्यवहार से लोग प्रभावित होंगे। मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**आज का पंचांग:** 16 अप्रैल गुरुवार 2026। **दिशाशूल :** दक्षिण दिशा में रहेगा। **भद्रा :** प्रातः 09 बजकर 27 मिनट तक। **विशेष :** पंचक। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल. वसंत ऋतु वैशाख मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 20 घंटे 12 मिनट तक तत्पश्चात अमावस्या उत्तरभाद्रपद नक्षत्र 13 घंटे 59 मिनट तक तत्पश्चात रेवती नक्षत्र ऐन्द्र योग 10 घंटे 38 मिनट तक तत्पश्चात वैधृति योग मीन में चंद्रमा।

# चिल्ड्रन होप की गार्गी जैन ने हासिल किए सर्वाधिक 98.8 प्रतिशत अंक

**संत नगर व गांधीनगर के स्कूलों में उत्सवी माहौल**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** बुधवार को माशिमं ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। राजधानी के पश्चिमी क्षेत्र गांधीनगर जहां ढाई दशक पूर्व कक्षा 8वीं के बाद शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी, और कन्याओं को इसके लिए बैरागढ़ आना पड़ता था, अब वहां ब्रह्मलीन स्वामी हिरदारम जी के आशीर्वाद से एक नहीं बल्कि कन्याओं के लिए दो दो हायर सेकंडरी स्कूल खुल गए हैं। चिल्ड्रन होप इंडिया हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं ने इस बार कक्षा 10वीं में बाजी मारी है। शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी के सचिव समाज सेवी घनश्याम बूलचंदानी ने बताया कि कक्षा 10वीं की छात्रा गार्गी जैन ने सर्वाधिक 98.8 अंक हासिल कर उपनगर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सिमरा जीमल नें 89 एवं गाथा जैन ने 97 प्रति. अंक हासिल कर उपनगर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। स्कूल की ही नम्रता लोधी ने 97.2, रिधिमा अहिरवार ने 97.2 व कीर्ति जैन ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह कक्षा 12वीं में अननया शर्मा को 97.2, भूमिका जैन को 94.6, वंदना सिंह पटेल को 93.6, आराध्य सिंह को 93. एवं रोशना आजम खान ने 91 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। चिल्ड्रन होप इंडिया की इन सभी सफल छात्राओं को घनश्याम बूलचंदानी शिक्षकों एवं अभिभावकों को भी बधाई दी है। गांधीनगर के ही लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकण्डरी स्कूल की कक्षा 12वीं की रिया राजपूत ने 95 प्रति. अंक हासिल किए हैं।



**मुकिता इंटरनेशनल स्कूल:** संत हिरदाराम नगर के मुकिता इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहा है। पीआरओ दीपा आहूजा एवं प्राचार्य सुतापा जायसवाल ने बताया कि कक्षा 12वीं की प्राची नावानी ने सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। अमृता मेवाड़ा ने 91.6 और कक्षा 10वीं मे अंश मालवीय ने 96.4 प्रति. अंक प्राप्त किये।

## मंडीदीप के छात्रों ने लहराया परचम, कई स्कूलों में टॉपर्स की शानदार सफलता

**जागरण, मंडीदीप ।** नगर के अधिकतर निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मशिमं की वर्ष 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कई छात्रों ने न केवल अपने विद्यालय में, बल्कि जिले और प्रदेश स्तर पर भी उल्लेखनीय स्थान हासिल किया। सीएल आर्य साइंस हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय के छात्र सोनू राठौर ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। वहीं जिले में भी उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया। इसी विद्यालय के कक्षा 10वीं के छात्र अर्पित पांडे ने 96.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला में पहला स्थान हासिल किया। विवेक जागृति हाई सेकेंडरी स्कूल के गणित संकाय से यश दमाड़े और प्रिया त्रिपाठी ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 10वीं में राखी चौहान ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पर रही। गोल्डनकेरी हायर सेकेंडरी स्कूल के तनिष्क रघुवंशी ने गणित संकाय में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 10वीं में नंदिनी शर्मा ने 96.6 प्रतिशत अंक के साथ बाजी मारी। दीप विद्या निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल की अनुष्का जाटव ने कॉमर्स संकाय में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कक्षा 10वीं में शिव रघुवंशी ने 98.02 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। तक्षशिला हायर सेकंडरी स्कूल के शैलेंद्र कश्यप ने गणित संकाय में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम स्थान हासिल किया।

# दो दिवसीय 29वां पारिवारिक सिंधी मेला 2 मई से: दरियानी

**विधायक भगवानदास सबनानी ने ली बैठक**

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** हर साल की तरह इस बार भी देर से ही सही पर वार्षिक सिंधी मेला भव्य एवं आकर्षक रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। हर साल इस तरह का प्रोग्राम भगवान झूलेलाल जयंती चेटीचंड के उपलक्ष्य किया जाता है। इससे पूर्व 28 मेले आयोजित किए जा चुके हैं, यह 29वां वार्षिक मेला होगा। भोपाल सिधी मेला समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवी मनीष दरियानी ने बताया कि मेला 2 एवं 3 मई को हलालपुर के समीप सुंदर वन मैरिज गार्डन में रखा गया है। इसके लिए भाजपा विधायक एवं समिति के संरक्षक भगवानदास सबनानी ने बैठक ली। मनीष दरियानी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी शाने सिंधियत एवं ओल्ड इज गोल्ड के खिताब समाज की प्रतिभाओं को दिए जाएंगे। मेले की तैयारियों को लेकर कबीर की कुटिया में समिति द्वारा एक विशेष बैठक हुई, जिसमें प्रमुख रूप सिंधी मेला समिति के संरक्षक एवं विधायक भगवानदास सबनानी व गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की खबर के बाद इस वर्ष नारी शक्ति पर मेले की थीम रखने का निर्णय लिया गया है। क्योकि नारी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। साथ ही लोगो को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को याद दिलाने के लिए लोगो को जागरूक करने का भी प्रयास इस सिंधी मेले के माध्यम से किया जाएगा। मनीष दरियानी ने बताया कि इस वर्ष पार्किंग एवं फूड जोन पर बहुत जायदा ध्यान दिया जाएगा।



# मंडीदीप में नपा ने लगाए सार्वजनिक प्याऊ, आमजन को मिलेगी राहत



**मंडीदीप ।** नगर में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पालिका प्रशासन ने जनहित में एक सराहनीय पहल की है। नागरिकों को राहत देने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर 'सार्वजनिक प्याऊ' की व्यवस्था शुरू की गई है। इस कदम से न केवल स्थानीय लोगों को बल्कि राहगीरों और मजदूर वर्ग को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर के प्रमुख स्थानों जैसे गणेश चौक, मंगल बाजार खेल मैदान के पास स्थित हनुमान मंदिर, एचईजी के सामने, एचईजी बस स्टैंड, सतलापुर जोड़ और सतलापुर थाने के सामने इन प्याऊ केंद्रों की स्थापना की गई है। ये सभी स्थान ऐसे हैं जहां दिनभर लोगों की आवाजाही अधिक रहती है, जिससे अधिकतम लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

## सम्मेलन के लिए 26 जोड़ों का पंजीयन

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** श्री नागर (धाकड़) समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के 39वें आयोजन में 26 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष संजीव नागर तामोट ने बताया कि सम्मेलन 20 अप्रैल दिन सोमवार अक्षय तृतीया को नागर धाकड़ समाज मैरिज गार्डन में होगा।

## मृतक की पत्नी को चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जागरण, औबेदुल्लागंज।** गौहरगंज तहसील के ग्राम अमोदा निवासी 75 साल के नंदलाल लोवंशी की 12 अप्रैल को अग्नि दुर्घटना में मौत हो गई थी। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने इस प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक नंदलाल लोवंशी के परिजन को शीघ्रता से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश एसडीएम गौहरगंज को दिए गए थे। एसडीएम गौहरगंज चन्द्रशेखर श्रीवास्तव ने नंदलाल की पत्नी सरजू बाई ग्राम अमोदा को चार लाख की सहायता स्वीकृत की है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, दुर्गा बाई व्याम पत्नी श्री सुभाष सिंह व्याम, आयु- वयस्क, निवासी-जेएल 846, कम्युनिटी हॉल, बिहाइंड ओल्ड पुलिस स्टेशन, कोटरा सुल्तानाबाद, भोपाल म.प्र. 462003 मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम दुर्गा बाई (DURGA BAI) अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दुर्गा बाई व्याम (DURGA BAI VYAM) अंकित है, जो कि सत्य एवं सही है। यह कि दोनों नाम दुर्गा बाई (DURGA BAI) एवं दुर्गा बाई व्याम (DURGA BAI VYAM) एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे स्वयं के हैं।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 0402A20108 आवेदन क्रमांक-10921 आवेदन दिनांक-22/01/2026
क्रमांक 1028/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 12/02/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना में स्थित प्रकोष्ठ क्रमांक 108 सेक्टर 04 बी, श्री सुरेंद्र बल्लभ आ. श्री खुशालमणी एवं श्रीमती मधु ममगांई पत्नी श्री सुरेंद्र बल्लभ के संयुक्त नाम पर आवंटित है। संयुक्त आवंटी में से श्रीमती मधु ममगांई का स्वर्गवास दिनांक 13/12/2025 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिसगण श्री सुरेंद्र बल्लभ आ. श्री खुशालमणी, नेहा ममगांई एवं मयंक ममगांई पुत्र एवं पुत्री श्री सुरेंद्र बल्लभ द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
केन्द्रीय कर्मशाला (मैके. शाखा)

क्र. 573/के.कर्म./2026 **निविदा सूचना** भोपाल, दिनांक 15/4/2026

नगर निगम भोपाल केन्द्रीय कर्मशाला के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाउड स्पीकर सिस्टम क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्र. | सामान का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म का मूल्य | प्रदाय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_500105_1 | PURCHASING OF LOUD SPEAKER SYSTEM UNDER WORK OF SWACHH BHARAT MISSION AT MUNICIPAL CORPORATION BHOPAL | 3810750/- | 28581/- | 5000/- | 7 दिवस |

BID SUBMISSION END DATE- 11/05/2026 TIME-05:30 PM
BID OPENING DATE- 12/05/2026 TIME-05:30 PM
निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी वेबसाईट mptenders.gov.in पर देखी एवं केन्द्रीय कर्मशाला (मैकेनिकल) से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

नि.क्र. 73/026/027

अपर आयुक्त
परिवहन शाखा
नगर निगम भोपाल

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**
**श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) - 462002**
ई मेल : eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक- 0755-2661511

क्रमांक : 03/तक/का.यं./लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ.खंड/भोपाल 2026-27 दिनांक-13.04.2026

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से फार्म "सी" पर "POLYETHYLENE PIPES FOR WATER SUPPLY ( ISI MARK ) " के कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.04.2026 से दिनांक 28.04.2026 को 16:00 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 28.04.2026 को 16:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 29.04.2026 को 16:00 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2026_PHED_499417_1, PHED Date 13.04.2026)

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "POLYETHYLENE PIPES FOR WATER SUPPLY (ISI MARK)" | - | रु. 500000.00 (रु. पांच लाख मात्र) | रु. 2000.00 (रु. दो हजार मात्र) | - |

✓ विस्तृत शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।
✓ मुख्य तिथियां
- क्रय करने की तिथि : 13.04.2026 से 28.04.2026 बजे 16:00 तक
- जमा करने की अंतिम तिथि : 28.04.2026 16:00 बजे तक
- बोली पूर्व बैठक तिथि : 16.04.2026 16:00 बजे
- लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि : 29.04.2026 16:00 बजे तक


जी-11605/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड, भोपाल

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 39.1 | 19.4 |
| मुंबई | 34.5 | 24.6 |
| चेन्नई | 40.8 | 22.6 |
| कोलकाता | 35.1 | 26.9 |

सूर्यास्त 6:41 PM
सूर्योदय 6:00 AM
चन्द्रोदय 4.19 PM
चन्द्रास्त 4:38 AM

# एसी कोच में खराबी, डेढ़ घंटे खड़ी रही ज्ञानगंगा एक्सप्रेस



**जागरण, सतना।** बनारस से पुणे जाने वाली ट्रेन नंबर 22132 ज्ञानगंगा एक्सप्रेस बुधवार को सतना स्टेशन पर लगभग डेढ़ घंटे तक खड़ी रही। ट्रेन के एसी-2 कोच के एक्सल में खराबी आने के कारण यात्रियों को दिक्कत हुई। रेलवे अफसरों के अनुसार, सुबह 10.40 बजे जब ट्रेन सतना स्टेशन पहुंच रही थी, तभी मुख्तियारगंज रेलवे फाटक के पास लगी डिटेक्टर मशीन ने एसी-2 कोच में लगे एक्सल के गर्म होने की जानकारी स्टेशन मैनेजर सहित अन्य अफसरों को दी। ट्रेन के प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही तकनीकी टीम ने कोच का निरीक्षण किया और एक्सल को सुधारने का प्रयास किया, लेकिन यह विफल रहा।

# जंगल में घात लगाए बैठे तीन शिकारी गिरफ्तार

**जागरण, कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील में वन्यजीवों के शिकार की एक बड़ी साजिश को वन विकास निगम कुंडम प्रोजेक्ट की टीम ने नाकाम कर दिया है। परसेल और भमका के जंगलों में देर रात की गई छापेमारी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। वन विकास निगम कुंडम परियोजना की डिप्टी डीएम अभिश्वेता रावत को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ शिकारी भमका गांव के पास जंगली जानवरों को करंट लगाकर शिकार करने की नीयत से घात लगाए बैठे हैं।

### राजगढ़ में जांच करने पहुंची टीम नहीं रुकवा पाई विवाह, फोटो-वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई

# आठ साल की बच्ची का बाल विवाह, माता-पिता समेत पंडित, हलवाई और टेंटवाले पर केस दर्ज

**जागरण, राजगढ़।** सामाजिक जागरुकता और प्रशासन की निगरानी के बाद भी बाल-विवाह जैसी कुरीतियां अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ताजा मामला प्रदेश के राजगढ़ जिले से सामने आया है। यहां आठ साल की बच्ची का विवाह भोजपुर थाना क्षेत्र के कुशलपुरा गांव में 9 साल के बालक से कर दिया गया। हैरत की बात यह है कि यह घटना तब हुई जब एक दिन पहले ही प्रशासनिक टीम गांव में जांच करने पहुंची थी, लेकिन बाल विवाह को रोका नहीं जा सका। पूरे मामले का खुलासा बुधवार को उस वक्त हुआ जब हल्दी, मेहंदी और बारात की वीडियो रील सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद वायरल हो गई। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जांच के लिए टीम भेजी।

## गांव वालों ने टीम को किया गुमराह

मामले में पुलिस ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की धारा 10 एवं 11 के तहत अपराध क्रमांक 120/2026 दर्ज किया है। इस मामले में माता-पिता सहित टेंट संचालक, घोड़ी संचालक, प्रिंटिंग प्रेस संचालक, हलवाई और पंडित को आरोपी बनाया है। जानकारी के अनुसार, प्रशासन को बाल विवाह की सूचना पहले ही मिल गई थी। एक टीम गांव पहुंची भी थी, लेकिन गांव वालों ने दूसरे दूल्हे के बारे में गलत जानकारी देकर टीम को गुमराह कर दिया। इसके अगले ही दिन शादी संपन्न हो गई, जिससे प्रशासनिक निगरानी तंत्र की लापरवाही उजागर हुई है।



## चोरी छिपे हो रहे विवाह बने चुनौती

इसी बीच, करनवास थाना क्षेत्र से भी बाल विवाह का एक और मामला सामने आया है। यहां एक 9 वर्षीय बच्ची की सगाई कर उसकी शादी 26 अप्रैल को तय कर दी गई थी। परिजनों की जानकारी के बिना रिश्तेदारों ने यह निर्णय लिया था। इस मामले में झगड़े के नाम पर 9 लाख रुपये की मांग भी सामने आई है। बच्ची के परिजनों ने इस संबंध में पुलिस और महिला बाल विकास विभाग से शिकायत की है। महिला बाल विकास अधिकारी श्यामबाबू खरे ने बताया कि टीम भेजकर मामले की जांच करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं, लेकिन चोरी-छिपे होने वाली घटनाएं एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। भोजपुर थाना प्रभारी अजय यादव ने जानकारी दी कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## देवास : बाल विवाह रोकने पहुंची टीम, लड़की शादी के लिए अड़ी, बाल कल्याण समिति को सौंपा मामला

**जागरण, देवास।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने पुलिस की सहायता से एक बाल विवाह रुकवाया है। यह विवाह शहर के बागरी मोहल्ला में 23 अप्रैल को होने वाला था। टीम को सूचना मिली थी कि नाबालिग लड़की की शादी की तैयारियां चल रही हैं और शादी के कार्ड भी बंट चुके हैं। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे टीम बागरी मोहल्ला पहुंची और परिजनों से बात की, जब लड़की के दस्तावेज जांचे गए,



तो उसकी उम्र 17 साल और कुछ महीने पाई गई, जो कि कानूनी रूप से नाबालिग है। टीम ने परिजनों को बाल विवाह के कानूनी परिणामों के बारे में समझाया, लेकिन वे शादी करने पर अड़े रहे। परिजनों का कहना था कि सभी तैयारियां हो चुकी हैं और वे 23 अप्रैल को ही शादी करेंगे। परिवार ने तर्क दिया कि अगर 23 तारीख को शादी नहीं हुई, तो लड़की को कुछ हो सकता है और इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि शादी के कार्ड बंट चुके हैं, ऐसे में विवाह कैसे रोका जाए। पुलिस की विशेष किशोरी इकाई और बाल विवाह रोकथाम टीम ने लड़की को भी समझाया। हालांकि लड़की अपनी बात पर अड़ी रही और उसी तारीख को शादी करने की जिद करती रही। एक घंटे तक चली समझाइश के बाद भी जब स्थिति नहीं बदली, तो टीम ने लड़की को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया।

# खजुराहो में रिसोर्ट से बंदर भगा रहे युवक का हाईटेंशन लाइन से टकराया पाइप, जिंदा जला



**जागरण, खजुराहो।** प्रदेश के खजुराहो रेलवे स्टेशन के पास स्थित दि खजुराहो हेरिटेज रिसोर्ट में एक कर्मचारी जिंदा जल गया। हादसा उस वक्त हुआ जब युवक छत से बंदर भगाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। बुधवार को घटना का वीडियो भी सामने आया है। मृतक युवक की पहचान खजुराहो निवासी रिंकू रैकवार के रूप में हुई, उसने पांच दिन पहले ही होटल में काम शुरू किया था। वीडियो में होटल कर्मचारी रिंकू रैकवार रिसोर्ट से निकलकर आस-पास देखता है तो उसे छत पर बंदर नजर आते हैं। वह दीवार के पास रखा करीब 15 फीट ऊंचा लोहे का पाइप उठाता है। वह दो बार पाइप को जमीन पर पटकता है। इसके बाद वह पाइप सीधा खड़ा कर देता है। कुछ देर बाद वह पीछे की ओर चलने लगता है। इसी दौरान पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा जाता है। तेज धमाके के साथ रिंकू आग की लपटों में घिरकर जमीन पर गिर जाता है। धमाके की आवाज सुनकर एक महिला कर्मचारी बाहर आती है और चीखते हुए अंदर चली जाती है। वीडियो में दिखता है कि पेट से छाती तक का हिस्सा पूरी तरह जला हुआ है। छाती से पेट तक बड़ा छेद नजर आता है। हादसे की सूचना मिलते ही बमीठा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। बुधवार सुबह पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। पुलिस जांच कर रही है कि छत के करीब से हाईटेंशन लाइन गुजरना नियंमों के खिलाफ था या होटल प्रबंधन की लापरवाही थी।

# 'वंदे मातरम्' विवाद पर दो महिला पार्षदों पर एफआईआर, पहली बार कार्रवाई



**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 'वंदे मातरम्' विवाद पर दो महिला पार्षदों के खिलाफ पहली बार एफआईआर दर्ज की है। नगर निगम के बजट सत्र में राष्ट्रगीत गाने से इनकार करने के मामले में एमजी रोड पुलिस ने कांग्रेस की दो महिला पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम के खिलाफ केस दर्ज किया है। मालूम हो कि ननि के 8 अप्रैल को आयोजित बजट सत्र के दौरान कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख अलीम ने सभापति से यह मांग की कि वह नियम या अधिनियम दिखाया जाए जिसमें 'वंदे मातरम्' गाना अनिवार्य हो। कुछ समय बाद वे सदन से बाहर चली गईं। इसी बीच पार्षद रुबीना इकबाल खान के एक बयान ने माहौल को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया, जिससे सदन में हंगामे हो गया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा पार्षदों ने पुलिस

## बजट सत्र से शुरू हुआ विवाद, भाजपा की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) के तहत केस दर्ज किया है, जो समूहों के बीच वैमनस्य फैलाने और सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने से संबंधित है। दोनों पार्षदों को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया और उनसे करीब साढ़े चार घंटे तक सवाल-जवाब किए गए। इसके बाद दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस कार्रवाई के बाद शहर की राजनीति गरमा गई है और अब मामले ने कानूनी रूप ले लिया है। वहीं, विवाद उस समय और बढ़ गया जब नगर निगम के बजट सत्र से पहले दोनों पार्षदों ने ईरान के सुप्रीम लीडर को श्रद्धांजलि दी, जिस पर भाजपा पार्षदों ने विरोध जताते हुए नारेबाजी भी की थी। इस मामले पर नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि 'वंदे मातरम्' गाना व्यक्तिगत इच्छा का विषय है, लेकिन कांग्रेस राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का सम्मान करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पूरे घटनाक्रम की जानकारी पार्टी नेतृत्व को दे दी गई है।

# वकील की गलती की सजा याचिकाकर्ता को नहीं: हाईकोर्ट

**जागरण, ग्वालियर।** हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक अहम फैसले में न्यायिक संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का अनोखा उदाहरण पेश किया है। कोर्ट ने साफ कहा कि वकील की गलती की सजा याचिकाकर्ता को नहीं दी जा सकती। मामला गोविंद स्वरूप श्रीवास्तव की याचिका से जुड़ा है, जो सुनवाई के दौरान उनके वकील के उपस्थित नहीं रहने के कारण खारिज हो गई थी। बाद में बहाली के लिए दिया गया आवेदन भी सिंगल बेंच ने खारिज कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देने पर डिवीजन बेंच ने पाया कि वकील दूसरी अदालत में व्यस्त होने के कारण पेश नहीं हो सके थे। ऐसे में याचिकाकर्ता के अधिकारों को प्रभावित करना न्यायसंगत नहीं है। कोर्ट ने पूर्व आदेशों को निरस्त करते हुए याचिका को पुनः बहाल करने के निर्देश दिए। हालांकि, अदालत ने याचिका बहाल करते हुए एक विशेष शर्त भी जोड़ी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता या उसके वकील को माधव अंध आश्रम जाकर कम से कम 2 हजार रुपए की खाद्य सामग्री प्रदान करने और वहां के बच्चों व जरूरतमंदों के साथ कम से कम एक घंटा समय बिताने के आदेश दिये हैं।

# एसपी के पैर पकड़कर बोले रिटायर सूबेदार-पत्नी के हत्यारों को पकड़वा दो


### भिंड में घर से गहने लूटने के बाद आरोपियों ने कर दी थी हत्या




**जागरण, भिंड।** प्रदेश के भिंड में पत्नी के हत्यारे सालभर में भी नहीं पकड़ा पाए। इस घटना से टूट चुके सेना से रिटायर्ड सूबेदार हरिदास दैयपुरिया का दर्द बुधवार को एसपी कार्यालय में झलक आया। पूर्व सैनिकों के प्रदर्शन के दौरान उन्होंने एसपी डॉ. असित यादव के पैर पकड़ लिए और बोले—साहब, मेरी पत्नी के हत्यारों को पकड़वा दीजिए, मैं यह बोझ लेकर जी नहीं पा रहा हूं। दृश्य देखकर मौके पर मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। एसपी डॉ. असित यादव ने सभीके सामने 15 दिन का समय मांगा और मामले के खुलासे का आश्वासन दिया। एसपी के इस भरोसे के बाद लोगों में कुछ राहत नजर आई और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जगी। दरअसल, कल्याणपुरा गांव में 14-15 अप्रैल 2025 की रात सुशीला देवी की छत पर सोते समय अज्ञात बदमाशों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी घर से सोना-चांदी और करीब साढ़े चार लाख रुपए नगद लेकर फरार हो गए थे। घटना के बाद से ही पुलिस जांच जारी है, लेकिन एक साल बाद भी कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। सुशीला की पुण्यतिथि के दिन परिवार, रिश्तेदारों और पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने एकजुट होकर रैली निकाली और एसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस दौरान हरिदास दैयपुरिया ने बताया कि वे 35 बार देहात थाना और 7 बार एसपी कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला।

# सस्ते नमक को ब्रांडेड बनाकर बेच रहा था युवक, गिरफ्तार

### सियागंज का मामला, पुलिस ने 1850 किलो कच्चा नमक किया जब्त



**जागरण, इंदौर।** जिले के लोकनायक नगर क्षेत्र में एरोड्रम थाना पुलिस ने नकली टाटा नमक की पैकिंग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान जितेंद्र गुप्ता के रूप में हुई है, जो पिछले दो-तीन महीनों से इस अवैध धंधे को चला रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी सियागंज मार्केट से सस्ता खुला नमक खरीदता था और उसे ब्रांडेड टाटा नमक की पैकिंग में भरकर बाजार में बेचता था। पैकिंग इतनी सटीक और असली जैसी होती थी कि आम उपभोक्ता असली और नकली में अंतर नहीं कर पाते थे। इस तरीके से वह लोगों को धोखा देकर अच्छा खासा मुनाफा कमा रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब टाटा कंच्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के टेक्निकल एक्सपर्ट ने शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद एरोड्रम पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री पर छापा मारा और मौके से 840 नकली टाटा नमक के पैकेट तथा 1850 किलो कच्चा नमक जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पैकिंग सामग्री दिल्ली से मंगवाता था, जिसमें ब्रांडेड कट्टे और पॉलीथिन शामिल थे।

# ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, तीन की मौत



**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के माचलपुर में देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पीपल्याकुल्मी रोड पर तेजरा पेट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद ट्रॉली पास के नाले में जा गिरी। हादसे में ट्रॉली सवार तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से ज्यादा लोग घायल हैं। ट्रॉली शादी की रस्म के लिए सांवलपुरा से नयागांव जा रही थी। सभी गंभीर घायलों को राजगढ़ जिला अस्पताल और झालावाड़ रेफर किया गया है। दुर्घटना में कचनारिया निवासी 60 वर्षीय कबूबाई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शिक्षक बालकिशन दांगी और 10 वर्षीय सलोनी ने माचलपुर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

### बोर्ड परीक्षा में असफल होने पर विद्यार्थियों ने उठाया आत्मघाती कदम

# मुरैना में छात्र ने खुद को मारी गोली, छिंदवाड़ा में छात्रा ने लगाई फांसी, मुलताई में पीया जहर

**जागरण, प्रांतीय डेस्क।** सूबे में माशिमं ने बोर्ड की 10वीं और 12वीं परीक्षा के रिजल्ट बुधवार को जारी किये। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कुछ असफल विद्यार्थियों ने आत्मघाती कदम उठाये। मुरैना के अंबाह में 12वीं के छात्र ने फेल होने पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान अंबाह शिक्षा विभाग में कार्यरत बाबू शैलेंद्र दंडोतिया के बेटे ऋतिक दंडोतिया (20) के रूप में हुई है। ऋतिक मुरैना शहर के महावीरपुरा क्षेत्र का निवासी था। छात्र ने कोतवाल डैम के पास खुद को गोली मारी है। ऋतिक फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स में फेल हो गया। फैल होने के तनाव में उसने अवैध कट्टे से दाहिनी कनपटी पर गोली मार ली। बुलेट कनपटी के आर-पार हो गई है। स्थानीय लोगों ने खुदकुशी की जानकारी माताबसैया पुलिस को दी। पुलिस ने डैम के पास खून से सने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुरैना भेज दिया।



## 10वीं की छात्रा ने लगाई फांसी

छिंदवाड़ा के मोहन नगर इलाके में 10वीं की छात्रा सानिया (17) ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह कुछ समय से अपने नाना-नानी के घर रह रही थी। जानकारी के अनुसार सानिया पिता सतीश परीक्षा परिणाम आने के बाद मानसिक तनाव में थी। परिणाम घोषित होते ही उसने यह कदम उठाया।

## 12वीं के छात्र ने पीया कीटनाशक, गंभीर

मुलताई में फेल होने से आहत 12वीं के एक छात्र (17) ने कीटनाशक पी लिया। परिजन ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। छात्र की हालत गंभीर बनी हुई है। छात्र एक निजी स्कूल में पढ़ता है। बुधवार दोपहर करीब 1 बजे उसने अपने पिता को बताया कि वह परीक्षा में फेल हो गया है। इसके बाद घर पर कीटनाशक पी लिया। छात्र के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने स्वयं उन्हें कीटनाशक पीने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन ने बिना देरी किए उसे मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, उसे गहन निगरानी में रखा गया है। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### मंदिर समिति ने ऑफलाइन परमिशन बंद की, एक दिन पहले खुलेगी विंडो

# महाकाल मंदिर में निशुल्क भस्म आरती बंद, भक्तों को चुकाने होंगे 200 रुपए

**जागरण, उज्जैन।** मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर की प्रसिद्ध भस्म आरती के दर्शन के लिए श्रद्धालु लालायित रहते हैं। हर दिन श्रद्धालु महाकाल के भस्म आरती के लिए कतार में खड़े होकर अनुमति लेकर शामिल होते हैं, लेकिन मंदिर समिति ने अब ऑफलाइन भस्म आरती की सुविधा खत्म कर दी है, जिससे निःशुल्क परमिशन वाले श्रद्धालुओं को अब इसके लिए भी 200 रुपए चुकाने होंगे। महाकाल मंदिर में भस्म आरती के लिए कुल 1700 लोगों को मंदिर समिति ऑनलाइन परमिशन ग्रांट करती है, जिसमें से 300 लोगों को निःशुल्क परमिशन दी जाती थी, जिसके लिए श्रद्धालुओं को 6-7 घंटे कतार में खड़ा होना पड़ता है, लेकिन अब पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दी है और निःशुल्क परमिशन को पूरी तरह से खत्म कर दिया है।



## पहले आओ पहले पाओ

मंदिर समिति के नए निर्णयों के मुताबिक ऑफलाइन भस्म आरती परमिशन को पूरी तरह से बंद कर दी गई है। तत्काल बुकिंग के लिए सिर्फ 300 दर्शनर्थियों के लिए अनुमति होगी और बुकिंग के लिए प्रति श्रद्धालु 200 रुपए ऑनलाइन फीस देनी होगी। तत्काल बुकिंग पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर होगी।

## ऐसे हो सकेगी भस्म आरती की तत्काल बुकिंग

महाकाल मंदिर समिति ने 9 अप्रैल से ऑफलाइन परमिशन को पूरी तरह से बंद कर दी है। अब एक दिन पूर्व महाकाल मंदिर की भस्म आरती की तत्काल बुकिंग वेबसाइट पर सुबह 8 बजे पोर्टल खुलने पर की जा सकेगी। यानी यदि आपको 17 अप्रैल के लिए बुकिंग करनी है, तो 16 अप्रैल सुबह 8 बजे पोर्टल खुलते ही बुकिंग करनी होगी।

# शादीशुदा महिला से लिव-इन में यौन शोषण

**जागरण, शिवपुरी।** कोतवाली थाना क्षेत्र की गणेश कॉलोनी में एक सिनेमैटोग्राफर ने ग्वालियर की शादीशुदा महिला को प्यार के जाल में फंसाकर उसके पति से तलाक दिलाने और 1 साल लिव-इन-रिलेशनशिप में रखकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक मोक्ष सिकरवार ने महिला से शादी का वादा किया था, लेकिन बाद में उसे घर से निकाल दिया। वर्तमान में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, ग्वालियर निवासी 25 वर्षीय पीड़िता तीन साल पहले शिवपुरी में एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। यहीं उसकी मुलाकात फिल्म मेकिंग सिनेमैटोग्राफर मोक्ष सिंह सिकरवार से हुई थी। मोक्ष ने पहले पीड़िता से दोस्ती की और बाद में उससे प्यार का इजहार किया। पीड़िता ने मोक्ष को बताया था कि वह उससे उम्र में बड़ी है और शादीशुदा भी है, इसलिए उनका रिश्ता संभव नहीं है।

### फर्जीवाड़े में नरसिंहपुर से भी एक बाबू गिरफ्तार, कुल पांच आरोपी आए सामने

# कलेक्टर के नाम से फर्जी आदेश जारी करने वाले पुलिस रिमांड पर

**जागरण, देवास।** संभवतः मध्यप्रदेश में यह पहला प्रकरण है, जिसमें बाबूओं ने मिलकर कलेक्टर के फर्जी आदेश व अनुमति जारी की है। इस मामले के उजागर होने के बाद कलेक्ट्रेट व तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबूओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे है और अब हर कोई बाबू शंका के घेरे में दिखाई दे रहा है। उधर




बीएनपी थाना पुलिस ने इस मामले में अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। फर्जीवाड़े में नरसिंहपुर से भी एक बाबू को गिरफ्तार किया है। मालूम हो कि पिछले कुछ दिनों में कलेक्ट्रेट व तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबूओं ने मिलकर भू राजस्व संहिता की धारा 165-6 के फर्जी आदेश जारी कर दिए थे। इसकी जानकारी 30 मार्च को उस समय लगी, जब पंजीयन कार्यालय पर तीन क्रेता भूमि की रजिस्ट्री कराने पहुंचे, जिसमें से एक रजिस्ट्री हो गई, किंतु शंका होने पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने मामले से कलेक्टर को अवगत कराया और फिर मामले की जांच शुरु हुई, जिसमें पता चला कि नजूल शाखा का बाबू रमेश लोबानिया, एडीएम कार्यालय का रीडर संजीव जाटव, विजयागंज मंडी तहसील का बाबू जितेंद्र भद्रे, ब्रोकर महेंद्र कुशवाह एवं खातेगांव एसडीएम के यहां पूर्व में रीडर रहा ओमप्रकाश देहरिया की लिप्तता है।



**प्रारंभिक जांच** में पता चला है कि इन लोगों ने मिलकर लगभग 10 आदेश फर्जी रूप से जारी किए थे, जिनमें से तीन लोगों की जमीन का क्रय-विक्रय हो चुका था और ये तीनों लोग 30 मार्च को उप पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री का निष्पादन करवाने पहुंचे थे। इनमें से एक व्यक्ति रजिस्ट्री कराने में सफल रहा, किंतु दो आदेश देकर उप पंजीयक को शंका हुई, जिसकी जानकारी मिलने पर हमने जब जांच कराई तो पता चला कि उक्त आदेश फर्जी है। जिसके बाद पुलिस में प्रकरण दर्ज कराया है। जिसकी विवेचना चल रही है। संबंधित बाबूओं पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई प्रस्तावित है।

**- ऋतुराज सिंह, कलेक्टर देवास**

## बाजार पर नजर




शेयर बाजार में आज

1264 ▲ 78,111

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Interglobe Avi | 4,659.00 | 4.76% |
| Eternal | 248.49 | 4.42% |
| Max Healthcare | 991.70 | 4.03% |
| Power Grid Corp | 313.40 | 4.03% |
| TMPV | 362.10 | 3.59% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Dr Reddys Labs | 7,037.00 | -1.46% |
| Bharti Airtel | 12,966.00 | -0.81% |
| ICICI Bank | 4,325.00 | -0.22% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 93.3800 |
| € यूरो | 110.02 |
| ¥ येन | 0.5878 |
| £ पौंड | 126.60 |

# ईरान जंग से भारत के निर्यात में बड़ी गिरावट, 58 प्रतिशत की आई कमी

### पश्चिम एशिया क्षेत्र से आयात में भी 51.64 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में चल रहे अमेरिका-ईरान के तनाव की वजह से भारत का एशिया के कई देशों में होने वाले निर्यात में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। अमेरिका और ईरानी की जंग ने भारतीय निर्यात में कुछ ऐसा गेम बिगाड़ा है, जिससे एशिया में सामानों को भेजने में भारी कमी आई है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि चल रहे जंग के कारण वेस्ट एशिया को भारत के निर्यात में मार्च माह में भारी गिरावट आई है और इस क्षेत्र को होने वाले शिपमेंट में लगभग 58 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया है कि जंग की वजह से मार्च में पश्चिम एशिया क्षेत्र को निर्यात में 57.95 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने ने आगे कहा कि इस क्षेत्र से आयात में बड़ी गिरावट आई है। उन्होंने ने कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच जंग के कारण मार्च में वेस्ट एशिया सेक्टर से भारत के आयात में 51.64 प्रतिशत की गिरावट आई। यह रुकावट ऐसे समय में आई है जब 28 फरवरी से जारी अमेरिका-ईरान जंग के कारण होर्मुज का रास्ता बंद है, जो दुनिया भर के व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान ने इस मार्ग से माल ढुलाई पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ है।



### मार्च में निर्यात में आई गिरावट

इस महीने भारत के कुल निर्यात में भी गिरावट आई। अग्रवाल ने बताया कि मार्च में निर्यात 7.44 प्रतिशत घटकर 38.92 अरब डॉलर रह गया। मंथली गिरावट के बावजूद सालाना व्यापार आंकड़ों में मामूली तेजी देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि 2025-26 में माल निर्यात 1 प्रतिशत बढ़कर 441.78 अरब डॉलर हो जाएगा। साल 2025-26 में सर्विस सेक्टर का निर्यात 418.31 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जिससे कुल निर्यात में बढ़ोतरी होगी। सचिव ने आगे कहा कि भारत की वस्तुओं और सर्विस के निर्यात में वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 4.22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह 860 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

### व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका जाएगी टीम

इस बीच, एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह अमेरिकी अधिकारियों के साथ व्यापार वार्ता करने के लिए वाशिंगटन का दौरा करेगा। व्यापार समझौते पर पहले मार्च में हस्ताक्षर होने थे, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ में हुए बदलावों ने स्थिति को बदल दिया। अधिकारियों ने पहले कहा था कि अमेरिका की नई टैरिफ व्यवस्था लागू होने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल 20 से 22 अप्रैल तक अमेरिका का दौरा करेगा।

# चीनी उत्पादन बढ़कर 2.74 करोड़ टन हुआ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महाराष्ट्र और कर्नाटक में ज्यादा उत्पादन की वजह से वर्ष 2025-26 सत्र में अब तक देश में चीनी उत्पादन 7.70 प्रतिशत बढ़कर 2.74 करोड़ टन रहा। सहकारी निकाय एनएफसीएसएफ ने बुधवार को यह कहा। पिछले साल इसी सत्र में उत्पादन 2.54 करोड़ टन था। चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक होता है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लि. (एनएफसीएसएफ) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य, महाराष्ट्र में 15 अप्रैल तक उत्पादन 23 प्रतिशत बढ़कर 99.2 लाख टन हो गया, जबकि एक साल पहले यह उत्पादन 80.6 लाख टन था। देश के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य, कर्नाटक में भी उत्पादन 16.70 प्रतिशत बढ़कर 47.1 लाख टन पहुंच गया, जो पिछले साल इसी समय 40.4 लाख टन था। हालांकि, देश के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक उत्तर प्रदेश में उत्पादन पिछले साल के मुकाबले करीब दो प्रतिशत घटकर 89.2 लाख टन रहा। इस सत्र में 15 अप्रैल तक औसत चीनी प्राप्ति 9.55 प्रतिशत अधिक थी, जबकि एक साल पहले यह 9.37 प्रतिशत थी। अब तक का चीनी उत्पादन 2024-25 सत्र में हासिल किए जाने वाले कुल 2.62 करोड़ टन के स्तर को पार कर गया है।




स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर | MILLETS 2023 | सत्यमेव जयते | आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA**
**केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान/CENTRAL FARM MACHINERY TRAINING & TESTING INSTITUTE**
**ट्रैक्टर नगर, बुदनी मध्य प्रदेश/TRACTOR NAGAR, P.O. BUDNI (M.P.) 466445**
Website:http://www.fmttibudni.gov.in Email: fmti-mp@nic.in; Tel : 07564-99003; GSTIN:23AAAGC0890H1ZS
(AN ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTE)

फा. सं./F.No.:-1-9/2024-25-Farm/(E-139125) दिनांक/Date: 15.04.2026

:: निविदा सूचना ::

संस्थान में लगी उद्यानिकी फसलों में कटहल एवं आम बगीचों की फल फसल की नीलामी (जहां है, जैसे है) सीमित अवधि (31.07.2026 तक) के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्रम संख्या | उद्यानिकी फसल का नाम | कुल पौधों की संख्या | फलित पौधों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | कटहल बगीचा | 107 | 64 |
| 2 | आम बगीचा (फार्म, रेस्ट हाउस, कार्यालय परिसर) | 158 | 127 |

2. नीलामी दिनांक 21.04.2026 समय 2:30 बजे संस्थान के सभागार में होगी।
3. निविदा फार्म का प्रारूप सहित विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाईड http://www.fmttibudni.gov.in पर उपलब्ध है।

निदेशक


# शेयर बाजार उछाल: निवेशकों ने छापे 9 लाख करोड़

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में बुधवार को दिनभर धुआंधार तेजी देखने को मिली। तगड़ी उछाल के साथ ओपन होने के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1263 अंक चढ़कर बंद हुआ, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने 388 अंकों की उछाल के साथ क्लोजिंग की। बाजार की इस रैली में निवेशकों ने एक झटके में 9 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा छाप लिए। इस बीच इंडिगो से लेकर अडानी पोर्ट्स तक के शेयर रॉकेट की रफ्तार से भागे। बीएसई का सेंसेक्स अपने पिछले बंद की तुलना में उछलकर 77,981 पर खुला और अंत में 1263 अंक की तेजी लेकर 78,111 पर क्लोज हुआ। एनएसई का निफ्टी भी सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर चला और अपने पिछले बंद 23,842 के मुकाबले 24,163 पर ओपन होने के बाद ये बाजार बंद होने पर 388 अंक की तेजी के साथ 24,231 पर क्लोज हुआ।



### निवेशकों की ताबड़तोड़ कमाई

बाजार में जोरदार तेजी के बीच निवेशकों की ताबड़तोड़ कमाई हुई। बीते सोमवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 4,49,13,555.17 करोड़ रुपये था, जो बुधवार की तेजी के चलते उछलकर 4,58,46,763.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस हिसाब से देखें तो निवेशकों को एक ही दिन में 9.33 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई।

### 10 शेयर जो बने मार्केट के हीरो

शेयर बाजार में तेजी वाले शेयरों में इंडिगो (4.63%), एक्सर्टनल (4.36%), पॉवरग्रिड (4.11%), अडानी पोर्ट (3.39%),टेक महिंद्रा (3.33%), टीसीएस (3.31%) और एल टी (2.08%) की तेजी लेकर बंद हुए। इसके अलावा मिडकैप कैटेगरी में शामिल शुजलोन(7.15%), डेक्सोन (5.30%) और एचपी (4.91%) की उछाल के साथ बंद हुए।

### शेयर बाजार में तेजी के 4 कारण

- अमेरिका-ईरान के बीच फिर से बातचीत की खबरों ने बाजार का सेंटीमेंट सुधारा है।
- अमेरिका-ईरान में तनाव कम होने की खबरों के बीच क्रू की कीमतों में गिरावट आई है और महंगाई का जोखिम कम हुआ है।
- भारतीय करेंसी में सुधार का सीधा असर बाजार में तेजी के रूप में दिखा है।
- विदेशों से मिले ग्लोबल पॉजिटिव संकेतों का असर भी भारतीय शेयर मार्केट में तेजी के रूप में दिखा है।

### भारत दुनिया के सबसे अग्रणी एआई उपयोगकर्ताओं में शामिल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओपनएआई ने बुधवार को भारत के लिए अपनी ताजा क्षमता अंतराल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत दुनिया के सबसे अग्रणी कृत्रिम मेधा (एआई) बाजारों में से एक है। इसके मुताबिक, खासतौर से कोडिंग, डेटा विश्लेषण और जटिल तर्क के मामले में भारत काफी आगे है, लेकिन अन्य देशों की तुलना में यहां एआई की स्वीकार्यता की दर बड़े शहरों में अधिक है। ओपनएआई के अनुसार, प्रति व्यक्ति सोचने की क्षमता के उपयोग के मामले में भारत विश्व स्तर पर शीर्ष पांच देशों में शामिल है। यहां के उपयोगकर्ता नियमित रूप से जटिल समस्याओं को हल करने के लिए एआई के साथ संवाद कर रहे हैं। फरवरी, 2026 में ओपनएआई के 'कोडेक्स ऐप' (एआई कोडिंग टूल) की पेशकश के महज दो सप्ताह के भीतर भारत में इसके उपयोगकर्ताओं में चार गुना वृद्धि देखी गई। कोडिंग और डेटा विश्लेषण के उपयोग में भी भारत की रैंकिंग काफी मजबूत है। ओपनएआई ने बताया कि यह क्षमता समान रूप से वितरित नहीं है। भारत में एआई का उपयोग कुछ शहरों तक ही सीमित है। भारत के शीर्ष 10 शहरों में कुल एआई उपयोगकर्ताओं का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है।


**कार्यालय नगर परिषद् नलखेड़ा जिला-आगर-मालवा (म. प्र.)**

क्रमांक/निर्माण/ई-टेण्डरिंग/2026/182-183 नलखेड़ा, दिनांक 15-04-2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नलखेड़ा द्वारा नीचे दिये निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने है। जिसकी ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल http:/mptenders.gov.in के माध्यम से यू.ए.डी.डी. एस.ओ.आर. 08 नवम्बर 2025 से लागू दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | अनुमान पत्रक (लाख में) | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_500250_1 | वार्ड क्र. 03, 08, 14 मे सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 41.97 | 31500 | 5000 | 6 माह |
| 1 | 2026_UAD_500280_1 | वार्ड क्र. 04, 05, 15 मे सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 39.64 | 29740 | 5000 | 6 माह |

**निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 15-04-2026 से 14-05-2026**
निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 14-05-2026 एवं उक्त निविदा दिनांक 15-05-2026 को ऑनलाईन खोली जावेगी । निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जावेंगे। केवल उपरोक्त वेब साइट से ही ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है।
**नोट :**-निविदा की विस्तृत शर्तें एवं प्राक्कलन का अवलोकन कार्यालयीन समय मे कार्यालय मे प्राप्त कर सकते है।

(अंतिम विजय सोनी) अध्यक्ष नगर परिषद् नलखेड़ा | (मिनी अग्रवाल) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् नलखेड़ा


# देश में बेरोजगारी दर 5.1 पर पहुंची

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** देश में बेरोजगारी मामूली बढ़ी है। पंद्रह वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर इस साल मार्च में बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई, जो फरवरी में 4.9 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण शहरी क्षेत्रों में उच्च बेरोजगारी दर है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के निश्चित अवधि पर होने वाले श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आबादी की गतिविधियों में भागीदारी, रोजगार और बेरोजगारी की स्थिति पर आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है। पीएलएफएस सर्वेक्षण के तौर-तरीकों को जनवरी, 2025 से संशोधित किया गया है ताकि देश के लिए श्रम बल संकेतकों के मासिक और तिमाही अनुमान प्रदान किए जा सकें। अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 तक के मासिक बुलेटिन पहले ही जारी किए जा चुके हैं। मार्च, 2026 का वर्तमान मासिक बुलेटिन इस श्रृंखला का 12वां बुलेटिन है। पीएलएफएस पर जारी एक बयान में कहा गया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर मार्च, 2026 में में मामूली बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई है जो फरवरी, 2026 में 4.9 प्रतिशत थी। मुख्य रूप से शहरी बेरोजगारी दर में वृद्धि के कारण यह बढ़ोतरी हुई है, जो मार्च, 2026 में बढ़कर 6.8 प्रतिशत हो गई जबकि बीते महीने फरवरी में यह 6.6 प्रतिशत थी।

## 13% उछला रिलायंस का शेयर

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में तूफानी तेजी के बीच अनिल अंबानी की कंपनी का शेयर भी धमाल मचा रहा है। रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस पावर का शेयर खुलने के साथ ही 13 फीसदी उछल गया। बीते कुछ दिनों से इनमें पैसे लगाने वाले निवेशकों की मौज है और इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बीते 9 कारोबारी दिनों में ये 7 दिन उछला है। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर, भारत और विदेशों में एनर्जी प्रोजेक्ट्स के विकास, मैन्युफैक्चरिंग और ऑपरेशंस पर ध्यान केंद्रित करती है। कंपनी निर्माणाधीन एनर्जी प्रोडक्शन कैपिसिटी पोर्टफोलियो को मैनेज करती है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत होने के साथ ही अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर में तेजी देखने को मिली थी और ये बढ़ती चली गई।


**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश के वन भवन, तुलसी नगर, भोपाल स्थित कार्यालय की सुरक्षा एवं अन्य कार्य हेतु**
**ऑनलाईन निविदा सूचना**

| क्र. | विषय | दिनांक |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का प्रारंभ दिनांक | 10-04-2026 |
| 02 | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक | 23-04-2026 |
| 03 | निविदा खोले जाने का दिनांक | 24-04-2026 |
| 04 | निविदा खोले जाने का स्थान | Room No.-05, A Block, Ground Floor, Tulsi Nagar, Bhopal |
| 05 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 2000/- (दो हजार मात्र ) ऑनलाइन |
| 06 | निविदा प्रतिभूति राशि (EMD) | 144000.00 (एक लाख चवालीस हजार) रूपये ऑनलाइन |
| 07 | **निविदा का अनुमानित मूल्य** | 4800000.00 (अड़तालीस लाख) रूपये |
| 08 | निष्पादन प्रतिभूति (performance guaranty)/धरोहर राशि सफल निविदाकार को एक वर्ष अथवा सेवाएं प्रदाय करने तक के लिए | निविदा के मूल्य के 03 प्रतिशत राशि 144000.00 (एक लाख चवालीस हजार ) रूपये निष्पादन प्रतिभूति की राशि किसी भी राष्ट्रीय कृत बैंक से डी डी, FD के माध्यम Deputy C. F. (Cash) के नाम से से प्रस्तुत करनी होगी। |

टीप:
1. निविदा ऑनलाइन किया जाना अनिवार्य है। ऑनलाइन निविदा म.प्र. शासन के **MP E- procurement** की साईट **https://mptenders.gov.in** से प्रस्तुत किया जावेगा। ऑनलाइन का दिनांक, समय उपरोक्तानुसार अंकित विवरण अनुसार प्रक्रिया के लिए लागू होगा।
2. **टेण्डर प्रक्रिया में शासन के नियम एवं म.प्र.** भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (संशोधित 2022 ) में अंकित समस्त नियम शर्तें अनिवार्यत: मान्य होंगी ।
3. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाला दस्तावेज़ उसी क्रम में होना चाहिए जिस क्रम में निविदा प्रपत्र में वर्णित है। अर्थात् निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले Document निविदा फार्म में अंकित अनुसार ही पेज नम्बर अंकित कर संलग्न करना होगा।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( समन्वय ) मध्यप्रदेश, भोपाल

जी-11579/26

**पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार**



**ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर. सेटी.) गुना**

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India — गांधी वोकेशनल कॉलेज के पीछे पानी की टंकी के पास, कुशमौदा गुना म.प्र.
Rural Self Employment: Training Institute (RSETI) Guna

**निविदा आमंत्रण**

एसबीआई आरसेटी गुना द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों को नाश्ता, दो समय का भोजन तथा तीन समय चाय / कॉफी उपलब्ध कराई जाती है।

उक्त व्यवस्था हेतु इच्छुक केटरर्स से सीलबंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। भोजन, नाश्ता एवं चाय/कॉफी की व्यवस्था संस्थान द्वारा निर्धारित गुणवत्ता एवं स्टैंडर्ड मेनू के अनुसार करनी होगी।

निविदा फॉर्म दिनांक 18/04/2026 तक कार्यालय कार्य दिवस समय तक संस्थान से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20/04/2026 तक कार्यालय कार्य दिवस समय तक निर्धारित है।

प्राप्त निविदाओं पर निर्णय स्थानीय समिति द्वारा कार्यालय में तिथि 21/04/2026 को लिया जाएगा तथा किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

चयनित केटरर को दिनांक 01/05/2026 से 30/04/2027 तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में केटरिंग सेवाएं प्रदान करनी होंगी।

भवदीय,
निदेशक
एसबीआई आरसेटी, गुना



**OFFICE OF THE SECRETARY**
**KRISHI UPAJ MANDI SAMITI VIDISHA**
Distt. : VIDISHA

No Nirman/26-27/111 Dated : 15.04.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Name & Place of work 01 CONSTRUCTION OF REST HOUSE FOR HAMMAL & TULAWAT, CONSTRUCTION OF EXTENTION OF OFFICE BUILDING AND INCREASING HEIGHT OF BOUNDARY WALL (BEHIND OFFICE BUILDING), CONSTRUCTION OF FARMER REST HOUSE AT NEW MANDI YARD MIRZAPUR VIDISHA **Tender Number: 2026_MPSAM_500600_1 (PAC amount Rs. 155.15 Lakh), work 02 PROVIDING ELECTRIFICATION NEW WORK AND MAINTENANCE WORK AT NEW MANDI YARD MIRZAPUR VIDISHA. Tender Number: 2026_MPSAM_500602_1 (PAC amount Rs. 65.42 Lakh),** The following works Tender to be received Online up to 5:30 PM on Dated 08.05.2026 Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**
**Note:** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/125337/2026 SECRETARY



**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**
वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)
केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, एयरपोर्ट रोड 1 शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी: **श्रीमती राधा गौड़ पत्नी राम बाबू गौड़,** पताः मकान नंबर 92/1, पोस्ट मांजरकुई ग्राम मोगरा नीमखेड़ी जिला सीहोर 466446 म.प्र. बंधककर्ताः **श्रीमती आशा बाई पत्नी श्री अरुण कुमार,** पताः ग्राम मोगरा, जिला सीहोर- 466446 म.प्र. जमानतदार/बंधककर्ताः **श्री अनिरुद्ध कुमार पुत्र स्व. रामेश्वर प्रसाद,** पताः ग्राम मोगरा सीहोर मांझारकुई 466446 म.प्र. | मांग सूचना दिनांक 04.04.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 37,82,358.95/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 20.03.2026 | (1) डायवर्टेड भूमि क्षेत्रफल- 0.2025 हेक्टेयर (2025 वर्गमीटर) खसरा संख्या 84/12/1/1/1/2 स्थित ग्राम मोगरा, रेहटी तहसील, सीहोर जिला चर्तुसीमाएँ: पूर्वः आशा बाई की भूमि, पश्चिमः आशा बाई की भूमि, उत्तरः प्रमोद पाटीदार की भूमि, दक्षिणः सड़क, **शीर्षक धारक का नामः** श्रीमती आशा बाई पत्नि श्री अरुण कुमार द्वारा श्रीमती राधा गौर पत्नि श्री राम बाबू गौर के पक्ष में निष्पादित पट्टा विलेख (2) एक कमर्शियल डायवर्टेड भूमि क्षेत्रफल- 0.2510 हेक्टेयर (2510 वर्गमीटर) खसरा नं. 118/1 स्थित ग्राम मोगरा, पटवारी हल्का- मोगरा, तहसील रेहटी, जिला-सीहोर चर्तुसीमाएँ: पूर्वः रुक्मणी बाई की भूमि, पश्चिमः सड़क, उत्तरः भरत गौड़ और अभिलाषा गौड़ की भूमि, दक्षिणः राजेश की भूमि, **शीर्षक धारक का नामः** श्री अनिरुद्ध कुमार पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद |
| **केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा** | | |
| ऋणीः **जुबेर अख्तर बेग पुत्र सुहैल अख्तर बेग** पताः फ्लैट संख्या जी-01 भूतल, प्लॉट संख्या जी2/167, समीर अपार्टमेंट, गुलमोहर कॉलोनी, तहसील कोलार, जिला भोपाल जमानतदारः **सुहैल अख्तर बेग पुत्र मोहम्मद मुस्तफा बेग** पताः फ्लैट संख्या जी-02, भूतल, प्लॉट संख्या जी-2/167, समीर अपार्टमेंट, गुलमोहर कॉलोनी, तहसील कोलार, जिला भोपाल | मांग सूचना दिनांक 31.03.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 10039482/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 28.03.2026 | (1) बंधक संपत्ति डायवर्टेड भूमि स्थित सर्वे संख्या 71/25 (0.101 हेक्टेयर) 71/10/1 (0.5057 हेक्टेयर) 71/10/2 (0.2023 हेक्टेयर) ग्राम खस्ताखेड़ा तहसील श्यामपुर जिला सीहोर मूल्यांकित रु. 81.00 लाख दिनांक 13/06/2025 (2) आवासीय फ्लैट संख्या जी-01 भूतल प्लॉट संख्या जी-2/167 समीर अपार्टमेंट स्थित निर्मित क्षेत्रफल- 455.31 वर्गफिट, गुलमोहर कॉलोनी, तहसील कोलार जिला भोपाल मूल्यांकित रु. 39.60 लाख दिनांक 13/06/2025 (3) आवासीय फ्लैट संख्या-जी-02, भूतल, प्लॉट नं. जी-2/167, समीर अपार्टमेंट स्थित निर्मित क्षेत्रफल- 543 वर्गफिट, गुलमोहर कॉलोनी, तहसील कोलार जिला भोपाल मूल्यांकित रु. 32.04 लाख दिनांक 13/06/2025 शीर्षक धारक का नामः सुहैल अख्तर बेग, पुत्र मोहम्मद मुस्तफा बेग |
| **केनरा बैंक, एम.पी. नगर, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री प्रशांत शर्मा पुत्र श्री अमरजीत शर्मा** पताः डुप्लेक्स नं.85, शिवजानकी वाटिका मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास, हिनोतिया आलम कोलार भोपाल म.प्र. 462042 सहऋणी/बंधककर्ताः **श्रीमती कर्णिका सक्सेना पत्नि श्री प्रशांत शर्मा** पताः डुप्लेक्स नंबर 85 शिव जानकी वाटिका मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास कोलार भोपाल म.प्र. 462042 | मांग सूचना दिनांक 31.03.2026 वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 23,84,314.58 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 30.03.2026 | बंधक संपत्ति आवासीय प्लॉट संख्या सी-10, 'अभ्युदयम जानकी रेसिडेंसी', ग्राम हिनोटिया आलम, तहसील हुजूर, भोपाल स्थित खसरा नं. 403, 404, 405/1, 407/1, 407/4, 421/1/1, 474, 475, 476, नगर निगम वार्ड संख्या 84, तहसील हुजूर, भोपाल, मध्य प्रदेश। कुल क्षेत्रफल 902.12 वर्गफुट या 83.84 वर्गमीटर प्लाट की चर्तुसीमाएं- पूर्व में- प्लॉट संख्या सी-20, पश्चिम में - सड़क, उत्तर में- प्लॉट संख्या सी-9, दक्षिण में - सड़क **शीर्षक धारक का नामः** श्री प्रशांत शर्मा पुत्र स्व. श्री अमरजीत शर्मा (Pan- BZOPS4269K) श्रीमती कर्णिका सक्सेना पत्नि श्री प्रशांत शर्मा (Pan - MLRPS7728H) |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

स्थान : भोपाल
दिनांक : 16/04/2026

प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| विराट (आरसीबी) | 228 |
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |
| पाटीदार (आरसीबी) | 222 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 10 |
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 10 |
| प्रिंस यादव (लखनऊ) | 09 |



## बाउंड्री मीटर

404 छक्के

718 चौके

49 अर्धशतक



मैच में एक विकेट लेने वाले जोश हेजलवुड को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में 5 की इकॉनमी रेट के साथ 20 रन दिए।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 | 1.503 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| पंजाब | 4 | 3 | 0 | 7 | 0.637 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | - 0.029 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.804 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.772 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 | -1.383 |

### मैच 23: लखनऊ के बल्लेबाजों का खराब फॉर्म जारी, सिर्फ 146 पर सिमटे, आरसीबी 29 गेंद शेष रहते पांच विकेट से जीती

# आरसीबी की बेंगलुरु में लगातार पांचवीं जीत

जेएनएन, बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल के 23वें मैच में बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। सुपर जाएंट्स के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली की 34 गेंद में 49 रन की पारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 149 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े। लखनऊ की ओर से प्रिंस यादव (32 रन पर तीन विकेट) ने तीन, जबकि आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए, लेकिन अपनी टीम को पांच मैच में तीसरी हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से बेंगलुरु की टीम पांच मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। राजस्थान के भी आठ अंक हैं, लेकिन आरसीबी बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी की यह लगातार 5वीं जीत है। यह किसी एक सीजन में घरेलू मैदान पर उनके सबसे सफल प्रदर्शनों में से एक है। रसिख सलाम (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने लखनऊ पारी की अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। क्रुणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लखनऊ की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए।



### लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरूआत में लगा झटका

चिन्नास्वामी के छोटे मैदान पर 147 के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी को दूसरे ओवर में ही झटका लगा, जब फिल सॉल्ट (7), प्रिंस यादव की बैक ऑफ लेंथ गेंद को पुल करने के चक्कर में क्लीन बोल्ड हो गए। लेकिन दूसरे छोर पर खड़े कोहली ने अगले ही ओवर में शमी पर दो चौके लगाकर मोमेंटम को अपनी तरफ कर लिया। प्रिंस के लिए आईपीएल 2026 का यह सीजन अब तक बेहतरीन रहा है और इस मैच में भी उन्होंने विकेट से शुरुआत की थी। लेकिन कोहली ने उनके दूसरे ओवर में चार चौके जड़कर उनके आत्मविश्वास को चकनाचूर कर दिया। कोहली दुर्भाग्यशाली रहें कि वह आवेश की गेंद पर निकोलस पूरन के हाथों लॉन्ग ऑन पर लपके गए और अपने अर्धशतक से सिर्फ एक रन से चूक गए। अंत में कप्तान रजत पाटीदार (27 रन, 13 गेंद) और उपकप्तान जितेश शर्मा (23 रन, 9 गेंद) ने मैच को जल्दी खत्म करने की कोशिश की, लेकिन प्रिंस ने एक ही ओवर में दोनों को आउट कर मैच को थोड़ा लंबा कर दिया। अंत में टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

### लखनऊ के पावरप्ले में सिर्फ 35 रन

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और चौथे ओवर में रसिख की लो फुलटॉस गेंद को ऑन साइड में खेलने के चक्कर में एडन माक्रम अपना लीडिंग एज दे बैठे और कवर पर देवदत्त पडिक्कल ने एक आसान कैच लपका। अगले ओवर में जब रिषभ पंत बल्लेबाजी के लिए आए, तो जोश हेजलवुड की एक गेंद उनकी कोहनी पर सीधी लगी और उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। लखनऊ की टीम पावरप्ले में सिर्फ 35 रन ही बना पाई थी और पावरप्ले के तुरंत बाद हेजलवुड ने निकोलस पूरन को एक स्लोअर शॉर्ट गेंद पर प्लेड ऑन कर दिया। इसके बाद मिशेल मार्श (40) और आयुष बदोनी (38) के बीच अगले चार ओवरों में 36 रनों की साझेदारी हुई, लेकिन जब लग रहा था कि मार्श अपना अर्धशतक पूरा करेंगे, क्रुणाल पंड्या ने एक तेज गेंद करते हुए उनकी गिल्लियां बिखेर दी। अगले ओवर में क्रुणाल ने अब्दुल समद को भी डक पर आउट किया और लखनऊ का स्कोर 83 रन पर चार विकेट हो गया। अंत में मुकुल चौधरी ने जरूर 28 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली, लेकिन लखनऊ का अन्य कोई भी बल्लेबाज रसिख की स्लोअर और भुवनेश्वर की यॉर्कर गेंदों का मुकाबला नहीं कर सके और लखनऊ की टीम 20 ओवरों में सिर्फ 146 रन पर ऑलआउ हो गई।

### स्कोर बोर्ड

**लखनऊ सुपर जाएंट्सः 146/10 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श बो. क्रुणाल | 40 | 32 | 3 | 2 |
| माक्रम का. पडिक्कल बो. रसिख | 12 | 8 | 0 | 1 |
| रिषभ पंत का. साल्ट बो. भुवनेश्वर | 1 | 6 | 0 | 0 |
| निकोलस पूरन बो. हेजलवुड | 1 | 7 | 0 | 0 |
| बदोनी का. जितेश बो. रसिख | 38 | 24 | 4 | 1 |
| समद का. पाटीदार बो. क्रुणाल | 0 | 2 | 0 | 0 |
| मुकुल चौधरी बो. रसिख | 39 | 28 | 3 | 2 |
| लिंडे का. डेविड बो. भुवनेश्वर | 7 | 7 | 0 | 0 |
| शमी बो. भुवेनश्वर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| आवेश खान बो. रसिख | 1 | 2 | 0 | 0 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 0 | 3 | 0 | 0 |

**अतिरिक्तः** 7, **कुलः** 20 ओवर में 146 रन पर सभी आउट, **विकेट पतनः** 1-32, 2-35, 3-71, 4-83, 5-118, 6-124, 7-137, 8-137, 9-145, 10-146, **गेंदबाजीः** भुवनेश्वर 4-0-27-3, जोश हेजलवुड 4-0-20-1, रसिख सलाम 4-0-24-4, क्रुणाल पंड्या 4-0-38-2, सुयश शर्मा 4-0-34-0.

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः 149/5 (15.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| फिल साल्ट बो. प्रिंस | 7 | 8 | 1 | 0 |
| विराट का. पूरन बो. आवेश | 49 | 34 | 6 | 1 |
| पडिक्कल का. हिम्मत बो. आवेश | 10 | 11 | 1 | 0 |
| रजत पाटीदार का. राठी बो. प्रिंस | 27 | 13 | 1 | 3 |
| जितेश शर्मा का. मुकुल बो. प्रिंस | 23 | 9 | 2 | 2 |
| टिम डेविड नाबाद | 14 | 8 | 1 | 1 |
| रोमारियो शेफर्ड | 14 | 8 | 1 | 1 |

**अतिरिक्तः** 5, **कुलः** 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 149 रन, **विकेट पतनः** 1-9, 2-66, 3-86, 4-121, 5-122, **गेंदबाजीः** शमी 3-0-30-0, प्रिंस यादव 3-0-32-3, दिग्वेश राठी 4-0-51-0, आवेश खान 4-0-23-2, जॉर्ज लिंडे 1.1-0-9-0.

## अभिषेक और अक्षर नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, रिषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है।

## सभी फॉर्मेट में खेलना वरदान है, चुनौती नहीं: वाशिंगटन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं, लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं। भारत के लिए 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को करियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट के लिए हर प्रारूप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है। उन्होंने कहा कि तीनों प्रारूप में खेलने का सौभाग्य मुझे मिला और आगे भी मैं अपनी ओर से योगदान देकर भारत के लिए अधिक से अधिक मैच जीतना चाहूंगा। सुंदर ने टी-20 विश्व कप में कुछ ही मैच खेले, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अच्छा योगदान दिया है।

# लगातार चौथी हार से बचने उतरेगा मुंबई, अजेय पंजाब से सामना आज

### मैच आज वानखेड़े स्टेडियम में, पहली जीत के बाद मुंबई ने तीन मैच हारे

जेएनएन, मुंबई

पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके आईपीएल में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था, लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अपने घर में खेलते हुए मुंबई की टीम लगातार तीन हार के बाद जीत के रास्ते पर वापस आना चाहेगी। हालांकि, उनके लिए यह काम आसान नहीं होगा, क्योंकि पंजाब इस सीजन अब तक एक भी मैच नहीं हारी है। उन्होंने तीन मैच जीते हैं और एक बारिश की भेंट चढ़ा है। रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच टक्कर हमेशा कांटे की रही है। 34 मुकाबलों में दोनों टीमें बराबरी पर हैं, जबकि वानखेड़े में भी हिसाब 5-5 का है। 2025 सीजन में पंजाब ने दोनों मैच अपने नाम किए थे।



- बुमराह और अर्शदीप इस सीजन में अब तक लय हासिल नहीं कर पाए हैं। बुमराह ने चार पारियों में एक भी विकेट नहीं लिया है। इससे पहले 2014 में उनके साथ ऐसा हुआ था। वहीं अर्शदीप ने चार पारियों में सिर्फ दो विकेट लिए हैं, उनका इकॉनमी 10.6 और स्ट्राइक रेट 42 है। खास तौर पर पावरप्ले में वह पिछली 10 पारियों में 20 ओवर डालकर भी एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं, जहां उनका इकॉनमी 10.8 रहा है।
- इस सीजन वानखेड़े में अब तक चार बार 200 से ज्यादा के स्कोर बन चुके हैं। केकेआर ने यहां 220/4, मुंबई इंडियंस ने 224/4 और 222/5, जबकि आरसीबी ने 240/4 का स्कोर बनाया है। 200 प्लस स्कोर के मामले में वानखेड़े और चिन्नास्वामी स्टेडियम संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं, दोनों के नाम 4-4 स्कोर हैं। रन रेट के लिहाज से भी वानखेड़े और चिन्नास्वामी (11.4) सबसे आगे हैं।
- पावरप्ले में मुंबई की परेशानी लगातार बनी हुई है, जहां लगातार दूसरे मैच में टीम एक भी विकेट नहीं ले सकी और 71 रन खर्च कर दिए। इस सीजन पावरप्ले में मुंबई ने तीन विकेट लिए

# लगातार चोट से प्रभावित बैडमिंटन खिलाड़ी एक्सेलसन ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई, लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। तीन बार के यूरोपीय चैंपियन एक्सेलसन ने 'बैडमिंटन यूरोप' से कहा कि जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया। उन्होंने कहा कि दर्द के कारण मैं खेल नहीं पा रहा हूं और अभ्यास भी नहीं कर पा रहा हूं। इस कारण मुझे यह बेहद मुश्किल फैसला लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि दर्द कम न होने और डॉक्टरों का खेल जारी



रखने पर एक और सर्जरी की चेतावनी दिए जाने के बाद आखिर में उन्हें अपने शरीर की बात सुननी पड़ी।

- एक्सलसेन 183 सप्ताह तक विश्व में नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं और वह इस मामले में तीसरे स्थान पर काबिज हैं।
- एक्सलसेन अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच अक्टूबर 2025 में डेनमार्क ओपन में खेला था।
- विक्टर ने टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक जीते तथा 2017 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह यूरोपीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली डेनमार्क की छह टीमों का भी हिस्सा रहे।



## न्यूजीलैंड सातवीं बार महिला विश्व कप के लिए क्वालिफाई

**ऑकलैंड, जेएनएन।** न्यूजीलैंड ने ओसियाना महासंघ क्वालिफाइंग सीरीज में बुधवार को पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले साल होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए, लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

# वैशाली ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता, विश्व खिताब के लिए जू वेनजुन को देंगी चुनौती

**पाफोस (साइप्रस), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने बुधवार को अहम मौके पर अपना संयम बनाए रखा और शानदार वापसी करते हुए आखिरी दौर में कैटरीना लेगनो को हराकर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। लंबे समय तक अपने छोटे भाई आर प्राज्ञानानंदा की सफलता के साए में खेलने वाली आर वैशाली को इसके साथ इस साल के आखिर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में चीन की जू वेनजुन का सामना करने का अधिकार मिल गया। वैशाली ने कुल 8.5 अंक हासिल किए और कोनेरू हम्पी के नक्शेकदम पर



चलते हुए ऐसी उपलब्धि हासिल की जो देश में महिला शतरंज के लगातार बढ़ते कद को दर्शाती है। ओपन वर्ग में जावोखिर सिंदारोव ने चीन के वेई यी के साथ बाजी ड्रॉ खेली और 9.5 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश को चुनौती देने का अधिकार हासिल किया। भारत के प्रज्ञानानंदा ने अमेरिकी स्टार हिकारू नाकामुरा के साथ बाजी ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट का समापन किया। अनीश गिरी ने जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम को हराकर सिंदारोव से 1.5 अंक पीछे रहते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। फाबियानो करुआना ने भी आंद्रे इसिपेंको को हराया।

# केकेआर की खराब किस्मत के बीच, फैसलों पर भी सवाल

### नाइट राइडर्स का इस सीजन में लगभग हर दांव उल्टा, पांच में से एक भी मैच नहीं जीती टीम

जेएनएन, कोलकाता

आईपीएल 2026 में चौथे खिताब की तलाश में उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का लगभग हर दांव उल्टा पड़ता दिख रहा है। ऑक्शन टेबल पर तो उन्होंने ऐसी टीम बनाई थी, जिसमें ऊपरी क्रम की आक्रामकता और गेंदबाजी में विविधता साफ झलक रही थी। लेकिन बदकिस्मती से इस सीजन का आगाज होते-होते उनके पास कैप्ड तेज गेंदबाजों के नाम पर सिर्फ ब्लेसिंग मुजराबानी और उमरान मलिक ही बचे रह गए। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मंगलवार के मुकाबले में इस कमजोर कड़ी को जोड़ने का जिम्मा कैमरन ग्रीन को उठाना पड़ा। ग्रीन ने अपने 48 टी-20 मैचों के करियर में महज चार बार ही पूरे चार ओवर फेंके थे। ऊपर से पूरे तीन साल बाद ऐसा हुआ जब किसी टीम ने उन पर भरोसा जताते हुए नई गेंद थमाई हो। ऐसे डगमगाते गेंदबाजी अटैक के साथ टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लेना, किसी के भी गले नहीं उतरा और काफी चौंकाने वाला रहा। सीएसके ने कोई रहम नहीं दिखाया। पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 72 रन बनाया। इसके बाद स्पिनर्स को मदद मिली और रन बनाने की रफ्तार धीमी हुई। बाहरी समस्याएं और अंदर की गलतियां मिलकर इस टीम को मुश्किल हालात में ले आई हैं।

**बल्लेबाज फार्म में नहीं:** टी-20 क्रिकेट में गहराई अच्छी होती है, लेकिन टॉप ऑर्डर इसका अपवाद हो सकता है। क्योंकि जब आपके पास ऐसे खिलाड़ी ज्यादा होते हैं, तो किसी न किसी को अपनी असली जगह से हटकर खेलना पड़ता है। ग्रीन के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ, लेकिन उनकी पांच पारियों में सिर्फ 56 रन हैं। सीएसके के खिलाफ वे नंबर 6 पर उतरे। आईपीएल में वे सात बार इस या उससे नीचे के क्रम पर खेले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 17 है। वहीं जब वे टॉप तीन में खेले हैं, तो लगातार दो अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है।

**कमजोर गेंदबाजी:** केकेआर के पास पांच मैचों में एक भी जीत हासिल नहीं करने के बावजूद शिकायत करने की वजह है। उनकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई है। हर्षित राणा और आकाश दीप चोट के कारण बाहर हैं। मुस्तफिजुर गैर क्रिकेट कारणों से उपलब्ध नहीं रहे। और मतीशा पतिराना अभी तक टीम में शामिल नहीं हो पाए हैं। ऐसे में मैदान पर उतरना भी एक उपलब्धि जैसा लगता है। सीएसके ने सिर्फ नाथन एलिस को खोया था और वे भी अपने शुरुआती तीन मैचों में संघर्ष कर रहे थे। लेकिन केकेआर की बल्लेबाजी और टॉस से जुड़े फैसले हालात को और उलझाते नजर आते हैं।

### कप्तान की रणनीति पर सवाल

केकेआर को पता था कि सीएसके के खिलाफ 192 रन का यह पीछा पूरी तरह पावरप्ले पर निर्भर है। इसलिए उन्होंने सुनील नारायण को ऊपर भेजा। यह फैसला काम आया या नहीं, लेकिन सवाल जरूर खड़े करता है। अजिंक्य रहाणे की सबसे बेहतर जगह ओपनिंग है। लेकिन अगर टीम को पहले छह ओवर में बड़े रन चाहिए और ऐसी स्थिति बनती है, तो कप्तान की रणनीति पर सवाल उठते हैं। मैच से पहले लोकल खिलाड़ी आर अश्विन ब्रॉडकास्ट पर पिच और कंडीशंस के बारे में बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लाल मिट्टी वाली इस पिच पर गेंदबाजों को मदद मिलेगी। दूसरे आंकड़े भी यही संकेत दे रहे थे कि इस सतह पर स्कोर डिफेंड करना आसान रहेगा। जब टॉस केकेआर के पक्ष में गया, तो रहाणे ने ठीक उल्टा फैसला लिया। टॉस को लेकर खिलाड़ी खुलकर ज्यादा बात नहीं करते। उनकी तैयारी का एक हिस्सा यह भी होता है कि वे टॉस हारने के बावजूद मैच जीत सकें। लेकिन जब उन्हें टॉस जीतने का फायदा मिलता है, जैसा कि केकेआर को पांच में से तीन मैचों में मिला, तब भी वे उसे भुना नहीं पाए। पंजाब के खिलाफ, बारिश से प्रभावित मैच में उन्होंने पहले बल्लेबाजी की, जबकि आम तौर पर ऐसे हालात में चेज करना बेहतर माना जाता है। हैदराबाद के खिलाफ, उन्होंने परिस्थितियों को गलत पढ़ा और दूसरी पारी में धीमी होती पिच पर 227 रन का पीछा करना पड़ा। चेन्नई में भी यही हुआ, जहां उनका मिडिल ऑर्डर रहाणे (119.59), रिंकू सिंह (119.77) और अंगकृष रघुवंशी (135.26) का था। 2023 के बाद के आईपीएल आंकड़े बताते हैं कि ये तीनों स्पिन के खिलाफ धीमे रन बनाते हैं। नूर अहम और अकील हुसैन ने इसका पूरा फायदा उठाया और 8 ओवर में 47 रन देकर 4 विकेट लिए। कुल मिलाकर एक बार फिर केकेआर ने विपक्षी टीम के लिए चीजें आसान बना दीं।



# नववर्ष पर शिव साधना



**कोलकाता, जेएनएन।** बुधवार को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हिंदू भक्तों ने पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ बंगाली साल (चैत्र संक्रांति) के अंतिम दिन का जश्न मनाया। यह बंगाली नव वर्ष 'पोइला बैसाख' से ठीक पहले आता है। इस दिन हिंदू भक्त (जिन्हें संन्यासी या भोक्ता कहा जाता है) चैत्र महीने के अंत में महादेव शिव की पूजा करते हैं। यह त्योहार 'गजन' साल के आखिरी दिनों में मनाया जाता है। हावड़ा के विभिन्न क्षेत्रों में, भक्त पारंपरिक पोशाक पहनकर, चरक पूजा के दौरान शिव की भक्ति में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इन समारोहों में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए दोंदी काटा (धरातल पर लेटना) और शिव की भक्ति में रात भर जागना शामिल है। चूंकि बुधवार को पोइला बैसाख (नबो बोरशो) मनाया जा रहा है। हावड़ा में बंगाली समुदाय ने पारंपरिक नए साल का जश्न मनाते हुए पारंपरिक साड़ी-कुर्ता पहने हुए इस दिन का स्वागत किया। हावड़ा और आसपास के क्षेत्रों में गजन/चरक के दौरान, भक्त 'जय शिव' के नारों के साथ पुरानी वर्ष की परेशानियों को मिटाने और नई शुरुआत के लिए पूजा-अर्चना करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी



**चंडीगढ़, जेएनएन।** पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। यह कदम पार्टी के भीतर चल रहे मतभेदों और हाल ही में उन्हें राज्यसभा में पार्टी के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद उठाया गया है। पंजाब पुलिस के जो जवान चड्ढा की सुरक्षा में तैनात थे, उन्हें तुरंत मुख्यालय रिपोर्ट करने को कहा गया है। पंजाब सरकार द्वारा सुरक्षा हटाए जाने के कुछ ही घंटों बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईबी की थ्रेट परसेप्शन रिपोर्ट के आधार पर उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। चड्ढा को दिल्ली, पंजाब में जेड श्रेणी की सुरक्षा मिलेगी, जबकि देश के अन्य हिस्सों में उन्हें वाई प्लस श्रेणी का सुरक्षा घेरा दिया जाएगा। फिलहाल, केंद्र की औपचारिक व्यवस्था होने तक दिल्ली पुलिस को उनकी सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया है। आप के सूत्रों और प्रवक्ताओं ने दावा किया है कि राघव चड्ढा भाजपा के संपर्क में हैं और केंद्र द्वारा दी गई यह सुरक्षा उसी 'सौदेबाजी' का हिस्सा है। पार्टी नेताओं ने सवाल उठाया कि जब चड्ढा आप सांसद हैं, तो केंद्र उन पर इतना मेहरबान क्यों है।

### दिल्ली में मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुधवार की रात सरिता विहार इलाके में एक मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी डकैतों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और बदमाशों के बीच आमना-सामना तब हुआ जब क्राइम ब्रांच की टीम ने उन्हें रोकने की कोशिश की। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। पुलिस ने घेराबंदी कर 6 बांग्लादेशी नागरिकों को दबोच लिया। राहत की बात यह रही कि इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ। आरोपियों के पास से दो देसी पिस्तौल, एक 12-बोर की बंदूक, कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरोह ने मुठभेड़ के दौरान कम से कम तीन राउंड फायरिंग की थी। यह एक अंतरराष्ट्रीय डकैत गिरोह है, जो विशेष रूप से अपराध करने बांग्लादेश से भारत आता था। ये लोग दिल्ली, गोवा, कर्नाटक और उप्र जैसे राज्यों में लूटपाट, डकैती और हत्या जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम देकर वापस भाग जाते थे।

### सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने

**पटना, जेएनएन।** बिहार में बड़े उलटफेर के बाद सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्य के 24वें सीएम के रूप में शपथ ली है। वे भाजपा से बिहार के पहले सीएम बने हैं। सम्राट चौधरी को राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के बाद उन्होंने पूर्व सीएम नीतीश कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इससे पहले एनडीए विधायक दल की बैठक में नीतीश कुमार ने उन्हें माला पहनाकर उनका स्वागत किया था। जेडीयू कोटे से दो वरिष्ठ नेताओं विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। 2025 के विधानसभा चुनावों के बाद बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनी है, जिसमें भाजपा 89 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है।

# अब प्राइवेट विवि कर्मचारियों ने मांगी सैलरी-ओवर टाइम, धरने पर बैठे

**नोएडा, जेएनएन।** ग्रेटर नोएडा के दादरी स्थित शिव नादर यूनिवर्सिटी के सैकड़ों कर्मचारी बुधवार को अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। कर्मचारी वेतन वृद्धि, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान और संडे वर्किंग के लिए अतिरिक्त भत्ते की मांग कर रहे हैं। कर्मचारी दादरी थाना क्षेत्र में यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के बाहर सड़क पर जमा हुए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों और प्रशासन ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों (जिनमें ज्यादातर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं) के साथ बातचीत की और उन्हें सरकार द्वारा हाल ही में घोषित न्यूनतम वेतन वृद्धि के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद दोपहर करीब 11 बजे धरना समाप्त हुआ। यह प्रदर्शन नोएडा और ग्रेटर नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में चल रहे व्यापक वेतन सुधार आंदोलनों का हिस्सा है, जहां कर्मचारी न्यूनतम वेतन को 20,000-26,000 तक बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वर्तमान में यूनिवर्सिटी परिसर के आसपास स्थिति शांतिपूर्ण है, लेकिन पुलिस और प्रशासन अत्यधिक संवेदनशीलता को देखते हुए लगातार गश्त कर रहे हैं।



## मेड्स फिर सड़कों पर सैलरी बढ़ाने को लेकर कई सोसाइटीज के बाहर प्रदर्शन

नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर फैक्ट्री श्रमिकों के बाद अब घरेलू सहायिकाएं (मेड्स) भी सड़कों पर उतर आई हैं। अप्रैल 2026 के मध्य में शुरू हुआ यह विरोध प्रदर्शन शहर की कई प्रमुख आवासीय सोसायटियों के बाहर देखा जा रहा है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि उन्हें एक घर से केवल 2,500 से 3,000 मिलते हैं, जो मौजूदा महंगाई के दौर में नाकाफी है। विरोध प्रदर्शन मुख्य रूप से सेक्टर 121 (क्लीओ काउंटी सोसाइटी) और सेक्टर 136 के आसपास केंद्रित है। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान सेक्टर 121 में पुलिस पर पथराव और हंगामा भी हुआ। स्थिति को संभालने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मेड्स के विरोध के कारण कई सोसायटियों में दूसरे दिन भी कामकाज ठप रहा, जिससे निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**सैलरी में 21 फीसदी अंतरिम बढ़ोतरी का ऐलान**

उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के व्यापक विरोध के बाद न्यूनतम मजदूरी में करीब 21 फीसदी की अंतरिम बढ़ोतरी का ऐलान किया है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। हालांकि, घरेलू सहायिकाओं का आंदोलन अभी भी जारी है, क्योंकि वे स्पष्ट सेवा शर्तों और बेहतर वेतन की मांग कर रही हैं।

स्मृति ईरानी ने लॉन्च किया मातृशक्ति भरोसा कार्ड

# प. बंगाल में भाजपा महिलाओं को हर महीने देगी तीन हजार

**कोलकाता, जेएनएन।** भाजपा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने 'भरोसा पत्र' (घोषणा-पत्र) में महिलाओं को हर महीने 3,000 की वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। वरिष्ठ भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने बुधवार को कोलकाता में 'मातृशक्ति भरोसा कार्ड' लॉन्च किया। इस कार्ड का उद्देश्य महिलाओं को सीधे नकद हस्तांतरण के माध्यम से सशक्त बनाना है। भाजपा ने राज्य सरकार की सभी नौकरियों, जिसमें पुलिस बल भी शामिल है, में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की गर्भवती महिलाओं को 21,000 की सहायता और 6 पोषण किट दी जाएंगी। राज्य सरकार द्वारा संचालित



बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। राज्य की 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह वादा टीएमसी की मौजूदा 'लक्ष्मी भंडार' योजना के जवाब में देखा जा रहा है। राज्य में दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने टीएमसी पर साधा निशाना

# बाढ़ राहत के 100 करोड़ खा गए ममता के गुंडे: शाह

**जलपाईगुड़ी।** बुधवार को प.बंगाल के जलपाईगुड़ी में चुनावी जनसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के मुद्दों पर सरकार को घेरते हुए कई बड़े वादे किए। शाह ने आरोप लगाया कि ममता के नेतृत्व में जलपाईगुड़ी में 'सिंडिकेट राज' चल रहा है, जहां व्यापारियों से 'कट मनी' ली जाती है। उन्होंने दावा किया कि बाढ़ राहत के 100 करोड़ रुपए 'ममता के गुंडे' खा गए। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ईवीएम पर कमल का निशान चुनें और 23 अप्रैल को ममता बनर्जी का हिसाब करें। उन्होंने कहा कि चुनाव के



बाद भाजपा इन गुंडों को 'उल्टा लटकाकर सीधा करने' का काम करेगी। शाह ने गोरखा समस्या के लिए एक 'संवैधानिक समाधान' निकालने व राजबंशी भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का वादा किया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार आने पर चाय बागान श्रमिकों का वेतन 2.5 साल में 500 रुपए से अधिक बढ़ा दिया जाएगा। उन्होंने जलपेश मंदिर की सुविधाओं के लिए 50 करोड़ खर्च करने और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज 'झूठे मामलों' को वापस लेने का आश्वासन दिया। शाह ने भाजपा की जीत का आह्वान करते हुए कहा, ममता को सत्ता से बेदखल करने की प्रक्रिया यहीं से शुरू होनी चाहिए।

# परिसीमन बिल के खिलाफ वोट करेगा विपक्ष

## महिला आरक्षण, लोकसभा में सीटें बढ़ाने पर विपक्ष की बैठक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** महिला आरक्षण विधेयक और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर विपक्षी गठबंधन ने केंद्र सरकार के प्रस्ताव का कड़ा विरोध करने का फैसला किया है। विपक्ष ने चेतावनी दी है कि वे संसद के दोनों सदनों में परिसीमन विधेयक के खिलाफ मतदान करेंगे। बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेता शामिल हुए।

विपक्षी दलों ने स्पष्ट किया है कि वे महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे परिसीमन से जोड़ने के सरकार के तरीके का विरोध करते हैं। खरगे और राहुल गांधी ने आरोप लगाया



कि सरकार महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़कर इसमें देरी कर रही है और इसे राजनीतिक लाभ के लिए 'हथियार' की तरह इस्तेमाल कर रही है। विपक्ष की मांग है कि 33 फीसदी आरक्षण को मौजूदा 543 सीटों पर ही 2029 के चुनावों से लागू किया जाए, न कि सीटों के बढ़ने का इंतजार किया जाए?

**संसद में प्रस्तावित विधेयक:** सरकार 16 से 18 अप्रैल के विशेष सत्र के दौरान तीन प्रमुख विधेयक पेश करने जा रही है। पहला, 131वां संविधान संशोधन विधेयक, 2026: यह महिला आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए है? दूसरा परिसीमन विधेयक (संशोधन): लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान है। तीसरा केंद्रशासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक: दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी में कोटा लागू करने के लिए है। सरकार ने लोकसभा की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है।

# अमरावती: मुख्य आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

**अमरावती, जेएनएन।** अमरावती जिले के परतवाड़ा इलाके में सामने आए सनसनीखेज यौन शोषण मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर बुलडोजर चला दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए 46 सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में मुख्य आरोपी तनवीर समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी तनवीर (19) को 11 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था, जब उसके साथ जुड़े अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की। आरोपी के मोबाइल फोन में मौजूद डेटा की जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस गिरोह के तार किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े हैं।

**यौन शोषण मामला: 180 नाबालिग लड़कियों के शोषण का आरोप**

MADHUR CARGO
Packers & Movers
A Unit of Shree Madhur Transport Co.
Contact : 9713068681
OUR SERVICES
HOUSE HOLD SERVICE
LOADING/UNLOADING
MOVING & SHIFTING
PACKING SERVICE
OFFICE SHIFTING
TRANSPORTATION PAN INDIA
24/7 Hours Service
SAFE & ECONOMICAL MOVING SERVICE
B-34, Madhur Plaza Near Gurudwara Transport Nagar Kokta, Bhopal PIN-462028

सबरीमाला विवाद: मंदिर बोर्ड ने कहा- मंदिर रेस्टोरेंट नहीं

# आस्था को गलत ठहराना मुश्किल: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अहम सुनवाई हुई। मंदिर का प्रबंधन संभालने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड ने अदालत में कहा कि 'यह कोई रेस्टोरेंट या सार्वजनिक स्थल नहीं, बल्कि आजीवन ब्रह्मचारी माने जाने वाले भगवान अयप्पा का मंदिर है।' जस्टिस बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी की कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म की मूल संरचना को समाप्त नहीं किया जा सकता। वहीं, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत के लिए यह तय करना सबसे कठिन होता है कि करोड़ों लोगों की आस्था सही है या गलत। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताते हुए हटा दिया था।

**मंदिर प्रबंधन की दलील**

टीडीबी की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं का प्रवेश मंदिर की परंपरा और देवता के स्वरूप के विपरीत है। देश में भगवान अयप्पा के 1000 मंदिर हैं, लेकिन यह एकमात्र मंदिर है जहां ब्रह्मचारी रूप है। महिलाएं अन्य मंदिरों में दर्शन कर सकती हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी:** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को 'गलत' ठहराना बेहद कठिन है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सामाजिक सुधार के नाम पर किसी धर्म को 'खोखला' नहीं किया जा सकता।

**केंद्र का पक्ष:** केंद्र सरकार ने भी अदालत में कहा कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं जहां पुरुषों के प्रवेश पर रोक है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

पीएम ने की लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील

# पानी बचाएं, प्राकृतिक खेती करें: प्रधानमंत्री

**बेंगलुरु, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक के मांड्या जिले में श्री गुरु भैरवैक्य मंदिर का



उद्घाटन किया। यह मंदिर वोक्कालिगा समुदाय के 71वें पीठाधीश्वर डॉ. बालगंगाधरनाथ महास्वामीजी की स्मृति में बनाया गया है। मोदी ने 'विकसित कर्नाटक और विकसित भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों से 9 विशेष संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम में पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी उपस्थित थे, जहां पीएम ने 'सौंदर्य लहरी और शिव महिम्न स्तोत्रम' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया।

## पीएम मोदी ने सुझाए ये 9 संकल्प

- **जल संरक्षण:** हर बूंद बचाने, जल प्रबंधन का संकल्प।
- **वृक्षारोपण:** 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पेड़ लगाना।
- **प्राकृतिक खेती:** रसायन मुक्त प्राकृतिक, जैविक खेती।
- **स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा:** 'वोकल फॉर लोकल' के माध्यम से स्थानीय उत्पादों का उपयोग करना।
- **स्वच्छता:** सार्वजनिक, धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना।
- **घरेलू पर्यटन:** विदेश जाने से पहले अपने देश के कम से कम 25 पर्यटन स्थलों का भ्रमण करना।
- **स्वस्थ जीवनशैली:** योग, खेल, फिटनेस जीवन का हिस्सा।
- **मोटा अनाज (श्री अन्न):** रागी जैसे पौष्टिक मोटे अनाजों और पारंपरिक भोजन को अपनी डाइट में शामिल करना।
- **तेल की खपत कम करना:** मोटापा, स्वास्थ्य समस्याओं से बचने भोजन में तेल का उपयोग 10 फीसदी तक कम।

मिसाइल बनाने की तकनीक दी, अमेरिका ने बैन लगाया तो छुपकर मदद पहुंचाई

# चीन ने बिना हथियार बेचे ईरान को बना दिया मजबूत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीन ने ईरान को सीधे हथियार बेचने के बजाय 'दोहरे उपयोग वाली तकनीक' और रणनीतिक साझेदारी के जरिए मजबूत किया है। चीन ने ईरान को सीधे मिसाइलें देने के बजाय उन्हें बनाने के लिए आवश्यक सामग्री जैसे रॉकेट ईंधन, सॉलिड रॉकेट मोटर्स, और ड्रोन के लिए छोटे इंजन और इलेक्ट्रॉनिक्स की आपूर्ति की है। रिपोर्टों के अनुसार, चीन ने ईरान को अपने बीईआईडीओयू नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम तक पहुंच दी है। इससे ईरानी



मिसाइलों और ड्रोनों की मारक क्षमता पश्चिमी जीपीएस के बिना भी बेहद सटीक हो गई है। चीन ने ईरान को जाइरोस्कोप, एक्सेलेरोमीटर, सिंथेटिक एपेर्चर रडार जैसे उच्च-तकनीकी उपकरण दिए हैं, जो मिसाइल गाइडेंस और निगरानी के लिए महत्वपूर्ण हैं। अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए चीन अक्सर सीधे शिपमेंट के बजाय हॉन्गकॉन्ग या अन्य तीसरे देशों के माध्यम से सामान भेजता है। चीन-ईरान व्यापार में शामिल कई बैंक और फ्रंट कंपनियां 'शैडो फ्लीट' के जरिए तेल का लेन-देन और पैसे की हेराफेरी करती हैं, जिससे हथियारों के लिए फंडिंग और सामग्री की आवाजाही ट्रैक करना मुश्किल हो जाता है।

दैनिक जागरण वर्गीकृत

जागरण क्लासीफाइड
डबल धमाका
हमारा वादा, कम में ज्यादा
एक के साथ एक फ्री स्कीम
रनिंग क्लासीफाइड के साथ
भोपाल संस्करण ₹300/-
संपूर्ण म.प्र. संस्करण ₹500/-
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें 9826065324
डिस्प्ले क्लासीफाइड ₹50/- per sqcm.
Email : advtbhopaljagran@gmail.com

अण्डा
BHOPAL EGG RATE 540/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

सलाह
पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

## स्लॉट बुक न होने से परेशान किसान धरने पर बैठे

**जागरण, झाबुआ।** जिले के पेटलावद मंडी प्रांगण में बड़ी संख्या में किसान भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के बैनर तले धरने पर बैठ गए हैं। गेहूं उपार्जन के लिए पंजीकृत किसानों के स्लॉट बुक न होने से वे परेशान हैं। किसानों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी समस्याओं के ठोस समाधान की मांग की। धरने की सूचना मिलते ही तहसीलदार अनिल बघेल और टीआई निर्भयसिंह भूरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## ताप्ती नदी में सैकड़ों मछलियों की मौत

**जागरण, बुरहानपुर।** ताप्ती नदी के राजघाट पर बुधवार सुबह सैकड़ों छोटी-बड़ी मछलियां मृत पाई गई हैं। प्रतिदिन मछलियों को दाना डालने आने वाले लोगों ने उन्हें पानी में तैरते देखा। प्रारंभिक तौर पर अत्यधिक गर्मी और नदी में बढ़ती गंदगी को इनकी मौत का कारण माना जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद नगर निगम आयुक्त ने मामले की जांच के निर्देश देते हुए अपनी टीम को मौके पर भेज दिया है।

### "ट्वीट ऑफ द डे"



**वॉशिंगटन सुंदर**
भारतीय क्रिकेटर

भारतीय क्रिकेट के लिए हर फॉर्मेट में खेलना बहुत बड़ा वरदान है। हम सब जानते हैं कि भारतीय टीम किस तरह का क्रिकेट खेलती है। मुझे तीनों फॉर्मेट में खेलने का मौका मिला है और आगे भी मैं अपनी तरफ से योगदान देकर भारत के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहूंगा।

# गर्मी बढ़ी, आज 15 जिलों में लू के आसार, नौगांव में पारा 42.4 डिग्री

### गर्मी से हुए बेहाल: एक दिन पहले शहडोल के गिरवर में 43 डिग्री पहुंचा तापमान

**नगर संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में गर्मी के तेवर हर दिन तेज हो रहे हैं। मौसम केंद्र भोपाल ने आगामी दिनों के लिए चेतावनी जारी कर दी है। इसके अनुसार गुरुवार को प्रदेश के 15 जिलों में लू चलने की संभावना है। इन जिलों में रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार मुख्य रूप से शामिल हैं। लू के साथ साथ दिन के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। बुधवार को मप्र में सबसे ज्यादा तापमान छतरपुर जिले के नौगांव में रहा, यहां दिन का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार को शहडोल के गिरवर में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम तापमान अभी 2 से 4 डिग्री और बढ़ेगा। इसलिए तेज गर्मी की प्रबल संभावना है।

### 25 शहरों में 40 डिग्री पारा

गर्मी बढ़ने का मुख्य कारण दिन के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी है। बुधवार को पहली बार प्रदेश के 25 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। इंदौर और ग्वालियर में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इधर बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में गर्मी के कारण स्कूलों का समय बदला गया है।

प्रदेश में छतरपुर का नौगांव सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। खजुराहो में 42.2 डिग्री, रतलाम में 42 डिग्री, नर्मदापुरम में 41.8 डिग्री, सतना में 41.7 डिग्री, मंडला में 41.6 डिग्री, सीधी में 41.2 डिग्री, शाजापुर में 41.1 डिग्री, टीकमगढ़, धार, खरगोन-रीवा में 41 डिग्री, उमरिया-दतिया में 40.8 डिग्री, श्योपुर, दमोह-रायसेन में 40.4 डिग्री, गुना में 40.3 डिग्री, छिंदवाड़ा, मलाजखंड-बैतूल में 40.2 डिग्री, खंडवा में 40.1 डिग्री और सागर में पारा 40 डिग्री रहा। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में 40 डिग्री, ग्वालियर में 40.2 डिग्री, भोपाल में 39.5 डिग्री, उज्जैन में 39.7 डिग्री और जबलपुर में तापमान 39.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

**दिन और रात के तापमान में लगातार बढ़ोतरी**



**इन जिलों में अलर्ट** रतलाम, झाबुला, धार, बड़वानी, अलीराजपुर, खंडवा, खरगौन, बुरहानपुर, हरदा, होशंगाबाद, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट।

# अप्रैल के दूसरे हफ्ते में बढ़ा पारा उत्तर में ठंड-बारिश का अलर्ट

### बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री महाराष्ट्र-तेलंगाना में लू की चेतावनी केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी

**नई दिल्ली/जयपुर/लखनऊ, जेएनएन।** अप्रैल के दूसरे हफ्ते में पारा लगातार बढ़ रहा है। राजस्थान में मंगलवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चला गया। उत्तर प्रदेश के बांदा में अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गुजरात, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में ज्यादातर शहरों में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। मौसम विभाग ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और कर्नाटक में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। अगले दो सप्ताह में तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इधर उत्तराखंड में मौसम ठंडा है। यहां केदारनाथ और बद्रीनाथ में बर्फबारी हुई है। जम्मू-कश्मीर और असम समेत कई राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**आज और कल के मौसम का मिजाज:** 16 अप्रैल-असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश के साथ 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हल्की बर्फबारी की संभावना है। पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी हल्की बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में लू चलने की शुरुआत होगी। तेलंगाना और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में तापमान बढ़ेगा। 17 अप्रैल-पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में हल्की से बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में बर्फबारी के साथ ओले गिरने की संभावना है।

# दिनदहाड़े बाइक सवारों ने गोली मारकर की व्यापारी की हत्या

### बैरसिया की घटना: सड़क पर गोली के निशान के साथ मिला शव, फैली सनसनी हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

**जागरण, भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक किराना व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस के अनुसार 42 वर्षीय हनीफ पिता मोहम्मद शफीक निवासी वार्ड नंबर-7 बैरसिया में रहते थे। इस्लामपुरा इलाके में वह किराने की दुकान चलाता था। उसका शव शमशाबाद रोड स्थित एक ढाबे के पास मिला। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि उनके सीने में गोली मारी गई, जो आर-पार हो गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से उसकी मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।

### रिश्तेदार के घर जा रहा था व्यापारी

परिजनों के मुताबिक हनीफ बुधवार शाम करीब 4.30 बजे रिश्तेदार के घर शमशाबाद जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने उस पर फायरिंग कर दी। एक ही गोली चली, जो सीधे सीने में लगी। उनकी किसी से विवाद या पुरानी दुश्मनी नहीं थी। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार हमलावर बाइक पर सवार होकर अचानक आए और हनीफ को गोली मारकर तुरंत फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास के लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। सूचना मिलते ही बैरसिया पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड ने घटनास्थल से सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।

# लारेंस का गुर्गा बनकर बिल्डर से मांगे 5 करोड़, बेटे को उड़ाने की धमकी दी

### इंदौर क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज कर जांच की शुरू

**जागरण, इंदौर।** कुख्यात गैंगस्टर लारेंस विश्वनोई के नाम पर फिर एक बिल्डर को धमकी मिली है। मामला शहर के पॉश इलाके रेसकोर्स रोड के एक बड़े बिल्डर से जुड़ा है। खुद को हैरी बॉक्सर बताने वाले शख्स ने बिल्डर से लारेंस विश्वनोई गैंग के नाम पर 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। नहीं देने पर आरोपी ने बिल्डर के बेटे की सटीक लोकेशन होने और उसे गोली मारने की धमकी दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम ब्रांच थाने में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अब वॉइस मैसेज और कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।



वही पुलिस ने बिल्डर विवेक दम्मानी को सुरक्षा मुहैया कराई है और पूरे मामले की जांच तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, बिल्डर विवेक दम्मानी के ऑफिस के नंबर पर एक वॉट्सएप कॉल आया। कॉल ऑफिस की महिला स्टाफ ने रिसीव किया। फोन करने वाले ने कहा- विवेक दम्मानी को बोल देना 5 करोड़ दे दे, वरना बेटे को कहीं भी गोली मरवा दूंगा। यह भी कहा कि पुलिस के पास जाने से कुछ नहीं होगा और पैसे लेकर ही पीछा छोड़ा जाएगा। आरोपी ने दावा किया कि उसके पास बिल्डर और उनके बेटे की हर पल की लोकेशन है। पहले स्टाफ ने इसे मजाक समझा, लेकिन जब उसी नंबर से धमकी भरा वॉइस मैसेज आया तो पूरे ऑफिस में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्टाफ ने तुरंत बिल्डर को जानकारी दी।

### लॉरेंस गैंग का करीबी गुर्गा है हैरी बॉक्सर

मामले की सूचना क्राइम ब्रांच को दी गई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई, जिस हैरी बॉक्सर का नाम लिया गया है, उसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी गुर्गा माना जाता है। पुलिस अब उस नंबर और वॉइस मैसेज के आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही है। शहर में करीब एक महीने पहले तुकोगंज के बिल्डर संजय जैन को भी ऐसी ही धमकी मिली थी, उस मामले में पुलिस ने अशोक नगर से मनीष नाम के एक युवक को पकड़ा था, लेकिन मुख्य सरगना तक हाथ नहीं पहुंच पाए थे। प्रदेश में लॉरेंस के नाम से फिरौती मांगने के पांच से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।

## सरकार ने कर्मचारियों को 5 फीसदी डीए का आदेश किया जारी

**विशेष संबाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने छठा वेतनमान पा रहे करीब 40 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने इनके महंगाई भत्ते (डीए) में 5 फीसदी बढ़ोतरी कर दी है। वित्त विभाग ने बुधवार को इसके आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि छठे वेतनमान के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों को अब तक मिल रहे 252 प्रतिशत डीए को बढ़ाकर 257 प्रतिशत कर दिया गया है। यह नई दरें 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी मानी जाएंगी। बढ़ा हुए डीए का लाभ और भुगतान प्रक्रिया चरणों में तय की जाएगी कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते का वास्तविक लाभ 1 अप्रैल, 2026 (भुगतान माह मई, 2026) से मिलना शुरू होगा। जबकि एरियर का भुगतान 1 जुलाई, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि में 6 समान किस्तों में किया जाएगा। यह किस्तें क्रमशः मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर 2026 के महीनों में दी जाएंगी।

राज्य शासन ने उन कर्मचारियों का भी ध्यान रखा है जो बकाया अवधि (जुलाई 2025 से मार्च 2026) के दौरान सेवानिवृत्त हो गए हैं या जिनका निधन हो गया है। ऐसे मामलों में, उनके या उनके नामांकित सदस्यों को एरियर की पूरी राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा।

## सिवनी में थाने से बांटे गये एलपीजी सिलेंडर




**जागरण, सिवनी।** जिले के कान्हीवाड़ा में रसोई गैस की किल्लत के चलते बुधवार को पुलिस थाने से सिलेंडर बांटे गए। एचपी गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से आपूर्ति बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ रहा था। विवाद और हंगामे की स्थिति को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मौजूदगी में गैस बांटी गई। बुधवार को कान्हीवाड़ा स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडरों की कमी के कारण उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही थीं। भीड़ के बेकाबू होने और विवाद की आशंका के चलते प्रशासन ने गैस वितरण का स्थान बदल दिया। दोपहर करीब दो बजे गैस का ट्रक सीधे थाने पहुंचाया गया, जहां पुलिसकर्मियों की देखरेख में उपभोक्ताओं को क्रमवार सिलेंडर दिये गये।

# एसबीआई मैनेजर सहित अन्य को 3-3 वर्ष के कारावास की सजा

### सीबीआई कोर्ट का फैसला: 11 लाख 20 हजार का जुर्माना भी लगाया

**जागरण, जबलपुर।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रूपेश कुमार गुप्ता की अदालत ने एसबीआइ मैनेजर सहित अन्य को तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही कुल 11 लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। दरअसल, सीबीआई द्वारा वर्ष 2011 में एफआइआर दर्ज कर विवेचना की गई थी। फरवरी, 2010 से मई, 2010 के अंतराल में भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर केएस राउत, विजय कुमार मालवीय, फील्ड आफिसर के द्वारा आशीष सिंघई, योगेंद्र, मणि सिंघई, प्रियंका, संतोष सिंघई व विष्णु बहादुर सिंह के साथ मिलकर आपराधिक षडयंत्र किया गया व एक करोड़ 22 लाख का गबन किया गया। मामले में विवेचना के बाद सीबीआई द्वारा तत्कालीन बैंक मैनेजर केएस राउत, विजय कुमार मालवीय फील्ड आफिसर तेंदूखेड़ा व अन्य नौ के विरुद्ध सीबीआई द्वारा सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट फाइल की गई थी। विवेचना में यह पाया गया था कि दाल मिल संचालक सिंघई परिवार द्वारा वेयरहाउस में बिना दाल रखे प्रबंधक के साथ मिलकर फर्जी रसीद जारी कराई गई। जिसके आधार पर सिंघाई परिवार द्वारा एसबीआई से लोन लिया गया। सिंघाई परिवार द्वारा फर्जी रसीद के आधार पर एसबीआई से जो लोन लिया गया था। उसका भुक्तान नहीं किया गया था। वेयर हाउस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया तब बाहरी लेयर में चने की दाल और अंदर लेयर में भूसी व डस्ट रखी हुई थी। कोर्ट ने सभी आरोपितों को उनकी फर्मों सहित दोषी पाते हुए सभी को विभिन्न धाराओं में तीन-तीन वर्ष के कारावास व कुल 11 लाख 20 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। लोक अभियोजक संजय कुमार उपाध्याय ने सीबीआई का पक्ष रखा।

## ईरान के समर्थन में नारे लगाने वालों को जमानत

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजकुमार चौबे की एकलपीठ ने ईरान का समर्थन करते हुए धार्मिक नारेबाजी करने के आरोपित रायसेन निवासी वसीम खान व यूसुफ महफूज की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। आवेदकों के विरुद्ध रायसेन जिले के कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। अभियोजन के अनुसार इंस्टाग्राम में अपलोड की गई रील में याचिकाकर्ता दूसरों के साथ कह रहे थे कि ईरान का साथ देने जा रहे हैं। इसके अलावा अल्ला-हु-अकबर, हिंदुस्तान का मुसलमान न कल डरा था, न हम आज डरेंगे के नारे लगा रहे है। आवेदकों की ओर से तर्क दिया गया कि वे बेगुनाह हैं। उन्हें एक खास विचारधारा को मानने वाले शिकायतकर्ता की शिकायत पर फंसाया गया है। आवेदक विगत आठ मार्च से न्यायिक अभिरक्षा में हैं। राच्य शासन की ओर से जमानत का विरोध करते हुए कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक मटेरियल अपलोड किया है।

# एक ही जमीन दो बैंकों में गिरवी रख हड़पे 42 करोड़ रुपए, एक्सेल व्हीकल्स के खिलाफ चार्जशीट पेश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में भोपाल की एक्सेल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों पर शिकंजा कस दिया है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 42 करोड़ की इस हेरोफेरी को लेकर विगत 13 अप्रैल कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ भोपाल की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में ईडी ने अब तक बड़ी कार्रवाई करते हुए कंपनी के संचालकों, मंजू गर्ग और ऋषभ गर्ग की 12.62 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं।

जब्त की गई संपत्तियों में भोपाल की कोलार तहसील स्थित खेती की जमीन और एक कीमती कमर्शियल प्लॉट शामिल है। ईडी ने इस मामले की छानबीन सीबीआई की एसीबी यूनिट द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जहां सीबीआई ने इस घोटाले में दिसंबर 2022 में इंदौर के स्पेशल कोर्ट में चालान पेश कर दिया था, वहीं ईडी बैंक लोन घोटाले के साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से भी जांच कर रही थी।




**एक ही प्रॉपर्टी को दो बैंकों में रखा था गिरवी:** ईडी की जांच में जालसाजी का एक अनोखा तरीका सामने आया था। एक्सेल व्हीकल्स ने टाटा मोटर्स की डीलरशिप के नाम पर बैंक ऑफ इंडिया से 42 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधा ली थी। कर्ज के बदले कंपनी ने बैंक के पास वह संपत्ति गिरवी रख दी, जिसे वे पहले ही कोटक महिंद्रा बैंक के पास बंधक रख चुके थे। बैंक ऑफ इंडिया से इस सच को पूरी तरह छिपाया गया और कर्ज की राशि को व्यापार में लगाने के बजाय अपनी ही सहयोगी कंपनियों के खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। इस मामले में 6 नवंबर 2024 को ईडी ने संचालकों के ठिकानों पर छापे मारकर 1.10 करोड़ रुपये नकद और भारी मात्रा में सोने के आभूषण बरामद हुए थे। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट के नोटिस के बाद इस फर्म के संचालक अदालत में हाजिर हुए और उन्हें मामले से जुड़े दस्तावेजों की कॉपी दे दी गई है।







मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।